दैनिक
# नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — सीएए एनपीआर एवं एनआरसी के विरोध...
4 अभिव्यक्ति — चिंता का विषय है दिल्ली की हिंसा...
9 मनोरंजन/खेल — अनलॉक द हॉन्टेड ऐप में काम करेंगी अदिति...
11 व्यापार

www.navpradesh.com
रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-09 पृष्ठ-22 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

### आज बेबाक

आजम भाई एमबीबीएस सीखचों के पीछे पहुंच गया। मतलब मियां, बीबी, बच्चे सहित कुछ दिनों तक जेल की हवा खाएंगे। यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान खुद को सुपर सीएम समझने वाले पगले आजम पर जमीन हथियाने, फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार करने तक अनेक गंभीर आरोप हैं। जुबान से जहर उगलने के लिए भी वो कुख्यात हैं। अब उसके गुनाहों का हिसाब हो रहा है और कानून का शिकंजा कसते जा रहा है तो पंचर सायकल वालों को तकलीफ हो रही है। सपा इसे बदले की कार्यवाही बताकर चोर का साथी गिरहकट वाली कहावत को ही चरितार्थ कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर में भी जांच

# पूर्व सीएस, महापौर, अफसर और शराब कारोबारी के ठिकानों पर छापे

- राजधानी के 12 स्थानों समेत भिलाई, बिलासपुर में करअपवंचन जांच
- भिलाई में आबकारी विभाग के ओएसडी त्रिपाठी के आवास पर भी छापा
- संयुक्त कार्रवाई में 100 आईटी स्टाफ व 200 सीआरपीएफ जवान तैनात

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह से छत्तीसगढ़ में बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम देना शुरू किया। टीम ने रायपुर में महापौर एजाज ढेबर के कई ठिकानों समेत वरिष्ठ अफसरों व कारोबारियों के ठिकानों पर भी दबिश दी। राजधानी में करीब दर्जनभर से ज्यादा ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इसके अलावा भिलाई में एक जगह छापा पड़ा है। बिलासपुर और दुर्ग में भी कार्रवाई की खबर है।

रायपुर में महापौर एजाज ढेबर के आवास व अन्य ठिकानों के अलावा अलावा पूर्व सीएस विवेक ढांड, आईएएस अनिल टुटेजा, उनकी पत्नी मिनाक्षी टुटेजा, शराब कारोबारी पप्पू भाटिया, कारोबारी गुरुचरण सिंह होरा, डॉ. ए फरिश्ता व सीए कमलेश जैन के आवास व ठिकानों पर दबिश दी गई है। ढांड व अनिल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

*कुछ टैक्स इवेशन से जुड़े मामले होते हैं, जिनको लेकर कार्रवाई की जाती है। फिलहाल कार्रवाई चल रही है, इसलिए अभी इस मामले में कुछ भी कहना उचित नहीं है। हो सकता है कुछ जगह पर शुक्रवार को भी कार्रवाई जारी रहे।*

**सुरभी अहलुवालिया,** *अधिकृत प्रवक्ता, सीबीडीटी, नई दिल्ली (नव प्रदेश से बातचीत में कहा)*

### तीन दिन से ज्यादा चल सकती है पड़ताल

सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की यह कार्रवाई करीब तीन दिन तक चल सकती है। यह अनुमान इसलिए भी लगाया जा रहा है क्योंकि जिस गोपनीय तरीके से छत्तीसगढ़ के बाहर की टीम कार्रवाई को अंजाम दे रही है उसमें विभाग कोई व्यवधान नहीं चाहेगा। सूत्र बताते हैं कि यदि कार्रवाई को ब्रेक दे दिया गया तो दोबार इसे इसी ढंग से अंजाम दे पाना आसान नहीं होगा। अफसरों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई को जारी रखा जा सकता है।

### रायपुर में इनके आवास व ठिकानों पर पड़े छापे

- महापौर एजाज ढेबर
- पूर्व सीएस व रेरा चेयरमैन विवेक ढांड
- आईएएस अनिल टुटेजा
- अनिल टुटेजा की पत्नी मिनाक्षी टुटेजा
- शराब कारोबारी पप्पू भाटिया
- केबल कारोबारी व यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह होरा
- फरिश्ता अस्पताल के संचालक डॉ. ए. फरिश्ता
- नामचीन लोगों के सीए कमलेश जैन

### स्थानीय पुलिस को रखा दूर, बाद में ली मदद

आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह से बेहद गोपनीय तरीके से इस कार्रवाई को अंजाम देना शुरू किया। स्थानीय पुलिस को इसकी जरा भी खबर नहीं दी गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के लिहाज से सीआरपीएफ के 200 से ज्यादा जवानों का सहयोग लिया गया। सीआरपीएफ के जवान पहरा देते रहे और आयकर विभाग के अफसर कार्रवाई में जुटे रहे। हालांकि महापौर एजाज ढेबर के बंगले की जा रही कार्रवाई के दौरान उनके समर्थकों के पहुंच जाने पर स्थानीय पुलिस की मदद ली गई।

### टीम में रायपुर से सिर्फ एक अफसर

जानकारी के अनुसार रायपुर-भिलाई में हुई कार्रवाई के लिए दिल्ली, इंदौर, भोपाल व जबलपुर से इन्वेस्टिगेशन विंग के अफसरों को शामिल किया गया। रायपुर के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर को भी इसमें शामिल गया। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ से आयकर विभाग के अन्य किसी स्टाफ को शामिल नहीं किया गया। करीब 100 से ज्यादा अफसरों की टीम कार्रवाई को अंजाम दे रही है। टीम को दिल्ली के अफसर ही लीड कर रहे हैं।

### भिलाई में आबकारी विभाग के ओएसडी अरुण पति त्रिपाठी के घर छापा

आयकर विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में की जा रही छापेमारी की कार्रवाई के अंतर्गत भिलाई में भी छापा मारा गया। यहां सेक्टर 9 स्थित अरुण पति त्रिपाठी के आवास पर छापा मारा गया है। अरुण पति त्रिपाठी आबकारी विभाग के ओएसडी हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपाठी के आवास पर करीब आधा दर्जन अधिकारियों ने कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### ऐसा था बंगलों का नजारा

रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के बंगले में जब आयकर विभाग की टीम कार्रवाई कर रही थी तो उनके बंगले के मेन गेट पर ताला लगा दिया गया था, ताकि कोई आ-जा न सके। बंगला परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ था। कमाबेश यही आलम उन अन्य शख्सियतों के बंगलों का भी था, जहां आयकर विभाग की टीम कार्रवाई कर रही थी।

### खास खबर

### रायगढ़ में कोयला चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**रायगढ़/नवप्रदेश।** रायगढ़ जिला पुलिस ने जामपाली कोयला खदान से बड़ी मात्रा में कोयला चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) की जामपाली कोयला खदान से हाल के दिनों में बड़ी मात्रा में कोयला चोरी के मामले में कल असिस्टेंट मैनेजर सुमांता कुमार सहित 4 को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों में योगेश कुमार सिंह, ईश्वर प्रसाद साहू और यशवंत कुमार शामिल हैं। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों ने खदान से बड़ी मात्रा में कोयला चोरी किया है।

### उ.-पूर्वी दिल्ली हिंसा मामले में केंद्र सरकार बनी पक्षकार, सुनवाई 13 अप्रैल को

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा मामले में गुरुवार को दिल्ली सरकार, पुलिस और अन्य को नोटिस जारी कर रिपोर्ट तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायाधीश सी हरि शंकर की खंड पीठ के समक्ष इस मामले पर हुई सुनवाई के दौरान सालिस्टर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस समय प्राथमिकी दर्ज करना ठीक नहीं रहेगा। श्री मेहता ने कहा कि पुलिस ने भड़काऊ भाषण मामले में फिलहाल किसी के खिलाफप्राथमिकी दर्ज नहीं करने का फैसला किया है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पुलिस को भड़काऊ भाषण देने के लिए भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा और कपिल मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

### बजट सत्र- चौथे दिन कानून व्यवस्था और पुलिस के रवैये पर पूरा सदन गुस्से से हुआ लाल

# सदन में गूंजा सामूहिक दुष्कर्म मामला, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को चौथे दिन भी सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच कार्यशैली को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। ध्यानाकर्षण में दो बेहद गंभीर सवाल सदन में उठाए गए। जिसमें सदन के पूरे सदस्यों को सबसे ज्यादा व्यथित करने वाला मामला कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह ने उठाया। मामला बलरामपुर जिले के टांगरमहरी में गरीब मजदूर परिवार की 12 साल की नाबालिग बालिका के अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और अपराध के दौरान व बाद में पुलिस की कार्यशैली को लेकर उठा। ध्यानाकर्षण का पहले ही संयुक्त विपक्ष ने मुद्दा उठाया था। जिसपर वे स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा चाहते थे। प्रदेश की कानून व्यवस्था और लगातार हत्या, दुष्कर्म, अपहरण के अलावा पुलिस के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### सीएम भूपेश ने किया निलंबन का ऐलान

जब सदन में बहस व माहौल गरम था उस वक्त मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। उन्हें जब पूरा मामला समझ आया तो सदन के सदस्यों की सहमति व मामले की नजाकत को देखते हुए सीएम बघेल तत्काल खड़े हुए और मामले में दोषी पुलिस के जांच अफसर-कर्मियों को निलंबित करने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी बेटी, मां और महिलाओं के साथ ऐसा जघन्य अपराध माफ नहीं किया जाएगा। कार्रवाई व जांच में लापरवाही के साथ ही जनप्रतिनिधियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### निलंबन की गाज इन पर गिरी

उमेश बघेल, अखिलेश सिंह, केपी सिंह, जोहान, सुधीर, अजय और शशि तिर्की तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं।

# जज मुरलीधर के ट्रांसफर पर गरमाई राजनीति

- नेताओं के भड़काऊ बयानों को लेकर दिल्ली पुलिस को लगाई थी फटकार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली हिंसा को लेकर हुई सुनवाई के दौरान पुलिस और सॉलिसिटर जनरल से तीखे सवाल करने वाले जस्टिस मुरलीधर का ट्रांसफर अब राजनीतिक रूप ले चुका है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर आक्रामक हो गया है।

कांग्रेस इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार से तीन सवाल पूछे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरजेवाला ने कहा, 'मोदी और अमित शाह जी तीन सवाल देश आपसे पूछता है- क्या सरकार को डर था कि भाजपा नेताओं की स्वतंत्र जांच हो जाएगी तो दिल्ली के आतंक, हिंसा और 'षड्यंत्र' का पर्दाफाश हो जाएगा। न्याय को रोकने के लिए आप और कितने जज का ट्रांसफर करेंगे। आपके पास अपने नेताओं के बचाव का कोई और तरीका नहीं था जिसकी वजह से आपने जज ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### जस्टिस मुरलीधर सहित तीन न्यायाधीशों के तबादले की अधिसूचना जारी

केंद्र सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एस मुरलीधर सहित तीन न्यायाधीशों के तबादले की अधिसूचना जारी कर दी है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से बुधवार देर रात इस बाबत अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संविधान के अनुच्छेद 222 के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए भारत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बहादुर जज लोया को याद करता हूं : राहुल

राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा

दिल्ली में हुई हिंसा परेशान करनेवाली है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन हिंसा को किसी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता। मैं दिल्लीवालों से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## 32 विदेशियों समेत वुहान से भारत लाए गए 112 लोग

- इनमें 76 भारतीय नागरिक

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कोरोना वायरस के प्रकोप का सामना कर रहे चीन के वुहान शहर से 36 विदेशी 76 भारतीयों समेत समेत 112 यात्रियों को लेकर वायु सेना का विमा गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचा।

सरकार ने अभूतपूर्व विभीषिका से जूझ रहे चीन के लोगों की सहायता के लिए 15 टन चिकित्सा एवं राहत सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना के विमान सी-17 को बुधवार देर शाम को वुहान भेजा था और यह विमान आज कुल 112 यात्रियों को लेकर दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पहुंचा।

### पीएम ने की थी मदद की पेशकेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ फरवरी को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पत्र लिख कर कोरोना वायरस की विभीषिका से निपटने के प्रयासों में एकजुटता व्यक्त की थी और चीन की जरूरतों के अनुसार भारत की ओर से हरसंभव सहायता की पेशकश की थी।

## यूएससीआईआरएफ की टिप्पणी तथ्यात्मक तौर पर गलत : रवीश

**नई दिल्ली(वार्ता)।** विदेश मंत्रालय ने दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाकों में फैली हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की तरफ से जतायी गयी चिंता को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि आयोग की टिप्पणी तथ्यात्मक तौर पर गलत और भ्रामक हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाकों में फैली हिंसा को लेकर की जा रही टिप्पणियों के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा, ÷मैंने यूएससीआईआरएफ मीडिया के कुछ वर्गों और कुछ अन्य लोगों द्वारा की गयी टिप्पणियों को देखा है। ये टिप्पणियां तथ्यात्मक तौर पर पूरी तरह गलत और गुमराह करने वाली हैं और मुद्दे का राजनीतिकरण करने के मकसद से की गयी हैं।

### गरमा-गरम

### दहली दिल्ली — ताहिर के विडियो पर घिरी आप, केजरीवाल बोले- दोषी हैं तो डबल सजा दो

# दंगाइयों के साथ हाथ में डंडा लिए दिखा ताहिर हुसैन

**नई दिल्ली ए.।** दिल्ली के चांदबाग इलाके से हिंसा के विडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद ताहिर हुसैन के दिखने के बाद से केजरीवाल सरकार पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। सुबह में तो पार्टी ताहिर का बचाव करती दिख रही थी लेकिन शाम होते-होते सीएम अरविंद केजरीवाल ने साफ कह दिया कि अगर हिंसा में उनकी पार्टी का कोई भी नजर आया है तो उसपर डबल कार्रवाई होनी चाहिए। आपको बता दें कि ताहिर के घर की छत से जांच के दौरान पेट्रोल बम, पत्थर और गुलेल बरामद हुए हैं। हालांकि, ताहिर ने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा है कि कुछ लोग जबरन उसके छत पर चढ़ गए थे और उन्होंने पुलिस को मदद के लिए बुलाया था। बुधवार रात सोशल मीडिया एक विडियो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मेरी पार्टी का दोषी, तो दें दोगुनी सजा

सीएम केजरीवाल ने दिल्ली हिंसा पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने ताहिर के संबंध में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा अगर कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए। अगर आम आदमी पार्टी का कोई दोषी पाया जाता है तो उसे दोगुनी सजा दी जाए।

### कपिल मुझे फंसा रहा...

ताहिर हुसैन ने दंगे में किसी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है। उसने कहा, ' मैं बिल्कुल निर्दोष हूं। घर की छत पर जो पेट्रोल बरामद हुआ है उसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। तलाशी के वक्त वहां कुछ नहीं था। जब हिंसा हो रही थी तब मैंने 6 बार 100 नंबर पर फोन किया, बहुत देर तक फोन नहीं उठा। मैंने संजय सिंह से भी मदद मांगी थी। दंगा भड़काने वाले अंकित शर्मा की हत्या के जिम्मेदार हैं, मुझे फंसाया जा रहा है।

### राष्ट्रपति से मिलीं सोनिया शाह को हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली हिंसा मामले पर अब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास पहुंची हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा और गृह मंत्री अमित शाह को हटाने की मांग की। सोनिया ने कहा कि हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया। सोनिया ने आगे कहा कि उम्मीद है कि राष्ट्रपति इसपर जरूरी कदम उठाएंगे। सोनिया गांधी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। उन्होंने दिल्ली हिंसा को केंद्र सरकार की बड़ी नाकामी बताया है।

# दिल्ली हिंसा | खौफ के कारण रातभर लोग कर रहे खुद की रक्षा

- जहां हिंसा हुई है, वहां तो लोग परेशान हैं ही, आसपास के इलाकों में भी तनाव
- चांदबाग, खजूरी, मौजपुर और कर्दमपुरी जैसे इलाकों में खानेपीने की चीजें महंगी

**नई दिल्ली (ए.)।** कभी सोचा नहीं था कि देश की राजधानी में ऐसे हालात बन जाएंगे, सिर्फ 1984 के बारे में सुना ही था लेकिन लगता है कि तब मंजर इससे खराब नहीं रहा होगा। ऐसा कहना है 27 साल के राहुल का जो बाबरपुर रोड पर कपड़े की एक दुकान चलाते हैं। उन्हीं के बगल में कपड़े के एक शोरूम में दो दिन पहले तोड़फोड़ की गई और काफी सामान को आग लगा दी गई।

### शोरूम में तोड़फोड़ के बाद लगाई आग

राहुल ने बताया कि जब उन्हें शोरूम में आग की जानकारी मिली तो वह भागते हुए दुकान पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि भीड़ ने कुछ नारे लगाए और शोरूम को तोड़ने लगे। सामान को बाहर निकालते रहे और फिर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि यह शोरूम करीब साल भर पहले ही खोला गया था।

### डर में हैं लोग

उत्तर पूर्वी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से चल रही हिंसा पर फिलहाल रोक तो लगी दिख रही है लेकिन लोग दहशत के माहौल में जी रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित चांदबाग, भजनपुरा, गोकुलपुरी, मौजपुर, कर्दमपुरी और जाफराबाद जैसे इलाके हैं। हिंसा में अपनी जान गंवाने वालों का आंकड़ा 35 पहुंच गया है जबकि 200 से ज्यादा लोग अब भी घायल हैं और अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।

### रात में जाग रहे लोग

जहां हिंसा हुई है, वहां तो लोग परेशान हैं ही, साथ ही आसपास के इलाकों में तनाव का सा माहौल बना हुआ है। इतना ही नहीं, रात को लोग जाग रहे हैं और अपने-अपने घरों के बाहर लाठी-डंडे लेकर बैठे रहते हैं। गोरख पार्क की गली नंबर-3 और गली नंबर-1 में बुधवार रात को लोग उस समय अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए जब कुछ लोगों का एक झुंड 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, करीब 25-30 साल की उम्र के लोगों के इस झुंड ने 'जागते रहो' का शोर भी मचाया।

## तीन दिन पहले परीक्षा देने गई आठवीं कक्षा की छात्रा आज तक नहीं लौटी घर

**नई दिल्ली(ए.)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा के बीच खजूरी खास इलाके में तीन दिन पहले परीक्षा देने के लिए स्कूल गई 13 वर्षीय लड़की लापता है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि आठवीं कक्षा की छात्रा सोनिया विहार में अपने माता-पिता के साथ रहती है और वह सोमवार को सुबह अपने घर से करीब 4.5 किलोमीटर दूर अपने स्कूल गई थी, लेकिन तब से लौटी नहीं।

रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करने वाले उसके पिता ने कहा, 'मुझे शाम 5 बजकर 20 मिनट पर उसे स्कूल से लेने जाना था। लेकिन मैं हमारे इलाके में चल रही हिंसा में फंस गया। तब से मेरी बेटी लापता है।'

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 'गुमशुदगी' की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और लड़की की तलाश चल रही है। मौजपुर के विजय पार्क निवासी एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि दो दिन से शिव विहार के एक घर में फंसे उनके परिवार के सदस्यों से मंगलवार रात से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

70 वर्ष की आयु के आसपास के मोहम्मद सबीर ने कहा, 'मेरा मदीना मस्जिद के पास शिव विहार में भी एक मकान है। मेरे दो बच्चे वहां रहते हैं, दो यहां विजय पार्क में मेरे साथ रहते हैं। इलाके में हिंसा के कारण मेरा उनसे संपर्क नहीं हो सका और गत रात से उनसे कोई संपर्क नहीं है।' उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, 'उन्होंने कल मुझे घर को भीड़ द्वारा घेरे जाने के बारे में बताया था और वे भाग निकले, लेकिन मुझे मालूम नहीं है कि अब वे कहां हैं। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण है और पुलिस से मेरी अपील है कि कृपया हमारी मदद कीजिए।'

## खुद जल गए लेकिन प्रेमकांत ने मुस्लिम पड़ोसी को बचा लिया

**नई दिल्ली(ए.)।** प्रेमकांत बघेल ने अपने मुस्लिम पड़ोसी का जलता हुआ घर देखा और पड़ोसियों को बचाने चले गए। जान की बाजी लगा दी। प्रेमकांत ने बताया कि शिव विहार में हिंदू-मुस्लिम एक साथ बहुत सौहार्द के साथ रहते हैं। लेकिन दंगे के बाद स्थिति बहुत खराब हो गई है। पेट्रोल बम से लोगों के घर जलाए जा रहे थे। इसी बीच उनके एक मुस्लिम पड़ोसी के घर में दंगाइयों ने आग लगा दी। सूचना मिलते ही वह घर में फंसे हुए लोगों को निकालने पहुंच गए। वह परिवार के छह लोगों को निकाल चुके थे और आग बढ़ती जा रही थी। उनके दोस्त की बुजुर्ग मां अभी भी घर में फंसी थीं। उन्हें बचाने के दौरान आग में झुलस गए। प्रेमकांत ने बताया कि भले वह जल गए, लेकिन उन्होंने अपने दोस्त की मां को बचाने में सफल रहे, इसकी खुशी है।

## अलीगढ़ में इंटरनेट रात 12 बजे तक बैन

**अलीगढ़।** राजधानी दिल्ली में नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के खिलाफ हो रही हिंसा की आंच उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में भी महसूस की जा रही है। हालात को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश में जिला प्रशासन ने गुरुवार रात तक के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं ताकि किसी तरह की अफवाह को फैलने से रोका जा सके।

**गुरुवार रात 12 बजे तक बंद इंटरनेट:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से इस बात की जानकारी जिला मैजिस्ट्रेट को दी गई थी कि कुछ असमाजिक तत्व विडियो, फोटो के जरिए सोशल मीडिया पर अफवाहें फैला सकते हैं। आम लोगों और धर्मों के बीच अफवाहें फैलाने की साजिश की जा सकती है। इसके चलते कानून-व्यवस्था को नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके मद्देनजर जिला मैजिस्ट्रेट ने शहर में दंड प्रक्रिया संहिता 144(5) के तहत इंटरनेट सेवाएं बंद करने का ऐलान किया है।

## दिल्ली हिंसा पर बोले हरियाणा के मंत्री रंजीत चौटाला, दंगे होते रहे हैं, पार्ट ऑफ लाइफ है

**चंडीगढ़(ए.)।** दिल्ली हिंसा पर हरियाणा सरकार में मंत्री और निर्दलीय विधायक रंजीत चौटाला ने गुरुवार को बेहद विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने कहा कि दंगे होते रहे हैं, पहले भी होते रहे हैं, ऐसा नहीं है। चौटाला ने कहा कि जब इंदिरा गांधी की हत्या हुई तो पूरी दिल्ली जलती रही। यह तो जीवन का हिस्सा है, जो होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मुस्तैदी से अपना काम कर रही है।

चौटाला ने कहा, 'दंगे होते रहे हैं, पहले भी होते रहे हैं, ऐसा नहीं है। जब इंदिरा गांधी की हत्या हुई तो पूरी दिल्ली जलती रही। यह तो पार्ट ऑफ लाइफ है, जो होते रहे हैं। सरकार मुस्तैदी से नियंत्रण कर रही है। कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसमें इतना इसलिए हुआ क्योंकि यह दिल्ली का मामला है।' रंजीत चौटाला के इस बयान के बाद अब राजनीति गरमा सकती है। चौटाला हरियाणा के एकमात्र निर्दलीय विधायक हैं।

## 'मोटापे' के कारण छोड़ दिया था मंगेतर ने, बनी 'मिस ग्रेट ब्रिटेन'

**ब्रिटेन(वार्ता)।** 'कुछ वर्षों पहले, अगर कोई मुझसे कहता कि मैं 'मिस ग्रेट ब्रिटन' बनूंगी, तो मैं कभी यकीन नहीं करती!' यह कहना है 26 वर्षीय जेन एटिक का, जिन्होंने बीते 2 वर्षों में 100 पाउंड ( करीब 46 किलो) वजन घटाया है। उन्होंने यह फैसला तब किया था, जब उनके एक्स मंगेतर ने उन्हें 'मोटापे' की वजह से छोड़ दिया था। इसके बाद जेन ने डाइट को कंट्रोल किया और जिम को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया है। उन्होंने खूब मेहनत की और आज वह 'मिस ग्रेट ब्रिटेन 2020' हैं। जेन कहती हैं, 'कुछ वर्षों पहले की और मेरी आज कि जिंदगी में दिन-रात का अंतर है।

## होली पर नहीं होगी टिकट की दिक्कत, रेलवे चलाएगा 26 स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** अगर आप होली पर घर जाने की सोच रहे हैं और आपको टिकट नहीं मिल रहा तो यह आपके लिए अच्छी खबर है। त्योहारी भीड़ से निपटने के लिए मध्य रेलवे 26 अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाने जा रहा है। ये ट्रेनें मुंबई और पुणे से उत्तर भारत के लिए चलेंगी। ये ट्रेनें 5 मार्च से चलना शुरू होंगी और 15 मार्च तक चलेंगी। इन ट्रेनों के लिए बुकिंग 29 फरवरी को शुरू होगी। मध्य रेलवे ने बताया कि चार साप्ताहिक विशेष ट्रेनें लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पटना, एलटीटी-वाराणसी, एलटीटी-मऊ और पुणे-दानापुर रास्ते पर चलेंगी। 10 अतिरिक्त ट्रेनें पुणे और बालहारशाह के बीच चलेंगी। इन ट्रेनों में एक सेकंड एसी, पांच एसी थर्ड क्लास, 8 स्लीपर और 6 जनरल सेकंड क्लास की बोगियां लगाई गई हैं।

## फ्लॉरिडा में 50 साल बाद दिखा सतरंगी सांप, आसानी से नहीं आते हाथ

**फ्लॉरिडा(वार्ता)।** सांप...नाम सुनते ही सामने काले रंग और फन फैलाई तस्वीर आ जाती है। लेकिन इन दिनों फ्लॉरिडा में सतरंगी सांप मिलने से लोग उत्साहित हैं। सतरंगी सांप पृथ्वी पर वजूद में तो पहले से हैं, लेकिन अमेरिका के फ्लॉरिडा राज्य के एक क्षेत्र में ये 50 साल बाद देखा गया है। यह रंग-बिरंगा सांप फ्लॉरिडा के जंगलों में पिछले हफ्ते मिला है। इसका मिलना खास इसलिए है क्योंकि पिछले 50 सालों में ऐसा सांप पहली बार उस इलाके में देखा गया है। जंगलों में ट्रैकिंग पर निकलीं ट्रेसी को यह सांप दिखा था।

## महिला के साथ आपत्तिजनक अवस्था में मिला शख्स, गांव वालों ने नंगा करके घुमाया

**आगरा(ए.)।** पश्चिम यूपी के आगरा जिले में एक शख्स को एक विवाहित महिला के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पाए जाने के बाद ग्रामीणों ने नंगा करके गांव में घुमाया। बताया जा रहा है कि शादीशुदा शख्स को गांव की ही एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया था। इसके बाद गांव के लोगों ने पहले उसकी पिटाई की और फिर नंगा करके गांव में घुमाया। पूरी घटना के बाद महिला के परिवार ने उक्त शख्स पर रेप का केस भी दर्ज कराया। सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए शख्स का दो बार विवाह हो चुका है। वह गांव में अपनी दो पत्नियों और तीन बच्चों के साथ रहता है। मंगलवार को गांव की ही एक विवाहित महिला के साथ उसे यहां आपत्तिजनक अवस्था में देखा गया था। इस महिला के देवर ने ही दोनों को एक साथ पकड़ा और फिर अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई की।

**नई पहल** | सर्वसम्मति से जेडीयू, आरजेडी और अन्य दलों के सदस्यों ने पास कराया प्रस्ताव

# बिहार में जातिगत जनगणना को मिलेगी मंजूरी

- 2021 में कराई जाएगी जाति आधारित जनगणना, चुनावी साल में किया गया फैसला
- सीएम नीतीश कुमार की जेडीयू समेत तमाम अन्य पार्टियां लंबे वक्त से कर रही थीं मांग

**पटना(वार्ता)।** बिहार में साल 2021 में होने वाली जनगणना से पहले एक बड़ा फैसला किया गया है। राज्य विधानसभा में गुरुवार को एक प्रस्ताव पास करते हुए सरकार ने 2021 में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है। पूर्व में तमाम विपक्षी दल इस तरह की मांग उठाते रहे हैं। वहीं खुद सत्तारुढ़ जेडीयू भी प्रदेश में जातीय आधार पर जनगणना कराने की वकालत करती रही है।

2015 के चुनाव के दौरान भी जेडीयू ने प्रदेश में जाति आधारित जनगणना का विषय उठाया था। इसके बाद सीएम नीतीश के सत्ता में आने पर आरजेडी और कुछ अन्य पार्टियों ने इसकी वकालत की थी। चुनावी समय में भी सरकारों पर निशाना साधने के लिए विपक्षी दल इस मुद्दे का पुरजोर इस्तेमाल करते रहे हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो 1931 के बाद से जातीय आधार पर कोई भी जनगणना नहीं कराई गई है। यूपी और बिहार में जातीय आधारित जनगणना की मांग लंबे वक्त से होती रही है। यूपी में सूबे के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी यह कह चुके हैं कि हर जाति को उसकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देना चाहिए।

### चुनावी साल में सीएम का फैसला

ऐसे में 2021 की जनगणना से पहले बिहार सरकार के इस प्रस्ताव को एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकार नीतीश कुमार के इस फैसले को इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वोटरों को लुभाने के एक हथकंडे के रूप में देखते रहे हैं। चूंकि बिहार की राजनीति में पिछड़ी जातियों का प्रभाव काफी अधिक है, ऐसे में यह माना जा रहा है कि जातिगत जनगणना के फैसले को लेकर नीतीश ने इस वोटबैंक में अपनी पैठ को और प्रभावी बनाने का प्रयास किया है।

## 48 देश, 2,802 मौतें, 82,059 संक्रमित...

# वैश्विक महामारी बना कोरोना किलर वायरस

*48 देश, 2,802 मौतें, 82,059 संक्रमित...वैश्विक महामारी बना कोरोना किलर वायरसचीन के वुहान शहर से शुरू हुआ कोरोना वायरस अब वैश्विक महामारी का रूप ले चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भले ही अभी तक इस किलर वायरस को महामारी नहीं घोषित किया है लेकिन हालात बेहद खराब होते जा रहे हैं। आलम यह है कि भारत के दौरे के बाद अमेरिका पहुंचे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे पहले कोरोना को लेकर आपात बैठक की है। इस वायरस की पहुंच अब दुनिया के 7 में से 6 महाद्वीपों तक हो गई है और अब तक 2802 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। आइए जानते हैं कि किस तरह कोरोना के कहर से पूरी दुनिया के देश जूझ रहे हैं...*

### चीन में हालात कुछ सुधरे, मरने वालों की संख्या 2,744

चीन में महामारी बन चुके कोरोना वायरस से बुधवार को 29 और लोगों की मौत से इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,744 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि 29 जनवरी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब इस विषाणु से एक दिन में इतने कम लोग मारे गए हैं। इससे पहले 29 जनवरी को कोरोना वायरस के कारण 26 लोग मारे गए थे। आयोग ने बताया कि बुधवार को इसके 433 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 24 के अलावा सभी हुबेई प्रांत में सामने आए हैं, जिसकी राजधानी वुहान से पिछले साल दिसम्बर से यह वायरस फैलना शुरू हुआ था। देश में अभी इसके कुल 78,500 मामले हैं। इसके नए मामलों में पिछले कुछ सप्ताह से हालांकि गिरावट आ रही है।

### सऊदी अरब में उमरा पर रोक, ईरान में 19 लोगों की मौत

वैश्विक प्रतिबंधों की मार झेल रहे ईरान की कोरोना वायरस ने कमर तोड़ दी है। ईरान में कोरोना से 139 लोग संक्रमित हैं और 19 लोगों की मौत हो गई है। यही नहीं कोरोना की चपेट में अब ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री भी आ गए हैं। उन्हें कोरोना संक्रमित पाया गया है। ईरानी स्वास्थ्य मंत्री के मीडिया सलाहकार अलीरजा वहाबजादेह ने एक ट्वीट में कहा, 'उप स्वास्थ्य मंत्री इराज हरीची की कोरोना वायरस जांच पॉजिटिव पाई गई है।' हरीची को अक्सर खांसी रहती थी और सोमवार को सरकारी प्रवक्ता अली रबी के साथ संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्हें पसीना भी आता हुआ दिखाई दिया था। हरीची ने सम्मेलन में एक सांसद के इस दावे को खारिज किया था कि शिया तीर्थ शहर कोम में वायरस से 50 लोग मारे गए हैं।

### दक्षिण कोरिया में बिगड़े हालात, निशाने पर रहस्यमयी चर्च

चीन के बाद इस किलर वायरस की चपेट में सबसे ज्यादा लोग दक्षिण कोरिया के हैं। दक्षिण कोरिया में कोरोना के 1595 मामलों की पुष्टि हुई है और 13 लोग अब तक इस वायरस से अपनी जान गंवा चुके हैं। दक्षिण कोरिया में तेजी से बिगड़ते हालात के बीच सबके निशाने पर वहां का एक रहस्यमयी चर्च आ गया है। दक्षिण कोरिया के कुल कोरोना संक्रमण के मामलों में करीब 50 फीसदी विवादास्पद चर्च शिंचेओंजी के हैं। दक्षिण कोरिया सरकार अब इस रहस्यमयी चर्च के फॉलोवरों को ढूढ़ रही है। इसी चर्च से सबसे ज्यादा कोरोना का वायरस फैला है।

### अमेरिका में 59 मामले, ट्रंप बोले, डरने की जरूरत नहीं

कोरोना वायरस का प्रसार अब दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका में भी तेजी से हो रहा है। अमेरिका में अब तक 59 लोगों को कोरोना से संक्रमित पाया गया है। इस बीच भारत दौरे से लौटे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि चीनी यात्रियों पर रोक लगाने जैसे सरकार के कदमों की वजह से अमेरिकी लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा 'बहुत कम' है। उन्होंने कहा कि हमारे इस कदम की कई लोगों ने आलोचना की थी लेकिन अब इसका फायदा दिख रहा है। हमारे प्रशासन ने अमेरिकी संसद से 2.5 अरब डॉलर की मांग की है ।

### कोरोना का अड्डा बना लग्जरी क्रूज डायमंड प्रिंसेज

जापान के तट पर खड़ा क्रूज शिप डायमंड प्रिंसेज कोरोना का एक तरह से अड्डा बन गया है। इस शिप पर सवार 3,711 लोगों में से 691 लोग किलर वायरस से संक्रमित हो गए हैं जबकि 4 लोगों की मौत हो गई है। इस बीच डायमंड प्रिंसेज में फंसे 119 भारतीयों को एयरलिफ्ट कर लिया गया है। एयर इंडिया की एक स्पेशल फ्लाइट से इन भारतीयों और 5 विदेशी नागरिकों को गुरुवार सुबह दिल्ली लाया गया। ये 5 विदेशी श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और पेरू के हैं। भारत ने इन लोगों को एयरलिफ्ट करने में मदद के लिए जापान को शुक्रिया कहा है।

### पाकिस्तान में भी पहुंचा कोरोना, दो मामलों की पुष्टि

इस बीच पाकिस्तान में पहली बार नोवल कोरोना वायरस के दो मामलों की पुष्टि हुई है, लेकिन इमरान सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि 'इससे घबराने की जरूरत नहीं है।' समाचार पत्र डॉन ने स्वास्थ्य पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक जफर मिर्जा के बुधवार शाम के ट्वीट के हवाले से बताया, 'मैं पाकिस्तान में कोरोनावायरस के पहले दो मामलों की पुष्टि करता हूं। दोनों मामलों को क्लिनिकल मानक प्रोटोकॉल के तहत देखा जा रहा है और दोनों की हालत स्थिर है।' उन्होंने कहा, 'घबराने की कोई जरूरत नहीं है, चीजें नियंत्रण में हैं।'

### यूरोप में इटली बना किलर कोरोना का ठिकाना

यूरोप महाद्वीप में इटली कोरोना वायरस का ठिकाना बनता जा रहा है। इटली में अब तक कोरोना से संक्रमित होने वालों का आंकड़ा 400 पार कर चुका है जबकि 12 लोगों की इससे मौत हो गई है। इस तरह से चीन, जापान और कोरिया के बाद इटली में अब कोरोना के सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज हैं। कोरोना की रोकथाम के लिए नॉर्दर्न इटली के सभी हिस्सों से अब तक 50,000 लोगों को 11 शहरों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। स्थानीय लोगों को पब्लिक इवेंट में जाने से बैन कर दिया गया है।

### 48 देशों में बढ़ रही कोरोना की दहशत

कोरोना की मार से दुनिया के अब पांच महाद्वीप के 50 देश प्रभावित हैं। सिंगापुर में 93, थाईलैंड में 40, ताइवान 32, बहरीन 26, कुवैत, आस्ट्रेलिया 23, मलेशिया 22, फ्रांस 18, जर्मनी 18, भारत तीन, ब्राजील 1, मिस्र 1, जार्जिया 1 समेत दुनिया के 48 देशों के 82,059 लोग इस वायरस से प्रभावित हैं। भारत में इस वायरस का प्रभाव बेहद कम है लेकिन जिन देशों में कोरोना का प्रसार बढ़ रहा है, वहां पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं। इससे भारत सरकार की भी टेंशन बढ़ती जा रही है। संक्रमण और मौतों का आंकड़ा हर पल बदलता जा रहा है।

न्यूज गैलरी

### किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का किया प्रयास

**रायपुर।** जबरन खेत में ले जाकर किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का कोशिश करने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद निवासी महिला 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को नवागांव छापर खेत में प्रार्थियां की बेटी 12 वर्ष को जितेंद्र यादव 28 वर्ष पिता ईश्वर यादव निवासी नवागांव मंदिर हसौद ने जबरन खेत में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 376 के तहत अपराध कायम कर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

### दो फोन और नगदी चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर।** स्कूटी के पायदान पर बैग में रखे एक नग मोबाइल फोन व तीन हजार रुपये नगदी चोरी होने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार सदर बाजार कोतवाली निवासी श्रीमती रेखा दस्तानी 41 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को श्याम खाटू मंदिर के पास समता कालोनी में प्रार्थियां की खड़ी स्कूटी के पायदान के पास रखे एक नग पर्स जिसमें वन प्लस वन मोबाइल फोन व नगदी 3 हजार रुपये रखा हुआ था। किसी ने पर्स को चोरी कर लिया। इसी तरह तेलीबांधा थाना क्षेत्र से किंग्स क्लब हाईस्टील लांच व्हीआईपी रोड तेलीबांधा में तनु बघेल 24 वर्ष जन्मदिन की पार्टी मनाने होटल गई हुई थी किसी ने सोफा के उपर रखा वन प्लस वन मोबाइल फोन कीमत 15 हजार रुपये को चोरी कर लिया।

### पार्किंग में खड़ी बाइक पार, मामला दर्ज

**रायपुर।** पार्किंग में खड़ी हीरो होंडा मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहीद वीर नारायण काम्प्लेक्स पार्किंग में खड़ी हीरोहोंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीएस 7666 को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट भगतसिंह चौक टिकरापारा निवासी मिथलेश देवांगन 23 वर्ष पिता जनकराम देवांगन ने थाने में दर्ज करायी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायपुर।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि आठ बजे के आसपास ग्राम चंडी रोड गैस गोदाम के पास अभनपुर में रामकुमार यादव 45 वर्ष पिता विश्राम यादव निवासी जामगांव कुरुद धमतरी एवं ओंकार साहू को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते घटनास्थल पर ही रामकुमार यादव की मौत हो गई व ओंकार साहू घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी हैं।

# सीएए, एनपीआर एवं एनआरसी को लेकर छग सर्व आदिवासी समाज नाराज, किया प्रदर्शन

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू किया गया नागरिकता संशोधन अधिनियम तथा राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर सीएए एनपीआर और एनआरसी के विरोध में सर्व आदिवासी समाज की 21 शाखाओं के सदस्यों ने आज इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में जंगी रैली निकालकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। उक्त जानकारी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बीएस नेताम एवं सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक भारत सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि 1947,1965 एवं 1971 के भारत पाक युद्ध में शरणार्थियों को बस्तर में बसाया गया। जिसके चलते आदिवासियों के अधिकारों का हनन हुआ। भारत में आबादी वैसे ही कॉफी है और लोगों को विदेश से लाकर आदिवासी क्षेत्रों में शरणार्थियों को बसाकर भाजपा सरकार वहां के लोगों के लिए रोजी रोटी का संकट पैदा कर रही है। जिसका हर हॉल में आदिवासी समाज हर स्तर पर कड़ा विरोध करेगा। नेताम एवं सिंह ने बताया कि जिस तरह बिल को लागू करने के लिए देश भर में अशांति का माहौल पैदा हो गया है वह भी संविधान की मूल भावना के विपरीत है।

## राजनीतिक दलों के धरना प्रदर्शन के चलते आवाजाही प्रभावित

### स्कूली व सीबीएसई की परीक्षाएं जारी, विद्यार्थी हुए परेशान

आये दिन राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर यातायात जाम कर लोगों की आवाजाही प्रभावित की जाती है जिसके चलते कामकाजी लोगों सहित विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधानसभा चौराहे के पास बुधवार को ट्रैफिक जाम के कारण सीबीएसई की परीक्षा होने के कारण अनेक विद्यार्थी ट्रैफिक जाम के चलते परेशान हुए। ज्ञातव्य है कि अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट नईदिल्ली द्वारा मुख्य सड़कों पर आवाजाही प्रभावित कर धरना देने वालों के खिलाफ सख्त टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार सहित राज्य सरकारों को भी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इसके विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा चौराहें पर ही लगा जाम पुलिस विभाग की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगाता है। उक्त टिप्पणी पैरेंट्स एसोसिएशन की सदस्य सुमिरनजीत कौर ने करते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री से लगातार सड़कों पर धरना प्रदर्शन कर जाम करने वाले राजनीतिक दलों एवं प्रदर्शनकारियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## जोड़ प्रत्यारोपण के मरीजों को नई जिंदगी दे रहा रामकृष्ण अस्पताल

**रायपुर (नवप्रदेश)।** रामकृष्ठ केयर अस्तपाल जोड़ प्रत्यारोपण के मरीजों सेहतमंद जिंदगी प्रदान करने में अहम साबित हो रहा है। अपने यहां की जा रही उत्कृष्ट सर्जरी से यह मध्यभारत में जोड़-प्रत्यारोपण का सर्वश्रेष्ठ केन्द्र बनते जा रहा है। डॉ. अंकुर सिंघल जो कि रामकृष्ण केयर अस्तपाल में जोड़-प्रत्यारोपण के सर्जन हैं, हर तरह के जोड़-प्रत्यारोपण की सर्जरी करने में सक्षम है। हाल ही में इन्होंने अलग-अलग तरह के मरीजों के घुटनों का अत्याधुनिक तकनीकों, जैसे मिनिमम कट तकनीक से सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। 62 वर्षीय, 108 किलो के मरीज का सफलतापूर्वक दोनों घुटनों का ऑपरेशन एक साथ किया। मरीज ऑस्टियोआर्थोटिस नामक घुटने की बीमारी से लगभग 10 वर्ष से ग्रसित थी।

### असंभव को यूं कर दिखाया संभव

मरीज का वजन ज्यादा होने के कारण उनका कहीं भी ऑपरेशन संभव नहीं हो पा रहा था। इस बीमारी के चलते उन्होंने जोड़ रोग विषेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल को दुर्ग में दिखाया, उनके प्रोत्साहन से उन्होंने दोनों घुटनों का ऑपरेशन 2019 में करवाया जो कि सफल रहा। ऑपरेशन के 5वें दिन बिना किसी सपोर्ट के चल रही थी। जिस दर्द को वह 10 वर्षों से सहन कर रही थी वह पूरी तरह से गायब हो गया। आज वह बिना दर्द के लगभग 2-3 कि.मी. आसानी से चल लेती है और बाहर भी आ-जा सकती है एवं घरेलू कामकाज करने में भी कोई परेशानी नहीं हो रही है। इस ऑपरेशन ने उनको एक नई और स्वस्थ्य जिंदगी प्रदान की है। 84 वर्षीय मरीज जिनकी न केवल उम्र ज्यादा थी बल्कि हार्ट का बायपास भी हो चुका था, उनके भी घुटनों का सफल ऑपरेशन किया।

## किसान मोर्चा का धरना आज

**रायपुर।** धान विक्रय का टोकन प्राप्त कर चुके किसानों के पूरे धान को खरीदने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा 25 सौ रुपये क्विंटल के समर्थन मूल्य में की गई है। अनेक धान केंद्रों में अंतिम दिनों में जिस तरीके से धान खरीदी बंद की गई वह आपत्तिजनक है। टोकनकर्ताओं के धान खरीदी एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा 28 फरवरी को बूढ़ापारा धरनास्थल में एक दिवसीय धरना देगा। धरना दोपहर 12 बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। उक्त धरने के पश्चात शाम 4 बजे संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता रैली निकालकर मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। मोर्चा के प्रांतीय प्रवक्ता जागेश्वर प्रसाद ने बताया कि समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने हाथियों के आतंक से सिरपुर तुमगांव क्षेत्र के पीड़ित किसानों को मुआवजा देने नौकरी स्थायी सुरक्षा दिलाने, सूतियापाठ-शोरधा बांध से लोहारा विकास खंड के किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने सौंदा पत्रक रद्द कराने धान गेहूं दलहन, तिलहन एवं सब्जियों के समर्थन मूल्य घोषित करने एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का उचित मुआवजा किसानों को देने की मांग पत्र में प्रमुख रूप से उठाई गई है। धरने में हजारों की संख्या में प्रदेश भर के किसान शामिल होंगे।

## सुरीली आवाजों की मिठास का दोबारा अहसास करा रहा है एम्स का ईएनटी विभाग

### बच्चों को स्पीच और लैंग्वेज थैरेपी की मदद से दुनिया के साथ संवाद में की मदद

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बेमतारा का सात वर्षीय अजय (बदला हुआ नाम) के सुनने की क्षमता तीन वर्ष की उम्र में चली गई थी। मेनइंजाइटिस बीमारी की वजह से अजय अब दुनिया की सुरीली आवाजों को सुनने में असमर्थ था। अभिभावकों ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के निदेशक और ईएनटी के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर से संपर्क किया। प्रो. नागरकर के निर्देशन में कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद अजय अब न सिर्फ सुन सकता है बल्कि दुनिया के साथ दोबारा संवाद कर सकता है।

छत्तीसगढ़ में एसटीएफ के लिए कार्य कर रहे 25 वर्षीय मनोज (बदला हुआ नाम) की सुनने की क्षमता सेरेब्रल मलेरिया की वजह से 22 वर्ष की उम्र में चली गई थी। एम्स में कोक्लियर इंप्लांट की सर्जरी के बाद मनोज को दोबारा सुनने की क्षमता मिल गई है। अब वह दोबारा एसटीएफ के लिए काम कर अपना जीवन यापन कर रहा है। यह सिर्फ अजय और मनोज का मामला नहीं है। विभिन्न कारणों से सुनने की क्षमता खो रहे बच्चों और युवाओं को शेष जिंदगी बेहतर बिताने के लिए इसी प्रकार की शल्य चिकित्सा का सहारा लेना पड़ता है। प्रो. नागरकर के अनुसार विभिन्न बीमारियों का असर सुनने की क्षमता पर सीधे पड़ सकता है। यदि इलाज सही न हो तो सुनने की क्षमता पूरी तरह से चली जाती है। ऐसे में बिना विलंब किए ईएनटी विशेषज्ञों की सलाह के बाद सर्जरी करवाकर कोक्लियर इंप्लांट लगवाया जा सकता है। एम्स में ऐसे हजारों मरीजों को अब तक ठीक किया जा चुका है।

अजय के मामले में उसे न सिर्फ इंप्लांट लगाया गया बल्कि एम्स के ईएनटी विभाग में स्पीच थैरेपी भी दी गई क्योंकि अजय की उम्र काफी कम थी और सुनने के बाद वह शेष संसार के साथ संवाद करने में खुद को असमर्थ पा रहा था। लगभग एक वर्ष तक स्पीच और लैंग्वेज थैरेपी की मदद से अब अजय परिवार के साथ ही बाकी लोगों के साथ संवाद कर हंसी-खुशी जीवन यापन कर रहा है। मनोज के मामले में भी उसकी सर्जरी के तीन महीने बाद सुनने की क्षमता को दोबारा विकसित किया गया।

प्रो. नागरकर ने बताया कि दिव्यांगों की कुल संख्या का लगभग 19 प्रतिशत (2011 के आंकड़ों के अनुसार) सुनने की क्षमता नहीं रखता है। दुनिया के दिव्यांग बच्चों में छह वर्ष तक के लगभग 23 प्रतिशत बच्चों को सुनने से संबंधित समस्या होती है। कान, नाक और गले की बीमारियों के प्रति जागरूकता न होने की वजह से यह समस्याएं जिंदगी को और अधिक जटिल बना देती हैं। एम्स के ईएनटी विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले लगभग 250 मरीजों में अधिकांश इसी प्रकार की समस्याओं से परेशान होते हैं। प्रो. नागरकर का कहना है यदि शिशुओं में सुनने की बीमारी को शुरू में ही ठीक कर दिया जाए तो बड़े होने तक वे शेष दुनिया के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर सकते हैं। इसके लिए अभिभावकों को उन्हें बचपन में ही इलाज के लिए लाना होगा।

## कर्मी की दुर्घटनावश मृत्यु पर परिजन को 8 लाख की मदद

### पॉवर कम्पनीज के कर्मियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज में कार्यरत लगभग 17 हजार अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु सामूहिक/ व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा करने की प्रक्रिया पॉवर कम्पनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत नियोजन के दौरान कार्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर 8 लाख रुपए जोखिम राशि तथा नियोजन के दौरान अन्य दुर्घटनावश मृत्यु होने पर जोखिम राशि पांच लाख प्रदान की जायेगी। उक्त जानकारी पॉवर होल्डिंग कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक(जनसम्पर्क) विजय मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020-21 की अवधि के लिए पॉवर कम्पनीज के कर्मियों हेतु सामूहिक/व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के लिए बीमा कंपनियों से भावपत्र आमंत्रित किया गया है। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती पांचों पॉवर कंपनीज यथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग, जनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रेडिंग कंपनी के प्रदेशभर में स्थित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को मिलेगा।

### बीमा कंपनियों को ऐसे खरीदना होगा निविदा पत्र

इस योजना में भागीदारी देने के इच्छुक बीमा कंपनियॉ पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर स्थित उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) कार्यालय से रुपए तीन हजार . जी.एसटी के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं, जो कि सीएसपीएचसीएल रायपुर के पक्ष में रायपुर शहर स्थित राष्ट्रीकृत/अनुसूचित बैंक से भुगतान किया जा सकेगा।

## संपादकीय

### दंगों का दंश झेलती दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में तीन दिनों तक जो दंगे हुए उसकी भयावह तस्वीरें धिरे-धिरे सामने आ रही है। इन दंगों में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक 34 लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है, 200 से अधिक लोग घायल हुए है जिनका विभिन्न अस्पतालों मे उपचार चल रहा है। इन घायलों में से ही कई लोगों की स्थिति चिंता जनक बनी हुई है, वहीं अभी भी कई लोग लापता है। जाहिर है इस दंगे की साजिश पूर्व नियोजित थी और नई दिल्ली पुलिस दंगाईयों के सामने बेबस होकर रह गई थी। दिल्ली पुलिस के प्रधान आरक्षक को भी शहादत देनी पड़ी। वहीं दिल्ली दंगे में इंटिलिजेंस ब्यूरो के एक कर्मचारी अंकित शर्मा को भी अपनी जान गंवानी पड़ी। अंकित शर्मा का शव चांद बाग क्षेत्र के एक नाले से बरामद हुआ है। उस नाले से 3 और शव भी बरामद किए गए है। वहां के लोगों का कहना है कि आईबी कर्मचारी अंकित शर्मा और 3 अन्य युवकों को दंगाईयों की भीड़ अपने साथ घसीट कर आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहीर हुसैन के घर ले गए थे जहां उनकी हत्या कर उनके शवों को नाले में फेंक दिया गया था। ताहिर हुसैन के घर की छत से ही दंगाईयों ने पत्थरबाजी की थी, पेट्रोल बम फेंके थे और तेजाब से भरी बोतलें भी फेंकी गई थी। ताहिर हुसैन के घर को दिल्ली पुलिस ने सील कर दिया है उसके घर की छत से बड़ी मात्रा में पेट्रोल बम, तेजाब के केन और पत्थरों का जखीरा जब्त किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आम आदमी पार्टी के नेता ताहीर हुसैन ने ही दंगों की साजिश रची है लेकिन वह खुद को बेगुनाह बता रहा है और इस समय फरार है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने ताहिर हुसैन को बेकसूर बताते हुए एक तरह से उसे क्लीन चीट दे दी है। बहरहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के एक नेता के तार जुड़ने कर संभावना के बाद अब यह बात साफ हो गई है कि यह दंगा सुनियोजित था और दंगाईयों को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ था। यही वजह है कि उन्होने बेखौफ होकर दिल्ली को जलाने की कोशिश की थी। अब ये सारं दंगाई भूमिगत हो गए है और इनके हिमायती उनके बचाव में उतर आए है। दिल्ली के दंगों को लेकर अब सियासत की जा रही है। दिल्ली पुलिस पर निशाना साधा जा रहा है। बेहतर होगा कि दिल्ली के दंगों की आंच में राजनीतिक रोटी न सेकी जाएं और इन दंगों के लिए जो लोग भी जिम्मेदार है उन सब के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

## विचार

### सेठजी ट्रंप के छक्के

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस भारत-यात्रा से किसी भी विदेशी राष्ट्रध्यक्ष की यात्रा की तुलना नहीं की जा सकती। कुछ अर्थों में यह अप्रतिम रही है। अब तक आए किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति या किसी अन्य विदेशी नेता ने भारत और उसके प्रधानमंत्री की वैसी तारीफ कभी नहीं की, जैसी कि ट्रंप ने की है। अपने दो दिन के प्रवास में ट्रंप ने एक शब्द भी ऐसा नहीं बोला और कोई भी हरकत ऐसी नहीं की, जिसके लिए वे सारी दुनिया में जाने जाते हैं। दूसरे शब्दों में उनकी भारत-यात्रा ने उन्हें काफी परिपक्व बना दिया। यदि इस परिपक्वता को वे बनाए रखेंगे तो राष्ट्रपति का अगला चुनाव जीतने में उन्हें काफी मदद मिलेगी। ट्रंप ने अपने अहमदाबाद-भाषण में पाकिस्तान का जिक्र भी बड़ी तरकीब से किया। उन्होंने उसके आतंकवाद से लड़ने की तो कसम खाई लेकिन उसे कोई दोष नहीं दिया। उस लड़ाई में उन्होंने उसकी मदद की बात भी कही। यही उच्च कोटि की कूटनीति है। उन्हें अफगानिस्तान से पिंड छुड़ाने में पाकिस्तान की मदद जो चाहिए। उन्होंने न सिर्फ नागरिकता कानून आदि ज्वलंत मुद्दों को छूने से परहेज कर लिया बल्कि मोदी को धार्मिक स्वतंत्रता के दृढ़ पक्षधर का प्रमाण-पत्र भी थमा दिया। उन्होंने कश्मीर पर मध्यस्थता का अपना पुराना राग जरुर अलापा लेकिन उसे इतने मंद स्वर में गाया कि उसका सुनना या न सुनना, एक बराबर हो गया। उनके वाशिंगटन से रवाना होने के पहले सरकारी बयानों से जो आशंकाएं पैदा हो गई थीं, वे निराधार सिद्ध हो गईं। ट्रंप ने अहमदाबाद में जो छक्के मारे हैं, उन पर अमेरिका के 40 लाख प्रवासी भारतीय क्या तालियां नहीं पीट रहे हैं ? इस चुनावी मौसम में इससे बड़े फायदे का सौदा क्या हो सकता है ? ट्रंप जैसा सेठजी कहीं जाए और खाली हाथ लौट आए, यह कैसे हो सकता है ? उन्होंने चलते-चलते 21 हजार करोड़ रु. के हेलिकाप्टर भी भारत को बेच दिए और अरबों रु. के व्यापार के सब्ज-बाग भी दिखा दिए। ट्रंप ने इस भारत-यात्रा से अपने देश का हित तो साधा ही, मोदी की और खुद की छवि को भी चार चांद लगाने में कोई कसर न छोड़ी।

## टेक ज्ञान

### टिकटॉक ने वॉट्सऐप को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** टिकटॉक जनवरी 2020 में सबसे ज्यादा बार डाउनलोड होने वाला ऐप बन गया है। इस ऐप ने वॉट्सऐप को भी पीछे छोड़ दिया है। इस ऐप को जनवरी 2020 में गूगल प्ले स्टोर और ऐपल ऐप स्टोर से 104 मिलियन (10.4 करोड़) बार डाउनलोड किया गया था।

# चिंता का विषय है दिल्ली की हिंसा

राजेश माहेश्वरी

**हिंसा थमने के बाद जो तस्वीरें और तथ्य सामने आ रही हैं वो चैंकाने वाले हैं। हिंसा में आम आदमी पार्टी के पार्षद का नाम भी सामने आ रहा है। हिंसा जिस बड़े पैमाने पर हुई उससे यह साफहै कि इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। ऐसे में खुफिया एजेंसियों की नाकामी भी उजागर होती है। जब दिल्ली में दो महीनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है, तो ऐसे में खुफिया एजेंसियों का सुस्त रवैया सोचने को मजबूर करता है। दिल्ली में हुई हिंसा की गहन जांच पूरी निष्पक्षता से होना बहुत जरूरी है। यदि इसके पीछे कोई साजिश है, तो उसे तुरंत पकड़ कर कार्रवाई की जानी चाहिए।**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय मध्यस्थ भी शाहीनाबाग के प्रदर्शनकारियों को समझाने में नाकामयाब रहे। शाहीनबाग की तर्ज पर जब प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के दूसरे इलाकों में धरना-प्रदर्शन शुरू किया तो नागरिकता कानून के समर्थक भी धरने पर बैठ गए। इसके बाद नागरिकता कानून के विरोध और समर्थन में चल रहा प्रदर्शन संघर्ष में बदल गया। और हालात इस कदर बिगड़े की जिसमें अब तक 35 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। 200 से ज्यादा लोग घायल बताये जा रहे हैं। मरने वालों में दिल्ली पुलिस का एक जवान और आईबी का कर्मचारी भी शामिल है। दिल्ली के कई इलाकों में जमकर तोडफोड़-आगजनी भी हुई है। ताजा मामले में अदालत ने सख्त रवैया अपनाते हुए दिल्ली पुलिस को दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं। दिल्ली की हिंसा से पूरा देश चिंतित है।

हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब अमरीकी राष्ट्रपति राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी की समाधि को नमन कर रहे थे और उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय संवाद करने के बाद साझा बयान जारी कर रहे थे, तो उसी दौरान कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर दिल्ली जल रही थी। गोलियां चलाई गई, पथराव किए गए, शीशे के टुकड़े फेंके गए। बाजार, दुकानों, गोदाम, वाहनों और घरों तक में आग लगा दी गई। कई इलाकों की अर्थव्यवस्था ही बर्बाद कर दी गई। पत्रकारों पर भी जानलेवा हमले किए गए। यह सब कुछ अमरीकी राष्ट्रपति की मौजूदगी के वक्त किया गया, जब विदेशी मीडिया की निगाहें और फोकस भारत की राजधानी दिल्ली पर था। कुल मिलाकर हालात को अराजक स्थिति तक पहुंचाने की सुनियोजित कोशिशें हुई हैं।

राष्ट्रीय नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देश में जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं, वे बेहद चिंतनीय हैं। यह विवाद अब राजनीतिक गलियारों से निकलकर सड़कों पर आ गया है। इस विषय पर देश के नागरिक दो धड़ों में बंटे नजर आ रहे हैं। एक धड़ा जोरदार तरीके से इस कानून की मुखालफत कर रहा है तो दूसरा धड़ा इस कानून के पक्ष में खड़ा हो गया है। राजधानी दिल्ली में हुई हिंसा और आगजनी देश की एकता और अखंडता के लिए शुभ संकेत नहीं कहे जा सकते। नफरत भरा माहौल देश

के अन्य भागों में भी बनता जा रहा है। गंभीर हालातों को देखते हुए सरकार को चाहिए कि पुलिस बल का प्रयोग करने की बजाय बातचीत का रास्ता निकाले। दिल्ली में बीते दो दिनों में जो कुछ भी हुआ वो कई सवाल खड़े करता है। वास्तव में ये घटनाक्रम दिल्ली पुलिस के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये ये विचारणीय विषय है कि क्या किसी मुद्दे पर आंदोलनकारी महीनों तक सड़कों को रोक सकते हैं? और उन्हें महज इसलिए न हटाया गया कि उनमें महिलायें हैं और वह भी मुस्लिम समुदाय की तो दूसरे पक्ष को भी ये लगा कि जब सर्वोच्च न्यायालय तक ऐसे धरने के बारे में सीधे-सीधे कोई आदेश देने की हिम्मत नहीं जुटा सका तब हमें कौन रोकेगा? प्रतिक्रियास्वरूप भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने शाहीन बाग के जवाब में धरना-प्रदर्शन शुरू किया। उसके बाद नागरिकता के विरोधियों और समर्थकों के बीच नारेबाजी का मुकाबला शुरू हुआ और इसके बाद क्या हुआ ये सारे देश ने देखा। ये सब उस दिन हुआ जिस दिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सपरिवार दिल्ली पहुंचे उसी दिन राजधानी में हुए इस बवाल से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में देश की छवि को कितना नुकसान पहुंचा, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। दिल्ली में हुई हिंसा के लिए कुछ लोग इसके लिए भाजपा नेता कपिल मिश्रा को दोष दे रहे हैं। उनका कहना है कि यदि शाहीन बाग के जवाब में वैसा ही आन्दोलन नहीं किया जाता तब ये हालात पैदा नहीं होते। लेकिन ऐसा कहने वाले ये भूल गए कि शाहीन बाग के बाद उस जैसा ही दूसरा धरना भी नागरिकता कानून के विरोध में दिल्ली के दूसरे स्थान पर शुरू कर दिया गया जबकि सर्वोच्च न्यायालय पहले वाले धरने की वैधानिकता और औचित्य पर विचार कर ही रहा है। शाहीन बाग के धरने के प्रति जिस तरह की सहानुभूति और समर्थन एक वर्ग विशेष ने दिखाई और समाचार माध्यमों ने भी उसे सुर्खियां प्रदान कीं उससे एक गलत परिपाटी को प्रोत्साहन मिला। और जैसा की मीडिया के एक हिस्से द्वारा लगातार प्रचारित किया जा रहा था कि शाहीनबाग का धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण है तो फिर नागरिकता कानून के समर्थन में धरना देते ही दिल्ली जलने क्यों लगी ये सवाल भी तो पूछा जाना चाहिए।

दिल्ली में हुई हिंसा को सामान्य हिंसा नहीं कहा जा सकता है। ये सांप्रदायिक दंगों का ही रूप था। लगातार तीन दिन से यह हिंसक दौर जारी रहा है। बेशक सरकार कोई भी स्पष्टीकरण देती रहे। आखिर देश की राजधानी में ऐसे हालात एकाएक कैसे बने? दंगाइयों के हाथ में पिस्तौलें या रिवाल्वर कैसे आए? पत्थर कैसे जमा किए गए, जिसकी भनक न तो पुलिस और न ही खुफिया एजेंसियों को लग सकी? अर्धसैनिक बलों की 35 कंपनियों की तैनाती के बावजूद दिल्ली कैसे जला दी गई? क्या पुलिस और सुरक्षा बलों के हाथ बांध दिए गए थे? क्या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश काम कर रही थी?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि नागरिकता कानून के विरोध में शाहीन बाग में जो और जैसे हुआ वह महिलाओं और मुस्लिमों का ध्यान रखकर बर्दाश्त किया गया जिससे और लोगों को भी बल मिल गया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भेजे गए मध्यस्थों से जिस तरह बात की गई उससे इस बात की पुष्टि हुई कि आन्दोलनकारियों की आड़ में देश को अस्थिर करने वाली ताकतें सक्रिय हैं। आज दिल्ली पुलिस और केंद्रीय गृह मंत्रालय को वही लोग कोस रहे हैं जो जो शाहीन बाग में सड़क कब्जाए बैठी महिलाओं की शान में कसीदे पढ़ा करते थे, उन्हें स्वतंत्रता सेनानी और शेरनियां बताते थे। चूंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है जिसने शाहीन बाग के धरने को अवैध कब्जा बताकर तत्काल हटवाने का आदेश देने की बजाय आन्दोलन को अधिकार मानकर जनसुविधा का ध्यान रखने का उपदेश देते हुए मध्यस्थों को शंतिदूत बनाकर भेजा।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष

# मानव जीवन में विज्ञान की महत्ता

योगेश कुमार गोयल

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं।**

विज्ञान ने आज हमारे जीवन को बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की आज के समय में विज्ञान के प्रति कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति ज्यादा से ज्यादा रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग निरन्तर आगे बढ़ता रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने

आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया।

देश में अन्य क्षेत्रों के अलावा विज्ञान के क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान के मद्देनजर उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से इस बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम रखी गई 'विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं' (वूमेन इन साइंस)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर पिछले वर्ष तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। इसी प्रकार वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पश्चिम से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा - 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईवीएफ, 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रकृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का 'दैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खाद्य सुरक्षा', 2014 का 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य', 2017 का 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकलांग व्यक्तियों के लिए', 2018 का 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' तथा वर्ष 2019 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'लोगों के लिए विज्ञान और विज्ञान के लिए लोग' था।

## पाठकों की बात

**पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया**

### आज कई दिनों बाद

आज कई दिनों बाद स्मृति के जादूगर ने पलट डाले जिंदगी की किताब के कई पृष्ठ .. वक्त की स्याही से लिखे उन पन्नों पर दिखे अठखेलियाँ करते शब्द अनुशासित भाव कुछ स्पंदित क्षण सूखे गुलाब के निशान और आँखों की नमी से धुले तुम्हारे ख़त।

**- आरती कुमारी**

### बेटी पढ़ेगी इतिहास गढेगी डगर कठिन

बेटी पढ़ेगी इतिहास गढेगी डगर कठिन हैं मुश्किलें हज़ार हैं कुछ कर गुजरने को हिम्मत हज़ार हैं....?? बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ न स्लोगन हो न नारे हो स्वच्छ हमारी दीवारें हो बेटी बने इमारत की मजबूत नींव कल को उसकी मीनारे हो। - **शत्रुंजय तिवारी**

### खास पाती | चलते - चलते मैं भटक गया

चलते - चलते मैं भटक गया अपनों की अग्निशिखाओं में, पलकों पर ठहरे आँसू से एक रात बिताना बाकी है! आँखों की कोरों से निकले, उन अश्रुमयी ज्वालाओं में। प्रतिबिम्ब बने जो दर्पण में, वो पिरो लिए मालाओं में। जो छले गए हैं स्वप्न मेरे ,उनका शरमाना बाकी है।। पलकों पर..... जब अंतर्मन से सोचा तब, हम खुद के ही कातिल निकले। जिन लोगों ने व्यवधान किया, वो अपने ही संगदिल निकले। सारी तृष्णाएँ तृप्त हुईं, खुद का मर जाना बाकी है।। पलकों पर ठहरे। - **पुनीत मिश्र**

### चाँद का रूप आँखों में था रात भर

चाँद का रूप आँखों मैं था रात भर चाँदनी मैं नहाई धरा रात भर॥ कोई आँखों पै पटटी को बाँधे हुए ढूँढता ही रहा रास्ता रात भर॥ रात भर रात रानी सँवरती रही मुस्कुराता रहा आईना रात भर॥ दिलके टुकड़े को करके जुदा एक बाप सिसकियाँ लेके रोता रहा रात भर॥ रात भर उसका रस्ता मैं तकती रही वो ना आया मगर बे वफा रात भर॥ मैं भी उसके ख्यालों मे डूबी रही गुनगुनाता रहा वो गजल रात भर।। **सविता वर्मा**

### बादल घने हुए तो क्या मैं अभी ज़िन्दा हूँ

बादल घने हुए तो क्या मैं अभी ज़िन्दा हूँ साँसों की डोर टूटी नहीं मैं अभी ज़िन्दा हूँ मुझे डर नहीं लगता यक़ीनन मैं ज़िन्दा हूँ खुद से समझौता नहीं किया मतलब मैं ज़िन्दा हूँ परिंदों की उड़ान को एकटक देखती हूँ नदी की कल-कल धारा में बहती हूँ कीचड़ में कमल की कोमलता महसूस करती हूं ओह... मैं यक़ीनन ज़िन्दा हूँ... आपकी पलकों पर ओस की बूँद तरह शीतलता देती मैं ज़िन्दा हूँ.. यकीनन.. ज़िन्दा हूँ..।

**- अनुभूति गुप्ता**

### नही बनना तुम्हे देवी गौरी

नही बनना तुम्हे देवी गौरी ना विष्णु की दासी लक्ष्मी बनना कभी ना बनना वस्तु दान की ना पुरूष की परछाई बनना कार्य विभाजन किया था हमने वजूद के टूकडे मत करना ना कम ना ज्यादा उसके ही समकक्ष जगह तेरी ना मिलने तक संघर्ष करना।

**- इन्दू शर्मा**

### दिल्ली वालो गज़ब कर दिया

दिल्ली वालो गज़ब कर दिया, वोट दे दिया खोटों को। बुरा किया तो भुगतो प्यारे, सहलाओ अब चोटों को।। समझ न पाये पढ़ लिखकर भी, कैसी ये नादानी थी। आग वही तो लगा रहे हैं, जिनको आग बुझानी थी।।

**- सुरेश अग्रवाल**

### बिजली पानी फ्री मिला है देखो

बिजली पानी फ्री मिला है देखो दिल्ली धधक रही है अपने ही बासिन्दो के हाथों दिल्ली कैसे भभक रही है सोच रही होगी दिल्ली अब कायर को दिल दे डाला है7 जिसके कारण ही कुत्तो से पडा आज यह पाला है।

**- कवि अजय मिश्रा**

### सम्मान देना पूजा करने से बेहतर

सम्मान देना पूजा करने से बेहतर है, पूजा थोड़ी देर में समाप्त हो जाती है और सम्मान जिन्दगी भर रहता है। क्योंकि उसमें स्नेह, सेवा और विश्वास शामिल रहते हैं जो इंसानियत भी है।

**- प्रेरणा त्यागी**

## QUIZ TIME

1 ) किस नाम से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की धातु मूर्तिकला जानी जाती है?
(क)घड़वा (ख) तारा (ग) मलार (घ) झारा

2 ) महाऋषियों के उस समुदाय कोक्या कहते हैं,जो कहा जाताहै कि ब्रह्माजी के रोम से उत्पन्न हुआहै? (सजप/ वालखिल्य)

3 ) किस कंपनी ने 'समर्थ' पहल के तहत गुजरात हथकरघा व हस्तशिल्प विकास कारपोरेशन के साथ ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर किये?

4 ) कौन विदेश में प्रोफेशनल फुटबॉल कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनी?

5 ) मध्यप्रदेश से संबंधित योजना का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला - (1) झारा (2) वालखिल्य (3) फ्लिपकार्ट (4) नंगोम बाला देवी (5) युवा स्वाभिमान योजना

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1580 - गोवा से पहला ईसाई मिशनरी अकबर के दरबार फतेहपुर सीकरी आया। 1712 - मुगल बादशाह बहादुर शाह प्रथम की लाहौर में मृत्यु हुई। 1835 - पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की स्थापना। 1847 - अमेरिका ने सकरामेंटो के युद्ध में मेक्सिको को पराजित किया। 1865 - स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जन्म हुआ। 1922 - मिस्र ने ब्रिटेन से दोबारा आजादी प्राप्त की। 1928 - सीवी रमन ने रमन प्रभाव का आविष्कार किया जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1936 - जवाहर लाल नेहरु की पत्नी कमला नेहरु का स्विटजरलैंड में निधन। 1943 - कोलकाता का हावड़ा पुल (रविन्द्र सेतु) शुरू हुआ। 1948 - ब्रिटेन के सैनिकों का आखिरी दस्ता भारत से रवाना हुआ।

# गांजा व अवैध शराब के साथ 3 गिरफ्तार

**'जियो खुलकर' नशा मुक्ति अभियान के तहत शहर में बड़ी कार्रवाई**

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज विवेकानंद सिन्हा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग रोहित कुमार झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग विवेक शुक्ला के नेतृत्व में चलाए जा रहे जियो खुलकर नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के खिलाफ पुनः एक बड़ी कार्यवाही दुर्ग एवं मोहन नगर थाने अंतर्गत की गई। जिसके तहत कुल 18 किलो 500 ग्राम गांजा एवं 120 पव्वा अवैध शराब की जब्ती, तथा तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

थाना दुर्ग कोतवाली अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति रविशंकर स्टेडियम के पास गांजा बेचने के फिराक में आने वाले हैं, सूचना प्राप्त होते ही थाना के उप निरीक्षक पवन देवांगन के नेतृत्व में तत्काल मौके पर जाने हेतु टीम रवाना हुई। वहां पहुंचने पर दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल बजाज सीटी 100 क्रमांक सीजी 04 एफ 8569 मैं दो अलग-अलग थैली में गांजा रखे हुए मिलने पर, मौके पर ही एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए कार्यवाही की गई, एवं उनके पास से 17 किलो गांजा कीमती 85 हजार की जब्ती की गई। आरोपियों से नाम पूछने पर बताया नाम सचिन सिन्हा निवासी खेरथा बाजार डौंडीलोहारा जिला बालोद एवं जावेद खान निवासी खुर्सीपार जिला दुर्ग बताया। अपराधियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत धारा 20 ब का अपराध दर्ज कर, उन्हें मोके पर गिरफ्तारी किया गया। इसी प्रकार थाना मोहन नगर अंतर्गत भी नशे के अवैध कारोबार करने वाले पर कार्यवाही की गई, जिसमें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की तितुरडीह निवासी दिलबाग सिंह उर्फ बांके पिता मंगल सिंह उम्र 36 वर्ष के द्वारा भी अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से अवैध रूप से गांजा एवं शराब की बिक्री तितुरडीह क्षेत्र में की जा रही है, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर एएसआई भदोरिया के नेतृत्व में तत्काल मौके पर टीम रवाना हुई, और आरोपी के घर से 1.50 किलो गांजा एवं 120 पव्वा अवैध शराब बरामद की गई। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में डीएसपी उन्नति ठाकुर प्रोविजनल डीएसपी निशांत पाठक उप निरीक्षक पवन देवांगन एएसआई भदोरिया एएसआई राधे लाल वर्मा, राजेंद्र वानखेडे, आरक्षक फारुख, जावेद एवम प्रदीप की विशेष भूमिका रही।

# श्री शंकराचार्य में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में सीकास्ट छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर द्वारा प्रायोजित मानव के लिए एक नया माइक्रोबायोम अनुसंधान युग संक्रामक रोगों का कल्याण और इलाज विषय पर दो दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 28 एवं 29 फरवरी 2019 को प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्धाटन सत्र के मुख्य अतिथि मुदित कुमार सिंह महानिदेशक, सीकास्ट, रायपुर एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अरूणा पल्टा कुलपति हेमचंद यादव विष्वविद्यालय होगें। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. भूपल श्रृष्ठा एसोसियेट प्रो. काठमांडू विश्वविद्यालय नेपाल, डॉ. मिर्जा हंसनाजुमान प्राध्यापक, एग्रोनॉमी एस. एयू ढाका बांग्लादेश, डॉ पूर्णिमा सावरगॉवरकर भूतपूर्व इसरो वैज्ञानिक गुडगॉव दिल्ली, डॉ. ताडीकमल्ला श्रीनिवासु विभागाध्यक्ष मॉलीकुलर बायलॉजी एंव जेनेटिक इंजीनियरिंग आरटीएम विश्वविद्यालय नागपुर, डॉ. सीमा जैन वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मानसी गुलाटी प्रसुती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्राची मोटिवेशनल वक्ता, प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी, डॉ. एसके जाधव बायोटेक्नालॉजी विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं डॉ. केके साहू एसोसियेट प्रो.बायोटेक्नालॉजी विभाग अपना वकतव्य प्रस्तुत करेगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष आईपी मिश्रा चेयरमेन श्री गंगाजली शिक्षण समिति, भिलाई एवं श्रीमती जया मिश्रा अध्यक्ष श्री गंगाजली शिक्षण समिति होगें। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रीमती रक्षा सिंह महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ. जे. दुर्गा. प्रसाद राव, कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रचना चैधरी एवं सह-संयोजक डॉ. सोनिया बजाज, अंर्तराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय जगत के विद्वान एवं प्रतिभागी, शोधार्थी, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहेंगे।

# महापौर ने किया गौठान निरीक्षण

**दुर्ग (नवप्रदेश)।** निगम सीमा अंतर्गत बनाए गए गोकुल नगर एव गौठान का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव, लोककर्म प्रभारी अब्दुल गनी, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू, एमआईसी सदस्य जमुना साहू, अनूप चंदानिया, मनदीप सिंग भाटिया, शंकर ठाकुर के अलावा ईई मोहनपुरी गोस्वामी के साथ निरीक्षण कर गोकुल नगर में संचालित डेयरी मालिको से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। महापौर श्री बाकलीवाल ने अधिकारी को निर्देश दिए कि गौठान में चबूतरे के साथ पशुओं के लिए छायादार शेट, खाली जगहों पर फेंसिंग का कार्य चारा व्यवस्था, नल कनेक्शन जल्द करवाने के निर्देश दिए।

## न्यूज गैलरी

### संपत्ति होगी कुर्क

**दुर्ग।** सनराईस सहकारी साख समिति चिचलगोंदी थाना-अर्जुन्दा जिला बालोद के संचालक ईशवंत देवांगन एवं कसारीडीह दुर्ग कलीराम पारकर द्वारा विभिन्न लोक लुभावनी योजना बताकर लोगों से रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी, छल-फरेब, कर राशि गबन किए जाने के कारण संस्था के संचालकों की सम्पत्ति कुर्क की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी अंकित आनन्द ने निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत निवेशों द्वारा जमा की गई राशि को प्रतिसंदाय किए जाने हेतु उक्त आदेष जारी किए है।

### राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** गृहमंत्री एवं विधायक ग्रामीण ताम्रध्वज साहू ने जनसंपर्क निधि के अंतर्गत हितग्राहियों के लिये विभिन्न वाद्य यंत्रों के क्रय हेतु 1 लाख की राशि स्वीकृत की है। वाद्य यंत्र व पोषाक हेतु जय मॉ निकुम्भा जस व फाग परिवार निकुम, आमीन माता महिला मण्डल गनियारी, जय मॉ लक्ष्मी एवं खेल रामायण दषहरा समिति भाठापारा कोड़िया, प्रज्ञा स्व सहायता समूह कोटनी के लिए 10-10 हजार, वाद्य यंत्र हेतु शिवचर्चा महिला मण्डली नेवई वार्ड 42, शांति निकेतन मानस मण्डली रिसाली , उमरपोटी के लिए क्रमशः 5-5 हजार रुपए की राशि स्वीकृत किया है।

# जनगणना हेतु मकानों की नंबरिंग

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत जनगणना 2021 के लिए मकानों की नंबरिंग प्रारंभ हो चुकी है। जनगणना कार्य से संबंधित जानकारी एवं नंबर लिखने के लिए भवन चयन का विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए आज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सहायक अध्यापक प्रदीप राजपूत एवं अंजय तिवारी द्वारा निगम सभागार में अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पावर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से मकानों की नंबरिंग के लिए भवन, दुकान के चयन एवं नंबर देने के तरीका को विस्तार से बताया गया। मकानों, आवासों एवं नवनिर्मित मकानों को शामिल कर किस प्रकार नंबर देना है की जानकारी भी प्रशिक्षण में प्रदाय की गई। जनगणना कार्य के लिए मकान सूचीकरण व गणना जनसंख्या के आधार पर ब्लॉक बनाने और मकान को नंबर देने संबंधी जानकारी प्रदाय की गई! जनगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों को भवनों की नंबरिंगए वार्ड व क्षेत्र अनुसार लैंडमार्क करना तथा फील्ड से आने वाली जानकारियों को ऑनलाइन प्रविष्टि के साथ ही ऑफ्लाइन रिकॉर्ड तैयार करने की जानकारी दी गई। कंप्यूटर ऑपरेटरों को यह बताया गया कि किस प्रकार से सर्वे से प्राप्त जानकारी को ऑनलाइन डाटा प्रविष्टि किया जाना है। सभी क्षेत्रों की लैंडमार्किंग व मकानों की गणना तथा नंबरिंग के बाद नजरी नक्शा तैयार किया जाना है, जनसंख्या रजिस्टर का पृथक.पृथक रिकॉर्ड भी रखा जाना है। मकानों की नंबरिंग भिलाई निगम के विभिन्न जोन क्षेत्रों में प्रारंभ की जा चुकी है।

# संभागायुक्त कार्यालय व न्यायालय के सामने धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** संभागीय आयुक्त कार्यालय एवं न्यायालय के सामने सामूहिक रूप से हड़ताल प्रदर्शन पर प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी संस्था, संगठन के द्वारा आयुक्त कार्यालय, न्यायालय के सामने सामूहिक हड़ताल, प्रदर्शन होने से इन संस्थाओं में शांतिपूर्ण कार्य करने में काफी असुविधा होती है। साथ ही कार्यालय के पास ही संचालित स्कूल, संयुक्त संचालक शिक्षा जिला पंचायत एवं बैंक के कार्य संचालन में असुविधा होती है। इसे ध्यान में रखते हुए भविष्य में संभागीय आयुक्त कार्यालय, न्यायालय के सामने किसी भी संस्था- संगठन के हड़ताल प्रदर्शन पर प्रतिबंधित किया गया है।

### जनगणना कार्य नियुक्ति हेतु निविदा

**दुर्ग।** राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अद्यतन कार्य के लिए जिला कार्यालय तहसील कार्यालय एवं नगरीय निकायों में तकनीकी सहायता हेतु 38 कर्मिकों व चतुर्थ श्रेणी की 10 कर्मिकों की 18 माह की अवधि के लिए एजेन्सी के माध्यम से नियुक्त किया जाना है।

# समन्वय बैठक आयोजित करने संभागायुक्त के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने संभाग के सभी कलेक्टरों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय एवं अंतर्विभागीय सहयोग का वातावरण बनाने के लिए समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह समन्वय बैठक हर दो से तीन माह के भीतर होंगी। संभागायुक्त चुरेंद्र ने इस संबंध में कहा है कि इस तरह के समन्वय बैठकों के अच्छे नतीजे सामने आते हैं। समन्वय बैठक होने की वजह से कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर बेहतर तरीके से नजर रखने एवं इस संबंध में आने वाली समस्याओं का बेहतर तरीके से हल करने में मदद मिलेंगी। उन्होने ऐसी बैठक हर दो से तीन माह के बीच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समन्वय बैठकों में एक दूसरे से फीडबैक मिलते हैं। जनसमस्याओं पर अधिक गहराई से चर्चा होती है। प्रायः ऐसा होता है कि किसी मसले में प्रभावी हल के लिए पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों द्वारा सामूहिक रूप से योजनाबद्ध तरीके से किये गए कार्य की जरूरत होती है। बड़े मसलों में ऐसी चर्चा तो होती है लेकिन समय के अभाव के वजह से कुछ छोटे मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाती। कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से ऐसे मसले भविष्य में गंभीर साबित होने की आशंका भी बनती है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./778/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202002100400270

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोहन सिंह आ. श्री पल्टन सिंह राजपूत निवासी कैलाश नगर तितुरडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 813/16 रकबा 0.026 हें/ 2800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SIDDHARTH KUMAR JAIN S/O VIJAY KUMAR JAIN निवासी H.NO.-80, CHANDI MANDIR WARD, JAYSHREE OILL MILL, WARD NO.-33,GAVLI PARA, DURG (C.G.) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SIDDHARTH JAIN S/O VIJAY KUMAR JAIN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SIDDHARTH JAIN S/O VIJAY KUMAR JAIN से ही जाना पहचाना जावे।

SIDDHARTH JAIN
H.NO.-80, CHANDI MANDIR WARD, JAYSHREE OILL MILL, WARD NO.-33, GAVLI PARA, DURG (C.G.) 491001

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NAVEESH JAIN S/O MAHENDRA KUMAR JAIN निवासी ROLEEE MOLEEE SADAR BAZAR DURG (C.G.) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम NAVISH JAIN S/O MAHENDRA KUMAR JAIN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम NAVISH JAIN S/O MAHENDRA KUMAR JAIN से ही जाना पहचाना जावे।

NAVISH JAIN
ROLEEE MOLEEE SADAR BAZAR DURG (C.G.) 491001

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गोविंद ठाकुर आ. स्व. गणेश जाति गोड़ साकिन पीसेगांव द्वारा ग्राम पीसेगांव प.ह.न. 27 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 368 रकबा 0.410 हे. को गैर आदिवासी क्रेता बृजेश चक्रधारी पिता विभीषण चक्रधारी निवासी पुलगांव तह. व जिला दुर्ग के पास बिक्री हेतु सौदा किया है की अनुमति दिए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को विक्रय किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ओमप्रकाश आ. गणेश राम साकिन गुण्डरदेही के द्वारा ग्राम अण्डा प.ह.न. रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 73/16 रकबा 0.014 हे. भूमि विक्रेता चंद्रभान सिंह पिता ओमकार से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 09.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 22.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चित्राणी साहू पिता उधोराम साहू निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 523/21 रकबा 0.0020 हें. भूमि को विक्रेता पुष्पा कांति साहू व अन्य 13 पति स्व. नेमधर साहू निवासी ग्राम संगम चौक कन्हारपुरी राजनांदगांव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./763/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश कुमार शर्मा पिता काशीनाथ शर्मा निवासी ग्राम ब्राम्हण पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/4 कुल रकबा 0.1670 हे मे से 1056 वर्गफुट हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती देवयानी आठले पति देवीदास आठले निवासी ग्राम रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./704/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश कुमार शर्मा पिता काशीनाथ शर्मा निवासी ग्राम ब्राम्हण पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/4 कुल रकबा 0.1670 हे मे से 1056 वर्गफुट हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती देवयानी आठले पति देवीदास आठले निवासी ग्राम रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./110/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदिका सुशीला देवी साहू पति मोतीदास साहू निवासी सिकोलाबस्ती दुर्ग को दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला सिकोला बस्ती दुर्ग नजूल भूमि शीट क्रमांक 71 ए भूंखड क्र 28 क्षेत्रफल 145.00 वर्गमीटर आवासीय भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि पट्टाधारी मोतीदास साहू पिता अर्जुनदास साहू की मृत्यु दिनांक 16.04.2019 को हो गई है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार वारिसो के नाम से प्रदान करने हेतु आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, संधारण खसरा, नक्शा, पट्टे की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.02.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./112/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदिका मनीषा बेन पटेल पति स्व. हरिहर भाई पटेल निवासी मोतीपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला मोतीपारा दुर्ग नजूल शीट क्रमांक 45 बी भूंखड क्र 56 क्षेत्रफल 143.00 वर्गमीटर व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.03.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./780/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202002100400272

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोहन सिंह आ. श्री पल्टन सिंह राजपूत निवासी कैलाश नगर तितुरडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 442/3 रकबा 0.020 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनराज साहू आ. फगुवा साहू निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.6900 हे. भूमि जो कि फगुवाराम पिता स्व. पचकौड़ के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 01.04.2013, 08.07.2010 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019 -20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक धनराज साहू आ. फगुवाराम साकिन उतई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 127/1 रकबा 0.100 हे. जो उसके स्व. फगुवाराम के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.03.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं./60/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखबती बाई व अन्य पति स्व. लेडगूराम निवासी पाऊवारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1013/3 रकबा 0.010 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा देवी ताम्रकार पति श्री सुधीर ताम्रकार निवासी शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 8782 रकबा 0.051 हे. भूमि को विक्रयपत्र के आधार पर श्रीराम साहू पिता उमाशंकर साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र./प्र.1 अति. तह./वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती जामबाई पति किसुनलाल साकिन चंदखुरी द्वारा ग्राम पिसेगांव प.ह.न. 27 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 831/2 रकबा 0.200 हे. भू.रा. रुपए से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सरिता साहू पति धनेशराम साहू निवासी डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम बघेरा प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 258/34 रकबा 0.011 हें/..वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./804/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202002100400302

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती एन अंबिका पति डी विजय कुमार निवासी भिलाई कालोनी सेक्टर 06 द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 283/18 रकबा 0.014 हें/ 1523 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./689/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एन राधिका पति पी.व्ही. एम राव निवासी ग्राम रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 96/2 कुल 0.351 हे मे से रकबा 58.45 डि. भूमि को विक्रेता श्रीमती कुंती बाई पति स्व. प्यारेलाल निवासी ग्राम हनोदा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

# मितान महोत्सव एक को, रोड शो में 500 कलाकार शामिल होंगे

## आडिटोरियम में होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिग्गज गायक-गायिका बांधेंगे समा

■ छालीवुड़ कलाकार दिखाएंगे अपना हुनर

नवप्रदेश संवाददाता

**राजनांदगांव।** मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के तत्वावधान में आगामी 1 मार्च को छत्तीसगढ़ स्तरीय मितान लोक महोत्सव एवं लोक कलाकार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता महापौर श्रीमती हेमा देशमुख करेंगी। विशेष अतिथि के रूप में गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद और शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा उपस्थित रहेंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ऑडिटोरियम में राज्य गीत अरपा पैरी के धार...का सामूहिक गान होगा, जिसमें प्रदेश के तमाम बड़े लोक कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी और आम जनमानस अपना स्वर से स्वर मिलाएंगे।

मितान महोत्सव में एक ओर जहां प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री ममता चंद्राकर, छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष एवं गायिका मोना सेन, मंदराजी सम्मान से सम्मानित सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती कविता वासनिक, हबीब तनवीर के नया थियेटर ग्रुप से लंबे समय तक जुड़ी रही प्रख्यात रंगकर्मी श्रीमती पूनम विराट, गायिका छाया चंद्राकर, लोकगायिका श्रीमती रजनी रजक, सुश्री स्वर्णा दिवाकर, विख्यात देवी जस गायक दुकालू यादव, दिलीप षडंगी, लोकप्रिय गायक कलाकार कुलेश्वर ताम्रकार और सुनील तिवारी अपने लोकप्रिय गीतों के माध्यम से जीवंत प्रस्तुति देंगे वहीं छालीवुड कलाकार भी अपना जलवा बिखेरेंगे।

छालीवुड स्टार पद्मश्री अनुज शर्मा, करण कान और मनमोहन ठाकुर भी आयोजन की गरिमा बढ़ाएंगे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के बड़े लोक मंचों के संचालक क्रमशः लोकरंग के दीपक चंद्राकर, रंग सरोवर के भूपेन्द्र साहू, चिन्हारी के प्रेम चंद्राकर और रंगझरोखा के दुष्यंत हरमुख की गरियमयी उपस्थिति आयोजन को नई सार्थकता प्रदान करेगी।

■ न्यूज गैलरी

### नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि होंगे पूर्व पार्षद अरविंद प्रहरे

**महासमुंद।** पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता अरविंद प्रहरे को नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। सांसद चुन्नीलाल साहू ने बुधवार को अरविंद प्रहरे को नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रहरे लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुंद होने वाली विभिन्न सभा या अन्य शासकीय कार्यों की जानकारी के लिए संदीप दीवान के स्थान पर सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। नियुक्ति पर बुधवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति पर हर्ष जताया है।

### रविवि के दीक्षांत समारोह में गुप्तेश का सम्मान

**महासमुंद।** गुप्तेश नामदेव का पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के 25 वे दीक्षांत समारोह में सम्मान हुआ। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं एमकॉम के छात्र गुप्तेश नामदेव ने मास्टर ऑफकॉमर्स में पूरे यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान (गोल्ड मेडलिस्ट) प्राप्त किया है। 25 वें दीक्षांत समारोह में पूर्व आइएएस एवं साहित्यकार अशोक वाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में, राज्यपाल अनुसूइया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल एवं यूनिवर्सिटी के कुलपति व कुलसचिव ने गुप्तेश नामदेव को सम्मानित किया।

### हादसे में घायल युवक की मौत चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** विगत 24 फरवरी को बागबाहरा खोपली पड़ाव सड़क हादसे में घायल हुए युवक भीष्म साहू पिता गुड्डू साहू की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 1355 के चालक कोमल यादव एमपी निवासी के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### योगमाया हत्याकांड में खुलासा होना जरूरी : चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि किशनपुर में लगभग 1-2 वर्ष पूर्व हुए योगमाया साहू हत्याकांड को लेकर आज भी घोर आशंकाएं व्याप्त है। जिसका खुलासा होना बहुत जरुरी है। उन्होनें कहा कि 4 लोगों की नृशंस हत्या को एक व्यक्ति अंजाम नहीं दे सकता था। चोपड़ा ने कहा कि क्षेत्र के साहू समाज के लोगों ने एक उत्साही नवयुवक द्वारा की गई स्वतंत्र जांच के आधार पर आंदोलन कर सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को ज्ञापन देकर गिरफ्तार व्यक्ति के नारको टेस्ट की मांग की थी, तब जाकर अन्य आरोपियों का खुलासा हुआ और गिरफ्तारी हुई। लेकिन, लोगों का कहना है कि असली अपराधी अभी पकड़ से बाहर है।

### 18 सौ रुपए की शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने झिलमिला चौक पर एक युवक से करीब 18 सौ रूपए की शराब जब्त की है। जानकारी के मुताबिक झिलमिला निवासी मोहसिन खान (24) से शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 18 सौ रूपए आंकी गई है। युवक के खिलाफ 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### ज्वलनशील ऑयल की फैक्ट्री में हुआ ब्लास्ट, आपरेटर झुलसा

**महासमुंद।** बिरकोनी स्थित फ्नेश ऑयल फैक्ट्री में बिना सुरक्षा कार्य कर रहा मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री धाम इंडस्ट्रीज में दोपहर करीब 3 बजे यह हादसा हुआ, इस दौरान फैक्ट्री के अंदर 7 मजदूर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार उक्त फैक्ट्री में कार्य कर रहे मजदूरों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। अक्सर यहां छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। लेकिन, बुधवार को लीकेज पर मजदूर काबू नही पा सके। टंकी से हो रही लीकेज को आपरेटर द्वारा सुधारने का प्रयास किया जा रहा था इस दौरान टायर भट्ठी भी चालू होने और बेहद गर्म होने के कारण देखते ही देखते रिस रहा ज्वलनशील तेल ने आग पकड़ लिया और फैक्ट्री में आग पर काबू पाने की लचर व्यवस्था के चलते मजदूर उसे बुझा पाने में असफल हो गए। इसी दौरान हुए तेज धमाके से कार्यरत ऑपरेटर जिला दतिया मध्यप्रदेश निवासी नागिना साहनी बुरी तरह झुलस गया।

## दुष्कर्म के दो आरोपियों को दबोचा

**राजनांदगांव।** पीड़िता जहरीला पदार्थ पीकर अस्पताल राजनांदगांव में उपचार हेतु भर्ती थीं जिसका कथन लेने हेतु 24 फरवरी को कार्यपालिक दंडाधिकारी से मरणाशन कथन कराया गया। कथन में पीड़िता द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 22 फरवरी को जब वह घर में अकेली थी तब आरोपी बेललाल देवागंन निवासी गांधी चौक दुर्गापारा कैम्प-2 भिलाई दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर पूर्व परिचय होने से उसे घर के अंदर बैठाई और चाय

बनाने चली गई। सुनेपन का फायदा उठाकर उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद करके उसके साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। बदनामी से बचने हेतु घर पर रखे जहरीले पदार्थ को पी गई और बेहोश हो गई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना लालाबाग में अपराध क्रमांक 86/20 धारा 451, 342, 376, 506 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी राजेश सेन ग्राम महाराजपुर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया द्वारा बैदराज हूं कहकर ईलाज करने के बहाने प्रार्थिया की नाबालिक सुपुत्री को कमरे के अंदर दरवाजा बंद करके गलत नियत से छेड़खानी कर शारीरिक संबंध बनाया, जब एक घंटे तक दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों द्वारा दरवाजा तोड़ा गया।

### महिलाएं आपस में भिड़ीं, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नयापारा अटल आवास निवासी मानसी सोनी पति राहुल सोनी और कुमारी सबिना तांडी में मंगलवार शाम किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। मानसी की शिकायत पर पुलिस ने सबीना के खिलाफ294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## भवनों को वार्षिक किराए पर दिये जाने प्रेसिडेंट इन काउंसिल में लिया फैसला

■ पी.आईसी की बैठक में 13 विषय सर्वसम्मति से पारित

**कवर्धा।** नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रेसीडेंट इन कार्उसिल की बैठक में आज निकाय के भवनों को वार्षिक किराया नीलामी, शहर के विभिन्न स्थानों में बोर खनन हेतु प्राप्त दरों की अनुशंसा सहित 13 विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने अपने प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक फरवरी माह में दूसरी बार आयोजित किया है नपा अध्यक्ष कैबिनेट ने आज निकाय की आय को दृष्टिगत रखते हुए परिषद अधीनस्थ सभी भवनों व स्वीमिंग पुल को वार्षिक ठेका पर दिये जाने हेतु निर्णय सर्वसम्मति से पारित करते हुए परिषद की बैठक में अनुमोदन प्राप्त करने हेतु निर्णय लिया है।

### इन भवनों की होगी वार्षिक नीलामी

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि निकाय की आय बढाने हेतु परिषद टीम द्वारा राजस्व वसूली में विशेष प्रयास किया जा रहा है इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए आज प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पालिका अधीनस्थ वीर सावरकर भवन, नगर पालिका पीछे स्थित मंगल भवन, एकता चैक के पास स्थित पुराना गांधी वाचनालय एवं विश्राम गृह के सामने स्थित व्यायाम शाला एवं आउटडोर स्टेडियम में निर्मित स्वीमिंग पुल को वार्षिक किराया पर दिये जाने का निर्णय पारित किया गया है जिसके लिए अग्रिम आवश्यक कार्यवाही किये जाने व नियम/शर्तें तैयार करने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अधिकृत किया गया है।

### दूसरे की जमीन पर कब्जा

**महासमुंद।** दूसरे के खेत में कब्जाकर फसल लगाए जाने के बाद उक्त फसल को बेचे जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धारा 447,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी उमेश जैन ने पुलिस को बताया कि नांदगांव के खसरा नं 1778/3, 1828/3, 1834/3 में कुल 0.76 हेक्टेयर जमीन को हेमंत बोथरा, हरीराम पटेल, मन्नू पटेल, उधोराम पटेल व अन्य लोगों ने खेत में कब्जा कर अपना खेत बताते हुए धान फसल लगाकर करीब 40 क्विंटल धान कीमत 80 हजार 586 रूपए को बेच कर रख लिया। शिकायत पर जांच पश्चात पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया।

### त्रिपुरा के राज्यपाल से मुलाकात

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल बैस ने महासमुंद नगर पालिका एवं तुमगांव नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्य के संबंध में चर्चा की।

### ईडी मेश्राम ने की विद्युत विकास कार्यों की समीक्षा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टीके मेश्राम ने कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर कवर्धा संभाग में विद्युत विकास एवं विभागीय कार्यो की प्रगति पर विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। उन्होंने बकाया राजस्व वसुली, स्पॉट बिलिंग, पीडी एरियर्स, स्टॉप डिफेक्टिव मीटर रिप्लेसमेंट, एसेसमेन्ट केस, निगेटिंव बिलिंग, उपसंभाग की कार्यप्रणाली, बकाया राषि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्षन व लाइन विच्छेदन सहित अन्य विभागीय कार्यो की प्रगति पर विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने उपसंभाग वार प्राप्त जानकारी पर असंतोश जाहिर करते हुए कमजोर परफारमेंसन वाले मैदानी अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि बकाया राजस्व वसुली, लाइस लॉस को कम करने एवं विभागीय कार्यो में कोताही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। कवर्धा संभाग में निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनायें रखने एवं उपभोक्ताओ के विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निदान हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विद्युत लाईनों के व्यवधान पर सतत् निगरानी रखने एवं विद्युत उपकरणों में आने वाली खराबी को शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए।

### विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री से मिले बेरोजगार ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**महासमुंद।** बजट सत्र के दौरान बुधवार को विधानसभा भवन में जिले के प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आर.एच.ओ) के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक विनोद चंद्राकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव से सौजन्य भेंट कर अपनी समस्याओं व मांगों से अवगत कराया। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता के नियमित पदों पर भर्ती किए जाने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ष 2011 से पास आउट हुए हैं। शासन द्वारा नियमित भर्ती नहीं करने के कारण उनके सामने जीविकोपार्जन हेतु विकट परिस्थितियां निर्मित हो गई है। प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों ने बताया कि वर्ष 2015-16 में बस्तर संभाग के लिए 763 पदों हेतु छत्तीसगढ़ व्यापमं परीक्षा मंडल द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित किया गया था। जिसका परिणाम जारी किया गया, किंतु आज तक उन पदों के विरुद्ध रिक्त पद भरे जाने की कार्यवाही नहीं की गई है। विगत 15-20 वर्षों से कार्यरत (आरएचओ) का प्रमोशन वर्षों से लंबित है, जिससे प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के लिए रिक्त पदों की समस्या उत्पन्न हो रही है। नियमित पदों पर भर्ती तथा अन्य मांगों को पूरा करने ज्ञापन सौंपा गया।

### पालिकाध्यक्ष ने बोर खनन का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नयापारा वार्ड सात की पार्षद मीना वर्मा ने निर्माण कार्य का जायजा लिया। वार्ड पांच में नर्सरी किनारे रोड क्रासिंग पर पुलिया बनाया जाना है। बीते दिनों उक्त स्थल का पालिकाध्यक्ष प्रकाश ने ठेकेदार के साथ निरीक्षण किया था। जाम हो रहे पानी निकासी की व्यवस्था के लिए पुलिया बनाना आवश्यक है। इसके चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही है। पुलिया के अभाव में गंदे पानी का जमाव हो रहा है और शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप से नागरिकों का घर पर बैठना भी दूभर हो रहा है। नागरिकों की मांग पर अयोध्या नगर वार्ड तीन में हो रहे बोर खनन कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने जायजा लिया। बता दें कि अयोध्या नगर के नागरिकों की मांग पर विधायक विनोद चंद्राकर ने अपने मद से बोर खनन के लिए राशि दी है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने खनन के लिए पॉइंट दिया।

### 'आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी' का संदेश दिया

**महासमुंद।** आज गुरुवार को हेल्थ वेलनेस सेंटर अछोली में गैर संचारी रोग निदान एवं उपचार पखवाड़ा के तहत सुरक्षा सूत्र दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में आए ग्रामीणों की शाश्वत पवार आरएचओ (एम) व श्रीमती मीना देव आएसओ (एफ) ने सुरक्षा सूत्र (रेडरिबन) बांधकर 'आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी' का संदेश दिया। कार्यक्रम में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रहे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडा के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**कुंडा।** जिला मुख्यालय कबीरधाम से 35 किलोमीटर की दूरी पर विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडा में विगत दिनों 12वीं के छात्र छात्राओं को कक्षा नवमी दसवीं एवं ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं के द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया। एक कार्यक्रम मे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य गणों के साथ ही साथ नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत कुंडा के सरपंच उपसरपंच एवं समस्त पंच गण उपस्थित रहे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हरचरण सिंह खनूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विदाई समारोह विदाई ना हो करके एक आशीर्वाद है 12वीं के छात्र आगे की पढ़ाई अच्छे मन लगाकर करें एवं अपने साथ-साथ अपने मां-बाप एवं गांव का नाम रोशन करें ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./779/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202002100400271

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पुष्पलता सोनवानी पति श्री रुमन सोनवानी निवासी केन्द्रीय विद्यालय कर्मचारी भवन दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/48, 274/45 रकबा 0.014 हें/ 1508 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./211/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मुकेश देवांगन आ. जग्गू प्रसाद देवांगन साकिन हीरापुर गनपतच चौक टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 397/82 रकबा 0.011 हें. अर्थात 1200 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./216/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरिता शर्मा जौ. सुबल शर्मा साकिन राम सागर पारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम मोतीपुर प.ह.न. 08 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 584 रकबा 0.080 हें. अर्थात 8720 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./215/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अर्चना माण्डले आ. चन्द्रभूषण माण्डले निवासी खम्हरिया पो. सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 59 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 270/14 रकबा 0.020 हें. अर्थात 2204 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./768/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202002100400263

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आलोक जैन आ. श्री सुमेरचंद जी जैन निवासी म.न. 56 मोहन नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 358/3 रकबा 0.03 हें/ 3228 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./213/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक एस. डी. राजू आ. श्री अशोक कुमार निवासी वसुंधरा नगर भिलाई 03 तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सोमनी प.ह.न. 12 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 340/7 रकबा 0.020 हें. अर्थात 2000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 13.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./214/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गिरी बाबू आ. मधु रामा राव निवासी जोन 2 सेक्टर 11 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सोमनी प.ह.न. 12 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 340/21 रकबा 0.01 हें. अर्थात 1250 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 13.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./210/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री डी. विजय कुमार आ. डी. कामेश्वर राव साकिन जोन राम नगर चरोदा तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 267/162, 267/165 रकबा 0.012, 0.004 हें. अर्थात 1741 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र./212/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देवराज मेश्राम आ. श्री सोमा जी मेश्राम निवासी ए रेल्वे कालोनी भिलाई 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 433/117 रकबा 0.020 हें. अर्थात 2205 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

# आश्वासन के बाद अब तक नहीं मिला पूर्ण तहसील का दर्जा

## गंडई क्रांतिकारियों ने आज ही के दिन 2 साल पहले आंदोलन का शंखनाद किया था, 30 साल पुरानी है मांग

- विकास की दहलीज से गंडई आज भी दूर
- कई बार हो चुके आंदोलन

नवप्रदेश संवाददाता

**गंडई पंडरिया।** जिले के अंतिम छोर पर बसे नगर पंचायत गंडई आज भी तहसील नहीं बन पाई है । जबकि दो मुख्यमंत्री ने गंडई आकर घोषणा कर चुके है । तहसील की मांग 30 साल पुरानी जनभावना है लेकिन आज भी अधूरी है । 2 साल पूर्व नगर एवं आस पास के गंडई क्षेत्रवासियों ने युवा जन जागरण समिति के तत्वाधान मे 27 फरवरी 2018 को गंडई को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने की मांग करते हुये चक्काजाम, धरना, प्रदर्शन किया गया था । नगर के क्रांतिकारियों के ऊपर पुलिस ने लाठी और डंडे से पिटाई किया था जिसमे कई क्रांतिकारी घायल हुए थे।

गंडई नगरवासियों का पिछले कई सालो से गंडई को पूर्ण तहसील व ब्लाक बनाने की मांग शासन- प्रशासन से करती आ रही है। गंडई के युवाओं ने विकासखंड, तहसील व रजिस्टार आफिस के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया । गंडई के व्यापारियों ने ऐतिहासिक बंद रखकर विकास के मुद्दे का समर्थन किया । आंदोलन से पुरे जिले व प्रदेश के नेताओ में हड़कंप मच गया ।मुख्यमंत्रियों के आश्वाशन के बाद भी आज भी मांग पूरी नहीं हुई । गंडईवासियो मे आज भी तहसील को लेकर गहरी नाराजगी है ।

गंडई हर दृष्टि से प्रशासनिक क्षमता के बावजूद विकास के लिए संघर्ष करता रहा है ।30 सालों के संघर्ष के बाद गंडई उपतहसील बना था लेकिन यह बात विकास विरोधी कुछ नेताओं को खलने लगी लेकिन वो यह भूल गए विकास स्वाभाविक प्रक्रिया है । जानकार कहते है खैरागढ़ तहसील के विभाजन के समय गंडई ही दूरी के हिसाब से सही जगह थी , जिसे राजनीति के गुणा भाग करके बदला गया । कई मामलों में गंडई की उपेक्षा हुई । जनचर्चा में बात यह भी आता है कि इसका कारण सोच में दूरदृष्टि का अभाव था । गंडई में विकास को लेकर अंजाम पूर्वक कार्य नही हुआ । 40 सालों तक एक बड़े राजस्व इकाई गंडई की उपेक्षा की गयी।

गंडई के युवाओं ने विकासखंड, तहसील व रजिस्टार आफिस के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया । गंडई के व्यापारियों ने ऐतिहासिक बंद रखकर विकास के मुद्दे का समर्थन किया। आंदोलन से पुरे जिले व प्रदेश के नेताओ में हड़कंप मच गया ।

गंडई के विकास के मुद्दों को सीधे सांसद अभिषेक सिंह ने गौर किया । डॉ रमन सिंह ने सीधे गंडई को एस डी एम ऑफिस की सौगात दी । लेकिन तहसील के कुछ लोगो को यह बात नागवार गुजरी । उन्हें लगा गंडई को फिर कमजोर किया जाय । गंडई के लिए षडयंत्र का जाल फिर रचा गया । गंडई एस डी एम आफिस का बंटवारा कर दिया गया । सत्ता के डर ने सबको खामोश कर दिया ।

उच्च जानकारो के अनुसार इसका शाक्षि यहा तक है की 21 सितंबर 1989 को जब कांग्रेस की सरकार थी तब यहा आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम शासकीय विद्यालय मे आयोजित किया गया था । गंडई के नेताओ ने सर्वदलीय बैठक करके नगर के विकास की मांग को लेकर रूपरेखा तैयार की थी । नेताओ ने गंडई मे तहसील , विकासखंड, कालेज , व कन्या विधालय की मांग रखी थी ।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई 2018 विकास यात्रा के रथ में सवार गंडई आये थे । गंडई और सैकड़ो गांवो से बिना गाड़ी का इंतजाम किए हजारों की संख्या में लोग गंडई आये थे । पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन ने रथ पर बने मंच से कहा कि 1990 और उसके पहले गंडई के लोगो ने कितना सहयोग और समर्थन दिया मै जानता हु ।डॉ रमन सिंह यदि मुख्यमंत्री बना है तो आप सबके ही सहयोग से बना है । गंडई ने हमेशा से संघर्ष किया है । गंडई के तिरंगा चौक मे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लगभग 10 हजारो के भीड़ के बीच गंडई को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की ।

वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी गंडई आकर गंडई को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा कर चुके है ।लेकिन यह सिर्फ आश्वासन है ।कागजों में आज भी गंडई उपतहसील है ।अजीब बात है जिस गंडई को 30 साल पहले ब्लॉक होना था वहाँ तहसील तक नही है जबकि गंडई से चुने गए विधायक अकबर भाई पूर्व में भी 2003 तक मंत्री रह चुके है । मांग की गई, आश्वासन मिला, घोषणा हुई, पर गंडई आज भी वहीं है ।

■ न्यूज गैलरी

### छत्तीसगढी राजभाषा में कवियों की सजेगी महफिल, साहित्य संस्कृतिक पर होगा व्याख्यान

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग छ.ग.शासन रायपुर के सहयोग एवं साहित्य संगीत सांस्कृतिक मंच मुजगहन के संयोजन में व्याख्यान एवं सम्मान समारोह तथा आमंत्रित कवियों का काव्यगोष्ठी का आयोजन दिनांक 01 मार्च 2020 रविवार दोपहर 01-00 बजे साहित्य सदन मुजगहन ;लोहरसी रोड में आयोजित की गई है। इस गरिमामय आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष मोहन मरकाम जी के मुख्य अतिथि हरषद मेहता जी पूर्व विधायक की अध्यक्षता एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव श्री जेआर भगत जी वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रवर्तक एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम दुर्गा प्रसाद पारकर ग्राम पंचायत मुजगहन सरपंच चन्द्रशेखर साहू सुरजीत नवदीप त्रिभुवन पांडेय के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा। लोक मंच के सर्जक एवं पुरोधा दाऊ रामचन्द्र देशमुख के पुर्नजागरण काल के अवदानों पर.प्रोफे सुरेश देशमुख गांधी जी की छत्तीसगढ़ यात्रा. सीताराम साहू छत्तीसगढ़ एवं स्वामी विवेकानंद.डा जगदीश देशमुख एवं इसी तरह काव्यगोष्ठी के सूत्रधार होंगे. किशन लालए कान्हा कौशिक रमेश यादव जयकांत पटेल द्रोण कुमार सार्वा कृष्ण कुमार दीप पुष्कर राज। उक्त आयोजन में उपस्थिति की अपील संयोजक अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव हीरा लाल साहू द्वारिका प्रसाद तिवारी मन्नम राना ने की है।

### 'कुछ लोग आदिवासियों को गुमराह करने में हुए सफल'

**धमतरी।** जिले के प्रवास पर मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व गृहमंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कुछ लोग आदिवासियों को गुमराह करने में सफल हो गए हैं। मगर अब लोग धीरे.धीरे समझ जाएंगे कि सीएए सभी के हित के लिए हैं। टैक्स को लेकर पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि जनता को ट्रैक्स का बोझ उठाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। क्यों की आगामी बजट में सरकार ट्रैक्स की कीमतों में बढ़ोत्तरी कर सकती है।

### जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सदस्यों ने ली शपथ

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को सोमवार को शपथ दिलाई गई ।सभी सदस्य अधिकारी कर्मचारियो के साथ मिलजुलकर विकास करने की बात कही। धमतरी जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ विजयी हुई है ।अध्यक्ष कांति सोनवानी और उपाध्यक्ष निशु चंद्राकर निर्वाचित हुए हैं। सोमवार को प्रथम सम्मिलन रखा गया ।सीईओ नम्रता गांधी ने सबसे पहले अध्यक्ष को शपथ दिलाई ।उसके बाद अध्यक्ष कांति सोनवानी ने उपाध्यक्ष निशु चन्द्राकर समेत अन्य सदस्य गोविंद साहू सुमन संतोष साहू तारिणी नीलम चन्द्राकर दमयंतीन साहू कविता बाबर कुसुमलता साहू कांति कंवर खूब लाल ध्रुव अनिता ध्रुव मीना बंजारे मनोज साक्षी को शपथ दिलाई ।

## महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में भष्ट्राचार उजागर

**कसडोल।** विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सेल में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 57 लाख रुपए से अधिक का भ्रष्टाचार उजागर हुआ है जिसकी राज्य स्तरीय जाँच दल ने मौके पर पहुँच कर जांच करके गड़बड़ी होने पुष्टि की है । वही इस रिपोर्ट के आधार पर जिला पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दोषियों पर एफ आई आर कराने जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया था लेकिन अब तक थाना में एफ आई आर दर्ज नहीं की गई है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सेल में मनरेगा योजना अंतर्गत वर्ष 2012-13 से 15-16 तक लगभग 81 लाख रुपये के विभिन्न कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी जिसका कार्य सरपंच प्रहलाद जायसवाल, सचिव मूलचंद जायसवाल एवं रोजगार सहायक शंकर लाल वर्मा द्वारा कराया गया था । सभी कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण में लिए गए निर्णय पर राज्य स्तरीय जांच दल द्वारा जांच की गई थी जिसमे विभिन्न पहुँच मार्गो सहित 11 स्वीकृत कार्य शामिल हैं इनमें से 14 लाख रुपए के 6 कार्य नहीं होना, 2 कार्यो में अतिरिक्त मूल्यांकन तथा 3 कार्यो में स्थल परिवर्तन होना पाया गया । कुल मिला कर ग्राम पंचायत सेल में 57 लाख 27 हजार रुपये का भारी अनियमितता होने का लेख जांच दल द्वारा किया गया और सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक इसके लिए दोषी पाया गया जिसके लिए सरकारी धन का दुरुपयोग करने के कारण तीनो के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने जिला पंचायत सी ई ओ द्वारा जनपद पंचायत सी ई ओ को निर्देशित किया गया साथ ही नियमानुसार शासकीय राशि की वसूली किये जाने की बात कही गई । जिस पर जनपद सी ई ओ द्वारा कसडोल थाना प्रभारी को एफ आई आर दर्ज करने पत्र लिखा गया था लेकिन आज तक एफ आई आर दर्ज नही हो पाया ।

उल्लेखनीय है कि जिस सरपंच पर गम्भीर अनियमितता का आरोप लगा है और जिसे जाँच दल ने दोषी भी पायाहै उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी। वह पुनः सरपंच निर्वाचित हो गए। इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है। पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कोर्ट से दोषी करार व्यक्ति 6 साल तक चुनाव लड़ने हेतु अपात्र माना जाता है ।

## एसडीएम-तहसीलदार ने भूजारी आंगनबाड़ी और स्कूल निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**गंडई पंडरिया।** एसडीएम डॉक्टर दीप्ति वर्मा और तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने आज गंडाई सहित ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र भोथली, भूजारी के आंगनबाड़ी, स्कूल एवम निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम गंडई नगर के वार्ड क्रमांक 7 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस केंद्र में बच्चों का वजन कराकर देखा गया। दाखिले के समय दर्ज वजन से आधा किलो कम वजन मिलने पर कारण पूछा गया। केंद्र में बच्चों का ग्रोथ चार्ट अपडेट नहीं मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सुधार करने कड़े निर्देश दिए गए।

आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण के बाद ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र भोठली और भुजारी गांव का भी दौरा किए। भोथलि के आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता गायत्री हंसे अपने कर्तव्य से अनुपस्थित मिली। वहीं भूजारि के आंगनबाड़ी केंद्र बन्द मिला। आंगनबाड़ी केंद्र में रेडी टु एट का कोई भी सामान नहीं मिला। न ही वजन मापने की मशीन थी । इस अव्यवस्था पर उपस्थित आंगनबाड़ी सहायिका रत्ना पोटरे को कड़ी फटकार लगाई। भोथली मिडिल स्कूल के निरीक्षण में शिक्षक भूपेंद्र साहू,अपने कर्तव्य से अनुपस्थित मिले। शाला में कोई भी जिम्मेदार नहीं थे। सिर्फ बच्चे मिले। इसी प्रकार से भूज़ारी प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समय में दोनों शिक्षक शाला में मौजूद नहीं थे। गांव वालो ने बताया कि गांव में ही कन्ही गए है कुछ काम से। बुलवाने पर दोनों शिक्षक शाला में आए। उन्हें व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए गए।

### जनपद सीईओ की निष्क्रियता के कारण नवनिर्वाचित सरपंचों को नहीं मिल रहा है प्रभार

**छुरा।** जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नारद कुमार मांझी जी के निष्क्रियता के कारण सभी नवनिर्वाचित सरपंचों को उनके ग्राम पंचायतों का प्रभार अभी तक नहीं दिया गया है, जबकि 11 फरवरी 2020 को सभी नवनिर्वाचित सरपंचो का शपथ ग्रहण भी हो चुका है। पदभार नही मिलने के कारण नवनिर्वाचित सरपंच जनपद पंचायत छुरा के चक्कर लगाने को मजबूर है। इससे स्पष्ट होता है कि जनपद पंचायत छुरा के सी0ई0ओ0 और सचिवों के बीच खिचडी तो नही पक रहा है।जिसके कारण शपद ग्रहण के 15 दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं दिया जा रहा है। चुनाव परिणाम आने के पूर्व एवं बाद में लगभग 26 पंचायतें 14वें वित्त योजना की राशि का बंदरबांट/नियमविरुद्ध भुगतान की शिकायत पहले ही मिल चुका है। कहीं ऐसा तो नहीं कि आगे भी 14 वित्त की राशि का दुरुपयोग/नियम विरुद्ध भुगतान किए जाने हेतु नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं दिया जा रहा है;नव निर्वाचित सरपंचो के अनुसार इसी कारण से पंचायत सचिव भी ग्राम पंचायतों से नदारद रहते है।

## किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गंडई पंडरिया।** गंडई क्षेत्र मे बीते दिनो हुई बारिस से फसलों को नुकसान हुआ है । बरिस के चलते किसान काफी परेशान हुये है । किसानो का कहना है की कुछ जगह फसल पूरी तरह चौपट हो गई है । खेतो मे कही - कही बारिश का पानी भर गया है । नगदी फसल मे सब्जी व फलो की खेती करने वाले किसानो को भी भारी क्षति हुई है । किसानो से मिली जानकारी के अनुसार रबी फसल मे चना, गेहु, अलसी, लाखड़ी आदि बर्बाद होने पर क्षति पूर्ति का प्रावधान है ।रबी फसल मे आदिकांश किसान चना की खेती कराते है जो बरिस होने के कारण चौपट हो गया है । बेमौसम बरिस होने के कारण चने के पौधे खेत मे सो गए है। मौसम मे बदलाव ने किसानो के माथे मे चिंता की लकीरे खिच दी है । खेतो मे चने के फूल झाड जाने से फल लगाने की संभावना कम लग रही है , सब्जी के फसल मे टमाटर मे फंगस आने की संभावना है। जिससे उत्पादन मे प्रभाव पड़ेगा । बरिस से सब्जी की फसल पूरी तरह बर्बाद होने की कगार पर है । गंडई क्षेत्र मे अधिकतर लघु एवं माध्यम वर्ग के किसान है जो कर्ज लेकर खेती बाड़ी करते है । जो मौसम की मार से फसल खराब हो जाने के कारण किसान काफी परेशान है ।

> बेमौसम बरिस के कारण फसलों का हुये नुकसान का सर्वे राजस्व विभाग द्वारा कराया जा रहा है। पटवारियों के हड़ताल मे जाने के पूर्व सर्वे कार्य सुचारु रूप से जारी था।
>
> **डॉ. दीप्ति वर्मा,** एसडीएम गंडई

किसानो द्वारा एसडीएम डॉ. दीप्ति वर्मा को फसल की क्षति पूर्ति हेतु एसडीएम कार्यालय गंडई मे फसल मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा ।

### शहर में बाधित हो रहे यातायात से आम जनों को हो रही परेशानी

पवन तिवारी

**धमतरी।** शहर में दिन-प्रतिदिन लगातार सडक पर कार तथा मोटर साइकिल बढते जा रहे है। वही इससे यातायात भी बाधित हो रही है। तथा साथ -साथ शहर में लगातार आटों रिक्शा की बढोत्तरी हो रही है। चूंकि धमतरी एक ऐसा शहर है जहां बाईपास सडक नही होने के कारण बाहर से आने वाले बडी-छोटी गाडियों के लिए सिर्फशहर के बीच से गुजरने वाली एक मुख्य मार्ग ही है। जिसमें हमेशा यातायात का अतिरिक्त दबाव बना रहता है। शहर बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग होकर गुजरता है। मुख्य मार्ग से उडिसा तथा जगदलपूर बस्तर को जोडते हुए दक्षिण को जाती है। शहर से गुजरने वाली मुख्य मार्ग हमेशा ही व्यस्त रहती है। यातायात का दबाव हमेशा बना रहता है। पैदल चलने एवं मोटर साइकिल पर चलने वालों को काफी परेशानियां होते रहती है। उसमें सबसे बडी परेशानी की एक वजह आटोरिक्शा की वजह से काफी परेशानी का सामना आम लोगों को झेलना पडता है। आटो चालकों के उपर सक्त कार्यवाही के अभाव के चलते आटों चालक अपनी मनमानी पर उतर जाते है। आटो चालक द्वारा मुख्य मार्ग पर चलते-चलते अगर कोई सवारी दिख जाये तो ये बीना किसी चेतावनी एवं ऐंडीगेटर दिये मोड दिया करते है। जिससे पीछे चलने वाले दों पहिया गाडी सीधे आटो से टकरा जाते है। जिससे दुर्घटना घटते रहती है।इतना ही नही सिंग्नल पार करने की होड में अपना आटों बीच में लाकर घुसा दिया करते है। तथा चौक से निकलते वक्त सवारी उतारने व चढाने के लिए बीच चौक पर रोक दिया करते है। बता दे कि यातायात में कसावट के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सक्त कार्यवाही करने के आदेश जारी कर चुके है। फिर भी आटों रिक्शा के चालक पर कडी कार्यवाही नही हो रही है। जिससें आटों रिक्शा चालने वालों के हौसले बुलंद है। कार्यवाही सिर्फ दो पहियां एवं चार पहियें तथा ट्रक पर ही हो पाती है। मगर आटों चालक पर कार्यवाही नही हो पा रही है।

### सुपोषण गुटिका वजन बढ़ाने में कारगार साबित हो रही

**धमतरी।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप और कलेक्टर श्री रजत बंसल के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों में कुपोषण मिटाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिसंबर माह से नई पहल करते हुए आयुर्वेद विभाग की देख.रेख में सुपोषण गुटिका तैयार कर 275 आंगनबाड़ियों के कुपोषित बच्चों को यह गुटिका दी जा रही है। इसके सेवन से 1028 बच्चों के वजन में 100 ग्राम से एक किलो तक की वृद्धि देखने को मिली। परिणामस्वरूप अब फरवरी माह से जिले के 388 आंगनबाड़ियों के कुल 2436 कुपोषित बच्चों को यह सुपोषण गुटिका दी जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक इनमें शून्य से 3 साल तक के 1190 मध्यम और 299 गंभीर तथा 3 से 5 साल तक के 984 मध्यम और 163 गंभीर कुपोषित बच्चे शामिल हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत जिले के सभी चिन्हांकित 155 आंगनबाड़ियों के 1587 कुपोषित बच्चों को यह गुटिका दी जा रही है। इनमें 0 से 3 साल तक के 809 मध्यम और 194 गंभीर कुपोषित तथा 3 से 5 साल तक के 502 मध्यम और 82 गंभीर कुपोषित बच्चे सम्मिलित हैं।

चिन्हारी | आत्म निर्भरता की झलक, महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों की सरहाना

## जिला पंचायत सीईओ ने किया गोठनों का औचक निरीक्षण

**बलौदाबाजार।** जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ आशुतोष पाण्डेय ने जिले के विभिन्न गोठनों का निरीक्षण किया। इनमें जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायत पण्डरिया, बाजारभाठा, मरदा एवं अहिल्दा में गोठान एवं पंचायत विभाग से सम्बंधित अन्य विभिन्न कार्यो का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत पण्डरिया में आवास कॉलोनी का निरीक्षण किया गया, वहां पूर्व से स्वीकृत जगहों वृक्षारोपण (गार्डन) निर्माण प्रारंभ नही होने के चलते उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों को फटकार लगाई गई एवं 15 दिन में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ बलौदाबाजार को आवास कॉलोनी में स्वीकृत शौचालय निर्माण एवं हितग्राहियों के घरो में विद्युत मीटर कलेक्शन कार्य को 2 हफ्ते में पूर्ण कराने हेतु निर्देष दिया गया है। ग्राम पंचायत बाजारभाठा में गौठान का निरीक्षण किया गया, जहां गौठान में सँख्या के हिसाब से कम जानवर मिले इस पर भी जिला पंचायत सीईओ ने नाराजगी व्यक्त किया। साथ ही वहां उपस्थित ग्रामवासी एवं अन्य महिला स्व सहायता समूह आदि से बात कर गोठान सम्बंधित समस्या को जाना। उन्होंने वहां महिला समूह से कहा आप सभी मिलकर अधिक मात्रा गोबर इकट्ठा कर जैविक खाद बनाये ताकि उनका अच्छे से बाज़ार में विक्रय किया जा सकता है।इससे आप लोगों को ही आमदनी में वृद्धि होंगी जो हमारे मुख्यमंत्री जी का सपना है। ग्राम पंचायत मरदा में बिहान योजना के तहत स्व सहायता समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यो को निरीक्षण किया गया।

# कृषकों के आंदोलन को नारी शक्ति का साथ, किया रामचरितमानस का पाठ

■ नौवें दिन सदन से सीएम ने की घोषणा, खरीदे जाएंगे टोकन कटे हुए कृषकों के धान

नवप्रदेश संवाददाता

**कवर्धा।** जिले के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब कृषकों ने अपने मांगो को लेकर लगातार नौ दिनो तक कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। इस नौ दिनो के प्रदर्शन में कृषक कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट से 1 सेंकेंड के लिए भी नही हटे। लगातार सैकडों कृषक अपनी मांगो को लेकर अडिग रहे। आज नौवे दिन कृषकों के समर्थन में नारी शक्ति भी कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर रामचरितमानस का पाठ कर अपना समर्थन कृषकों को दिया। तो इसके साथ ही नौवें दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन से किसानों के लिए आज विधानसभा से बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में उन किसानों के धान खरीदे जाएंगे, जिनका टोकन कट चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में किसानों की मांग को पूरी करते हुए बताया कि सचिव स्तर के अधिकारी हर जिले में जाएंगे। उसके बाद जिन किसानों का टोकन कटा है, उनका परीक्षण करने के बाद उनसे धान खरीदा जाएगा।

मुख्यमंत्री के द्वारा सदन में घोशणा किए जाने के बाद किसानो मे खुशी की लहर दौड गई और मानो जैसे आज ही होली और दिवाली का त्यौहार हो इस तरह एक दूसरे को रंग गुलाल से रंग दिए। वहीं फटाके फोडे और एक-दूसरे को मीठा खिलाकर जश्न भी मनाया। साथ ही कलेक्टर कार्यालय के मेन गेट पर प्रदर्शन में बैठे कृशको ने अपना धरना विराम कर दिया है। इस घोशणा को लेकर किसानो ने राज्य सरकार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।

### जब लगी धारा 144 तब नारी शक्ति ने दिया साथ

किसानो के द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन में नौवे दिन जब धारा 144 लगा उसके दूसरे दिन व कहा जाए तो प्रदर्शन के नौवें दिन नारी शक्तियों ने किसानो को समर्थन दिया। बता दे कि बुधवार को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश कुमार शरण ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 की उपधारा (1) (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक निशेषाज्ञा जारी किया है। उन्होंने कहा है कि विभिन्न राजनैतिक दलों एवं संगठनों द्वारा विगत दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, धरना प्रदर्शन, नारेबाजी, आमसभा कर आम लोगों के सुगम आवाजाही के लिए उपयोग में लाये जा रहे लोक मार्ग को बाधित कर लोक न्युसेंस पैदा किया जा रहा है। लेकिल इस आदेश का असर नहीं हो रहा है। गुरुवार को कलेक्टोरेट के मेन गेट के सामने ही किसानों को धरना जारी रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पूर्व चीफ सेक्रेटरी, महापौर, शराब...**

टुटेजा को राज्य सरकार के सलाहकार के रूप में देखा जाता है। दोनों अफसरों की पूर्ववर्ती सरकार में भी तूती बोलती थी। अनिल टुटेजा नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी भी रह चुके हैं। वहीं टुटेजा की पत्नी की राज्यभर में ब्यूटी पार्लर की चेन है। इनके पार्लर में धनाड्य वर्ग के लोग व अफसर भी सेवाएं लेते हैं। बहरहाल मौजूदा व पूर्ववर्ती सरकार में अहम जिम्मेदारियां निभा रहे अफसरों के घर पर आयकर विभाग की दबिश ने छत्तीसगढ़ के सियासी हल्कों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। जहां-जहां आयकर विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गई उन-उन ठिकानों पर सन्नाटा पसरा रहा। खबर लिखे जाने तक आयकर की कार्रवाई जारी थी और विभाग की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई।

**प्रधान आयकर आयुक्त ने 12 फरवरी को किया था आगाह :** गौरतलब है कि 12 फरवरी को मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के प्रधान आयकर आयुक्त अजय कुमार चौहान ने रायपुर में चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि जो लोग आय से अधिक संपत्ति संचित कर रखे हैं, अघोषित संपत्ति सरेंडर कर दें। अन्यथा उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़ के 264 लोगों को लेखा-जोखा में गड़बड़ी करने और आयकर की चोरी करने के लिए चिह्नांकित कर रखा गया है।

**सदन में गूंजा...**

बेलगाम आचरण के साथ ही जनप्रतिनिधियों से उनके बर्ताव को लेकर था। ऐसे में कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह ही अपनी सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए बलरामपुर जिले में हुए सामूहिक दुष्कर्म का पुरजोर तरीके से मामला उठाया। पूरा सदन अनवरत उन्हें सुनता रहा और दोषी पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के साथ ही पीड़िता का उचित इलाज नहीं करने वाले चिकित्सक तक पर कार्रवाई के लिए एकमत से सदन में आवाज उठती रही। दरअसल यह मामला गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के विभाग का था इसलिए मामले की गंभीरता ज्याद बढ़ गई थी। सभी सदस्यों व ध्यानाकार्षित करने वाले कांग्रेस विधायक के बार-बार कहने के बाद भी दोनों मंत्री अपने विभाग के आरोपी व लापरवाह अफसर-कर्मियों का निलंबन के मूड में नहीं थे। सदन में इस दौरान पुलिस की पूरी जांच में बरती गई चूक, जनप्रतिनिधि से किया गया आचरण और गरीब मजदूर की नाबालिग बेटी के साथ हुए बर्ताव पर सभी एकमत हो निलंबन की अपील कर रहे थे। जबकि इसके उलट दोनों विभागीय मंत्री मामले को जांच पर टालते दिखे। इस दौरान माहौल गरमाता रहा और बार-बार विपक्ष, कांग्रेसी विधायक सख्त कार्रवाई के लिए कहते रहे।

**सीएम भूपेश ने किया...**

से हुए बर्ताव को देखते हुए उन्होंने विभागीय मंत्रियों के सामने ही निलंबन की घोषणा कर दी। बघेल ने आगे कहा कि अगर इसमें दोषियों को बर्खास्त करने की जरूरत होगी यह कार्रवाई भी की जाएगी।

**जज मुरलीधरन के...**

का ट्रांसफर कर दिया। इस बीच बीजेपी ने भी कांग्रेस पर पलटवार करते रूटीन ट्रांसफर को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया है।

ट्रांसफर दुख देने वाला : प्रियंका

प्रियंका गांधी ने लिखा, 'आधी रात को जज मुरलीधर का ट्रांसफर वर्तमान वक्त में हैरान करनेवाला नहीं बल्कि दुख देनेवाला और शर्मनाक है। करोड़ों भारतीयों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। यह सरकार न्याय में बाधा डाल रही है, लोगों का न्याय व्यवस्था से भरोसा उठा रही है जो दुखद है।

कांग्रेस राजनीति कर रही हैः रविशंकर

कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के आरोपों पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि न्यायमूर्ति मुरलीधर का तबादला सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की अनुशंसा के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि रूटीन तबादले का राजनीतिकरण करके कांग्रेस ने न्यायपालिका का एक बार फिर अपमान किया है। भारत के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को ठुकरा दिया है, इसलिए उसने देश के हर संस्थान को नीचा दिखाने का बीड़ा उठा लिया है।

**जस्टिन मुरलीधरन सहित...**

के मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की सलाह पर न्यायमूर्ति मुरलीधर को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तबादले को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आरवी मोरे का स्थानांतरण मेघालय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में और कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरवी मलीमथ का स्थानांतरण उत्तराखंड के न्यायाधीश के रूप में अधिसूचित किया है।

**बहादुर जज लोया को...**

संयम बरतने और समझदारी दिखाने की अपील करता हूं, चाहे कितना ही क्यों नहीं उकसाया जाए। बहादुर जज लोया को याद करता हूं, जिनका ट्रांसफर नहीं हुआ था।'

**दंगाईयों के साथ...**

तेजी से वायरल हुआ जिसमें आप के स्थानीय पार्षद ताहिर हुसैन अपनी छत पर दंगाइयों के साथ हाथ में डंडा लिए दिखे। छत से लोग पेट्रोल बम और पत्थर फेंक रहे थे। यह विडियो सामने के घर से कुछ लोगों ने बनाया था। विडियो में बैकग्राउंड से आवाजें आ रही थीं, जिसमें कुछ लोग यह कहते सुने जा रहे थे कि 'देखों ताहिर कैसे लड़कों को बुलाकर पत्थर जमाकर करवा रहा है, ताकि रात को ऊपर से फेंका जा सके।' विडियो में पीछे से मारपीट की आवाजें आ रही हैं और धुआं निकलता भी दिख रहा है। उधर, ताहिर पर आईबी स्टाफ अंकित शर्मा की हत्या में शामिल होने के आरोप भी लगाए गए हैं। यह विडियो बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने भी शेयर किया और ताहिर की भूमिका पर सवाल उठाए थे। वहीं, पूर्वी दिल्ली से बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि अगर विडियो में दिख रही चीजें सच हैं तो ताहिर को कोई माफ नहीं करेगा।

# गिरौदपुरी मेला आज से, तैयारियां पूर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

**बलौदाबाजार।** संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में गुरूदर्शन मेला कल 28 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह मेला तीन दिनों तक अर्थात् 1 मार्च तक चलेगा। लाखों की संख्या में देश-विदेश से बाबा के अनुयायी इस दौरान दर्शन के लिए जुटते हे। मेले में लोगों की बुनियादी सुविधाएं एवं कानून व्यवस्था संबंधी तमाम प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मेले के सुचारू संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी कसडोल को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। पूरे मेला परिसर को सेक्टरों में बांटकर विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य मेला परिसर, कुतुबमीनार से भी ऊंचा नवनिर्मित जैतखाम, अमृत कुण्ड, महराजी, छाता पहाड़, पंचकुण्डी, जन्म स्थली आदि सेक्टरों में पुलिस, पीएचई, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के सभी नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारियों को पृथक-पृथक विभिन्न सेक्टरों में कार्य दायित्व सौंपे गए है। अत्यधिक भीड़ वाले स्थानों में बायो टायलेट की व्यवस्था की गई है। पूरे मेला परिसर में 15 स्थानों पर 200 से भी अधिक समूहों द्वारा दाल-भात केन्द्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को रियायती दर पर मात्र दस रूपये में भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मेला विकास समिति में लिये गये निर्णय अनुसार दस किमी के क्षेत्र में मेला के दौरान मांस-मदिरा और तम्बाखू गुटखा का प्रतिबंधित किया गया है। प्लास्टिक और कैरीबेग के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की गई है। पूरे परिसर में पुलिस सुरक्षा बल के साथ-साथ चप्पे-चप्पे पर पूरे राज्य भर से आये 20 कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी पृथक से लगाई गई है। 10 सीसीटीवी भी लगाये गये है। सभी स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

# एनीमिया दूर करने शासकीय विभागों के साथ आयरन और फॉलिक एसिड खुराक का अभ्यास कराने में जुटी है न्यूट्रीशियन इन्टरनेशनल संस्था

**महासमुन्द।** भाग-दौड़ की जिन्दगी के चलते अधिकांश के पास वक्त की कमी,ऊपर से बदलते मौसमी परिवेश में अनियमित खान-पान, ऐसे में देखा जाता है कि नई पीढ़ी में आयरन और फोलिक एसिड की कमी हो जाती है। जागरूकता के अभाव में कमियों किशोर-किशोरियों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो जाता है। इन्हीं समस्याओं से निपटने अब स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसके लिए जिले में 'न्यूट्रीशियन इन्टरनेशनल संस्था' के समन्वय से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग- गरियाबंद जिला-गरियाबंद**
**कोटेशन आमंत्रण सूचना क्र. 03 (ii)/ (द्वितीय आमंत्रण)**

क्रमांक/139/कोटेशन/ग्रा.यां.से./2020-21 गरियाबंद, दिनांक 18/02/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ सप्लायरों से निर्माण सामग्री सप्लाई हेतु मैन्युअल कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

1. कोटेशन प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 03.03.2020
2. कोटेशन खोलने की तिथि :- 04.03.2020

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | हाट बाजार शेड निर्माण ग्रुप क्रं. 01 गरियाबंद कार्य 1 धवलपुर, 2 रावनडिग्गी, 3 खुर्सीपारा | 2.23 लाख | 2200.00 |
| 2 | हाट बाजार शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्र. 02 गरियाबंद 1 आमामोरा, 2 हरदी, 3 बिन्द्रानवागढ़ | 2.23 लाख | 2200.00 |
| 3 | हाट बाजार शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्र. 01 छुरा 1 पाटसिवनी, 2 कोसमी, 3 चरौदा | 2.23 लाख | 2200.00 |
| 4 | हाट बाजार शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं. 02 छुरा 1 कनसिंघी, 2 सिवनी, 3 चरौदा | 2.23 लाख | 2200.00 |
| 5 | हाट बाजार शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्र. 1 मैनपुर कुल्हाड़ीघाट, 2 शोभा, 3 गरीबा, 4 कोकड़ी | 2.97 लाख | 3000.00 |
| 6 | कार्य ग्रुप क्रं. 02 मैनपुर इंदागांव, 1 बम्हनीझोला 2 जुगाड़ 3, मुड़गेलमाल | 2.97 लाख | 3000.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की कोटेशन की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निर्माण दस्तावेज, प्रत्येक निविदा प्रपत्र-2.15 सी का मूल्य 750 का डी.डी. ठेकेदार की श्रेणी डी एवं वर्ग उच्च वर्ग निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की मात्रा एवं प्रावधानित दर कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है। तथा कोटेशन दर प्रत्येक कार्यवार दिया जाना है। तथा मनरेगा के नियम शर्तों अनुसार सामग्री का भुगतान किया जावेगा। तथा स्वीकृत कोटेशन दर अनुसार सप्लाई आदेश आवश्यकतानुसार किया जाना है। कोटेशन द्वितीय दौर पर बुलाई जा रही है।

जी-77352/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग गरियाबंद



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग-गरियाबंद, जिला-गरियाबंद**
**कोटेशन आमंत्रण सूचना क्र. 07/ (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक/143/कोटेशन/ग्रा.यां.से./2020-21 गरियाबंद, दिनांक 18/02/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों से निर्माण सामग्री सप्लाई हेतु मैन्युअल कोटेशन आमंत्रित की जाती है ।

1. कोटेशन प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 03.03.2020
2. कोटेशन खोलने की तिथि :- 04.03.2020

| | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.01 गरियाबंद 1 आमदी 2 दर्रीपारा, 3 रावडीग्गी। | 10.87 लाख | 10900.00 |
| 2 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.02 गरियाबंद 1 पतोरादादर, 2 लिटीपारा। | 7.25 लाख | 7250.00 |
| 3 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.03 गरियाबंद 1 मालगांव, 2 परसुली। | 7.25 लाख | 7250.00 |
| 4 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.04 गरियाबंद 1 बिन्दानवागढ़, 2 धवलपुर डीह। | 7.25 लाख | 7250.00 |
| 5 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.01 छुरा 1 चरौदा, 2 मुड़ागांव, 3 कोटीगांव। | 10.87 लाख | 10900.00 |
| 6 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.02 छुरा 1 सिवनी, 2 कनसिघी। | 7.25 लाख | 7250.00 |
| 7 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.03 छुरा 1 मुढ़ीपानी, 2 रसेला। | 7.25 लाख | 7250.00 |
| 8 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.01 मैनपुर 1 मैनपुर, 2 इंदागांव, 3 भूतबेड़ा | 10.87 लाख | 10900.00 |
| 9 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.02 मैनपुर 1 भैंसामुढ़ी, 2 धनोरा, 3 धुरवागुढ़ी | 10.87 लाख | 10900.00 |
| 10 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.01 देवभोग 1 दरलीपारा, 2 कैटपदर | 7.25 लाख | 7250.00 |
| 11 | हाट बाजार (संग्रहण केन्द्र) हेतु शेड निर्माण कार्य ग्रुप क्रं.01 देवभोग 1 खुटगांव, 2 कदलीमुड़ा, 3 झाखरपारा | 7.25 लाख | 7250.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की कोटेशन की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, प्रत्येक निविदा प्रपत्र-2.15 सी का मूल्य 750 का डी.डी. ठेकेदार की श्रेणी डी एवं वर्ग उच्च वर्ग निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की मात्रा एवं प्रावधानित दर कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है। तथा कोटेशन दर प्रत्येक कार्यवार दिया जाना है। तथा मनरेगा के नियम शर्तों अनुसार सामग्री का भुगतान किया जावेगा। तथा स्वीकृत कोटेशन दर अनुसार सप्लाई आदेश आवश्यकतानुसार किया जाना है। कोटेशन प्रथम दौर पर बुलाई जा रही है।

जी-77354/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग गरियाबंद



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PURUSHOTTAM LAL JANGDE S/O CHUNU RAM JANGDE निवासी 06, WARD NO 16, GHASIDAS WARD MAHASAMUND (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PURUSHOTTAM JANGDE S/O CHUNU RAM JANGDE रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PURUSHOTTAM JANGDE S/O CHUNU RAM JANGDE से ही जाना पहचाना जावे।

PURUSHOTTAM
JANGDE
06, WARD NO 16,GHASIDAS
WARD MAHASAMUND (C.G.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्र. 7, रायपुर**
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 465/2019-2020
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-15

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 15/1273 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती नवीन दानी, उपेन्द्र दानी पिता शंकर दानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नवीन दानी पिता स्व. श्री उपेन्द्र प्रसाद दानी ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 452/19-20
वार्ड का नाम- गुरू घासीदास-44

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू घासीदास-44 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 44/नया D-00106-G.I.S. तक जो कि निगम अभिलेख में श्री फैय्याज, रियाज, रेहाना, रूकसाना s/o अ जब्बार के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती रेहाना बेगम w/o स्व. रशीद अहमद रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 27/02/2020

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**

**निविदा सूचना**

क्रमांक 836/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2020 रायपुर, दिनांक 25/02/2020

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट/ ऑनलाईन से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि - 16.03.2020 को सायं 4.00 बजे तक
2 निविदा खोलने की तिथि - 17.03.2020 को सुबह 11.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य/डी.डी. के रूप में भी मान्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर./नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 अंतर्गत वार्ड कार्यालय में शौचालय एवं अन्य संधारण कार्य। | 1.69 | 3,000.00 | 300.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 1 माह | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 2 | डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 अंतर्गत फुंडहर शा.उ.मा. शाला खेल मैदान के समतलीकरण एवं मुरूम डालने का कार्य | 1.25 | 3,000.00 | 300.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | राशि समाप्ति तक | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 3 | डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 अंतर्गत महात्मा गांधी नगर शिव मंदिर के पास नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 7,500.00 | 750.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 2 माह | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 4 | ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 56 अंतर्गत सर्वोदय नगर में रंगमंच मरम्मत कार्य। | 3.72 | 6,000.00 | 750.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 5 | ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 56 अंतर्गत राजेन्द्र नगर स्थित सिद्धार्थ के घर से वाहीद फिरोज के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.96 | 4,500.00 | 750.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 1 माह | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 6 | ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 56 अंतर्गत सर्वोदय नगर स्थित कल्लु शर्मा के घर के पास आंगनबाडी मरम्मत कार्य। | 2.04 | 3,000.00 | 750.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 1 माह | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |

नोट :- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज/जीवित पीडब्ल्यूडी लायसेंस/जीएसटी रिटर्न सर्टिफिकेट/जीवित बैंक साल्वेंसी/पेन कार्ड/ 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न/ 03 माह का जीएसटी रिटर्न निविदा जारी होने के 06 माह पहले का/राशि रु. 100/- का शपथ पत्र, निविदा प्रपत्र का शुल्क डी.डी. के रूप में भी स्वीकार किया जावेगा। (निविदा शुल्क का डी.डी. जोन कमिश्नर जोन-04 नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा एवं अमानती राशि आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से होगा।)
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें जोन क्रमांक-04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

साफ सफाई समस्या निराकरण संपर्क महापौर स्वच्छता हेल्प लाईन- 9301953294

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 4, नगर पालिक निगम, रायपुर



**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अंतर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाए अनुसार ईमारती काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 03.03.2020
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाटा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाटा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10.00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | पुरानी काष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी |
| सागौन | 0 | 0.000 | 0 | 37 | 4.468 | 1 |
| साल | 29 | 5.564 | 11/3 | 243 | 44.035 | 0 |
| बीजा | 165 | 26.380 | 5/8 | 200 | 17.590 | 1/12 |
| साजा | 25 | 1.698 | 8 | 86 | 11.758 | 4/1 |
| शीशम | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 |
| हल्दू | 9 | 1.562 | 0 | 4 | 1.157 | 0 |
| शिवना | 1 | 0.0562 | 0 | 4 | 1.157 | 0 |
| धावड़ा | 17 | 1.993 | 3 | 19 | 2.190 | 0 |
| तिन्सा | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 |
| अन्य | 160 | 28.946 | 16/7 | 650 | 101.355 | 3/8 |
| मुलायम काष्ठ | 0 | 0.000 | 0 | 9 | 3.293 | 0 |
| सागौन चिरान | 35 | 0.493 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| साल चिरान | 73 | 1.284 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| बीजा चिरान | 6 | 0.586 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| हल्दू चिरान | 6 | 0.080 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **योग :-** | **526** | **68.642** | **44/19** | **1249** | **185.920** | **9/21** |

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्तें एवं विस्तृत जानकारियां अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई ईमारती काष्ठ श्रेणी को भली भांति देख लेवें। वर्ष 2020 का व्यापार पंजीयन प्रमाण पत्र एवं फर्म का पेन नंबर/ जी.एस.टी. नंबर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है।

जी-77325/4

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**फोर कोन क्लीनिंग मशीन हेतु निविदा**

निविदा सूचना संख्या: आरडब्ल्यूएसएस/आर/फोर कोन क्लीनिंग मशीन फोर सीटीआरबी/2020, दिनांक 24.02.2020. ई-निविदा: वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निम्नलिखित सामग्री के इलेक्ट्रानिक निविदा आमंत्रित करता है, निम्न आइटम के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | नियत तिथि | विवरण | मात्रा | बयाना राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22205031 | 17.03.2020 | फोर कोन क्लीनिंग (Cleaning) मशीन फोर सीटीआरबी | 01 नंबर | ₹ 0 (शून्य) |

निविदा दस्तावेज का मूल्य कुछ नहीं। ई-निविदा की शर्तें: 1. बयाना राशि केवल आनलाईन पेमेंट मोड द्वारा ireps पोर्टल के माध्यम से किया जाना चाहिए। मैनुअल मोड के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। 2. बोलीकर्ता को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध कोटेशन पेज के माध्यम से प्रस्ताव (Quote) करना होगा। नोटः (अ) पात्रता मापदंडो को पूरा करने वाली संस्था को इस निविदा में कोट करना चाहिए। (ब) विस्तृत विनिर्देशन के लिए कृपया आईआरईपीएस साईट यानि http://www.ireps.gov.in देखें।

सीआर/आर/आरडब्ल्यूएसएस/आईसी/213 उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/आरडब्ल्यूएसएस/रायपुर

South East Central Railway @secrail


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## अनलॉक द हॉन्टेड ऐप में काम करेंगी अदिति आर्य

**मुंबई (वार्ता)।** पूर्व मिस इंडिया वर्ल्ड 2015 अदिति आर्या टीवी अभिनेत्री हिना खान और कुशाल टंडन के साथ डिजिटल फिल्म 'अनलॉकः द हॉन्टेड ऐप' में काम करती नजर आयेंगी। फिल्म के निर्माताओं ने प्रीमियर की तारीख को साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेते हुये बताया कि 13 मार्च को जी 5 पर इस वेब फ़िल्म का प्रीमियर आ जाएगा। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी सुहानी यानी हिना खान के इर्द-गिर्द घूमती है। सुहानी किसी के प्यार में पड़ती है लेकिन उसे हमेशा डर होता है कि वो उसे खो न दें। जिसके लिए वह अपनी फ्लैटमेट रिद्धि यानी अदिति आर्य पर शक करती है। अपने प्यार को रिद्धि से बचाने के लिए सुहानी गलत रास्ता अपनाती है और एक डार्क ऐप डाउनलोड करती है, जिसका उपयोग करके वह अपनी इच्छाओं को पूरा कर सकती है। अदिति से फिल्म में उनके किरदार के बारे में पूछा गया तब उन्होंने उत्साहित होते हुए बताया कि रिद्धि का किरदार फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केवल वे ही होती है जिन्हें फ़िल्म के आखिरी तक प्रेतवाधित घटनाओं के बारे में पता नहीं होता है और इन सब के चलते वे इस तरह की घटनाओं का शिकार हो जाती है। उन्होंने कहा, मेरा किरदार कुशाल टंडन और हिना खान के साथ एक लव ट्रायंगल दर्शाता है। मैं एक ऐसी लड़की के किरदार में हूँ जो बेहद मासूम, फिक्र करने वाली और लगाव की भावना रखने वाली है। इस हॉरर वेब फिल्म को देबातमा मंडल निर्देशित किया है। फिल्म में अदिति आर्य ,कुशल टंडन ,हिना खान के अलावा ऋषभ सिन्हा भी नज़र आने वाले है।

## सलमान की 'राधे' का अक्षय और कटरीना करेंगे प्रमोशन 'सूर्यवंशी' के साथ बना प्लान

सलमान की फिल्म 'राधे' ईद पर रिलीज होगी। वहीं, मार्च में अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' आ रही है। इसके बाद सलमान जहां 'कभी ईद कभी दिवाली' में दिखेंगे वहीं अक्षय कुमार के पास करीब आधा दर्जन फिल्में हैं। सलमान खान की 'राधे' का अक्षय कुमार और कटरीना कैफकरेंगे प्रमोशन 'सूर्यवंशी' के साथ बना प्लानबॉलिवुड स्टार सलमान खान के फैंस को उनकी फिल्म 'राधे' का बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म ईद पर आनी है। मेकिंग के समय से ही यह फिल्म चर्चा में है। अब सलमान के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। इस फिल्म को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके तहत अक्षय की फिल्म 'सूर्यवंशी' के साथ 'राधे' के प्रमोशन का प्लान बना है। सलमान खान और दिशा पाटनी स्टारर फिल्म 'राधे' का टीजर अब अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' के साथ लॉन्च करने की तैयारी है। इसके लिए 'राधे' के मेकर्स मल्टिप्लेक्स और थिअटर के मालिकों से बात कर रहे हैं। कोशिश है कि सूर्यवंशी फिल्म के बीच में 'राधे' का टीजर दर्शक देख सकें।

## अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गीत 'प्राइवेट रोमांस' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गीत 'प्राइवेट रोमांस' रिलीज कर दिया गया है।

अक्षरा सिंह ने अपने यू-ट्यूब अकाउंट अक्षरा सिंह पर होली स्पेशल एक गाना 'प्राइवेट रोमांस' जारी कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है,'टिक टॉक पर होली मेरा वायरल करा दो'। अब यह गाना, खुद अक्षरा सिंह ने अपने सुरों से सजाया है। इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा, 'प्राइवेट रोमांस' सभी संगीत प्रेमियों के लिए मेरी ओर से होली का तोहफा है। इस गाने में कई रंग हैं, जिसमें आप सराबोर हो जायेंगे। मैंने यह गाना बड़े शौक से बनाया है। इसका वीडियो भी शानदार है, जिसे बॉलीवुड टच दिया गया है। यह गाना भोजपुरी संगीत, रैप और जोगीरा का कोलिजन है। उम्मीद करती हूं, सबों को जरूर पसंद आयेगा। गौरतलब है कि 'प्राइवेट रोमांस' का लीरिक्स संतोष पुरी ने बनाया है और संगीत मधुकर आनंद ने तैयार किया है।

## डिजिटल डेब्यू करेंगे आमिर खान

**मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान जल्द ही डिजिटल डेब्यू कर सकते हैं।**

आमिर खान इन दिनों फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग में बिजी हैं। यह फिल्म वर्ष 1994 में प्रदर्शित आस्कर विनिंग फिल्म फॉरेस्ट गंप का आधिकारिक रीमेक है। फिल्म में आमिर के अलावा करीना कपूर खान और साउथ एक्टर विजय काम कर रहे हैं। जहां इस फिल्म में आमिर टॉम हैंक्स का रोल प्ले करेंगे वही विजय उनके दोस्त का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में मोना सिंह भी अहम रोल में हैं।

आमिर इस फिल्म को लेकर वो काफी मेहनत कर रहे हैं। इसी बीच चर्चा हो रही है कि आमिर खान जल्द ही डिजिटल डेब्यू करने वाले हैं। आमिर खान वेब सीरीज स्पेस में कदम रखने वाले हैं। बताया जा रहा है कि आमिर खान को ओटीटी मल्टी-सीरीज के लिए अप्रोच किया गया है और आमिर खान की टीम राइटर्स मेटेरियल डेवलप करने में लगे हैं। आमिर का शो ह्यूमन इंटरेस्ट ड्रामा होगा। हालांकि अभी इस बात की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नही हुयी है।



# महिला टी-20 विश्व कप : भारत की सेमीफाइनल में स्थान तय

## भारत ने न्यूजीलैंड को 3 रनों से हराया

- **भारतीय महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीन रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपनी लगातार तीसरी जीत हासिल की। इसके साथ ही भारत ने टूर्नमेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।**

**मेलबर्न।** युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की तेजतर्रार पारी और गेंदबाजों के एक और अनुशासित प्रदर्शन से भारत ने गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को रोमांचक मैच में चार रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में जीत की हैट्रिक पूरी करने के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। सोलह वर्षीय शेफाली ने 34 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 133 रन पर ही पहुंच पाई।

भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि फिर से अपेक्षाकृत कम स्कोर का अच्छा बचाव किया और एमिलिया केर (19 गेंदों पर नाबाद 34 रन) के अंतिम क्षणों के धमाल के बावजूद न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। भारतीय टीम की यह लगातार तीसरी जीत है। उसने इससे पहले मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 17 रन और बांग्लादेश को 18 रन से हराया। भारत गुप ए में तीन मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है और वह सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। भारतीय टीम अपना आखिरी मैच शनिवार को श्रीलंका से खेलेगी। भारत ने स्पिनरों ने शुरुआत दिलाई लेकिन दीप्ति शर्मा के ओवर में 12 रन बन गए जिसमें सलामी बल्लेबाज राचेल प्रीस्ट (12) के दो चौके शामिल हैं। अनुभवी शिखा पांडे ने हालांकि प्रीस्ट को अगले ओवर में आउट कर दिया। शिखा और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज खुलकर नहीं पाईं। दीप्ति ने अपने दूसरे स्पैल में सूजी बेट्स (छह) को बोल्ड किया। इसके बाद पूनम यादव और राधा यादव ने कीवी टीम पर दबाव बना दिया।

पूनम ने कप्तान सोफी डिवाइन (14) को आउट करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी। मैडी ग्रीन (24) और केटी मार्टिन (25) ने 36 गेंदों पर 43 रन की साझेदारी करके टीम को इन झटकों से उबारने का प्रयास किया। गायकवाड़ ने हालांकि ग्रीन को पविलियन भेज दिया जबकि राधा ने मार्टिन को आउट करके स्कोर पांच विकेट पर 90 रन कर दिया।

न्यूजीलैंड को जब 21 गेंदों पर 44 रन की जरूरत थी तब केर ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 19वें ओवर में पूनम पर चार चौके लगाए। इस तरह से न्यूजीलैंड को अंतिम ओवर में 16 रन की दरकार थी। शिखा ने यह ओवर किया जिसमें हेली जेनसन (11) और केर ने चौके लगाए लेकिन आखिर में भारतीय गेंदबाज उन पर अंकुश लगाने में सफल रही। इससे पहले भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला जिसके बाद 16 वर्षीय शेफाली ने फिर से टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। भारत ने पावरप्ले के ओवरों में 49 रन बनाए। भारतीय टीम ने हालांकि 43 रन के अंदर छह विकेट गंवाए जिससे वह इस इस शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाई। बुखार के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाली स्मृति मंधाना (11) जल्द ही आउट हो गईं। उन्होंने तीसरे ओवर में ली ताहुहु की गेंद विकेटों पर खेली। शेफाली और तानिया भाटिया (23) ने दूसरे विकेट के लिये 51 रन जोड़े।

**तोक्यो ओलिंपिक 2020**

## खेलों के महाकुंभ पर कोरोना वायरस का साया, तो क्या रद्द होंगे गेम?

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलिंपिक 2020 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं है और चीन से फैलना शुरू हुए कोरोना वायरस का खतरा खेलों के इस सबसे बड़े महाकुंभ पर मंडरा रहा है। और अब दबी जुबान में यह कहा जाने लगा है कि शायद इन खेलों को कैंसिल करना पड़े।

अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (IOC) के एक अधिकारी ने पहली बार कहा है कि तोक्यो गेम्स रद्द होने की आशंका है। ये मुकाबले अब सिर्फ 148 दिन दूर हैं। अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 अब तेजी से सारी दुनिया में फैल चुका है। आईओसी के लिए सबसे लंबे समय तक सदस्य रहे डिक पाउंड ने जापान टाइम्स को कहा, 'यह एक नई जंग है और आपको इसका सामना करना होगा। तब तक लोग यह सवाल पूछते रहेंगे, 'क्या यह बीमारी इतने नियंत्रण में है और हमें इतना विश्वास है कि हम तोक्यो जाएं या नहीं?''

उन्होंने हालांकि अभी अलार्म बटन नहीं दाबाया है, हालंकि आईओसी के पास अभी आखिरी फैसला करने के लिए तीन महीने का वक्त बाकी है लेकिन सामान लाने-ले जाने, ऐथलीट के लिए बंदोबस्त करना, फैंस और दुनियाभर के मीडिया के लिए खानपान और अन्य बंदोबस्त करना भी एक बड़ी चुनौती है।

### आईओसी ने किया था टालने से इनकार

**आईओसी ने आधिकारिक रूप से गेम्स को टालने या कहीं और शिफ्ट करने के विचार को खारिज कर दिया है। लेकिन जिस तरह यह बीमारी अब फैल रही है इसने सबसे अनुभवी अधिकारियों को भी चिंता में डाल दिया है। यह डर यूं ही नहीं है। पिछले सप्ताह, तोक्यो मैराथन के आयोजकों ने कहा कि वे सिर्फएलीट रनर्स के लिए रेस करवाएंगे। उन्होंने 1 मार्च को होने वाली रेस में सामान्य वर्ग को कैटगिरी को हटा दिया जिसमें 38 हजार धावकों ने भाग लेना था।**

## रहाणे का मंत्र : मजबूत इरादे दिखाएं और ऐंगल का सही अनुमान लगाएं

- **रहाणे ने कहा कि कीवी टीम के खिलाफसीरीज के दूसरे मैच में भारतीय बल्लेबाजों को मजबूत इरादे दिखाने होंगे। इसके साथ ही ऐंगल का सही अंदाजा भी लगाना होगा।**

**क्राइस्टचर्च।** अंजिक्य रहाणे चाहते हैं कि उनके बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में तेज गेंदबाजों का मजबूत इरादों के साथ सामना करें और उस कोण से उठती गेंदों को समझे जो वेलिंगटन में पहले टेस्ट मैच में उनके लिए बुरा सपना बन गई थी।

रहाणे ने पहले टेस्ट की पहली पारी में सर्वाधिक 46 रन बनाए थे और उन्होंने उम्मीद जताई कि हेगली ओवल की पिच पर घास होने के बावजूद उनकी टीम वापसी करेगी। रहाणे ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमें अधिक आक्रामक होना चाहिए लेकिन मजबूत इरादे और स्पष्ट मानसिकता से हमें मदद मिलेगी।' न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और काइल जेमिसन ने क्रीज के कोण का इस्तेमाल करते हुए शार्ट पिच गेंदें की थी जिससे भारतीय बल्लेबाज नहीं समझ पाए थे।

रहाणे ने कहा, 'मुझे लगता है कि वेलिंगटन में उन्होंने उस कोण का बहुत अच्छा इस्तेमाल किया। क्रीज के बाहरी कोण से यह बीच से गेंदबाजी करना। शॉर्ट पिच गेंद करते समय वे कोण बदल रहे थे।

## कीवी टीम की रणनीति साफ– हेगली में बजेगा 'चिन म्यूजिक'

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने तेज और उछाल वाली गेंदों पर भारत के संघर्ष को देखते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल हेगली ओवल में दूसरे टेस्ट मैच में 'चिन म्यूजिक' का सामना करना होगा। वैगनर अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण वेलिंगटन टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें भारतीय बल्लेबाजों को राउंड द विकेट से की गई शॉर्ट पिच गेंदों के सामने जूझना पड़ा था।

### इस पर पर अधिक उछाल

वैगनर ने कहा कि उनकी टीम शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भी यही रणनीति अपनाएगी। वैगनर ने कहा, 'निश्चित तौर पर उनके लिए यहां खेलना मुश्किल होगा जहां थोड़ा अधिक उछाल और तेजी है। भारत में खेलने से यह भिन्न है जहां बहुत अधिक उछाल और तेजी नहीं होती है।'

## आईपीएल 2020 : सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड वॉर्नर को बनाया कप्तान

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने 29 मार्च से शुरू रहे इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के लिए डेविड वॉर्नर को अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह केन विलियमसन की जगह लेंगे। विलियमसन ने 2018 और 2019 में टीम की कमान संभाली थी। विलियमसन को 2018 में उस समय टीम का कप्तान बनाया गया था जब वॉर्नर को बॉल टैंपरिंग विवाद के बाद सीजन से बैन कर लिया गया था।

विलियमसन की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 2018 के फाइनल तक का सफर तय किया था। यहां उसे चेन्नै सुपर किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। विलियमसन ने उस टूर्नमेंट में सबसे ज्यादा, 735 रन बनाए ते। पिछले साल सनराइजर्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों एलिमिनेटर में हार का सामना करना पड़ा था।

# परीक्षा सिर पर, ध्वनि यंत्रों पर प्रतिबंध नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई हो रही है प्रभावित, जिम्मेदार बेखबर

■ आगामी सप्ताह से बोर्ड एग्जाम शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

**खरोरा।** जहां एक और सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार की योजनाएं चलाकर उनको भला करने की सोच रखी जा रही है इसके चलते सरकार द्वारा स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों को पुस्तकों से लेकर ड्रेस, भोजन व आने-जाने के लिए साइकिलें प्रदान करते हुए उनके शिक्षा स्तर को ऊंचा बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है मगर वहीं दूसरी ओर देखा जा रहा हैं। कि वर्तमान में प्रतिबंध के बावजूद जहां-तहां खुलेआम डीजे सहित अन्य ध्वनि यंत्र जिस प्रकार से बज रहे हैं इस स्थिति के चलते बच्चों को पढ़ाई करना मुश्किल होते हुए दिखाई दे रहे हैं यही नहीं अभी डीजे का खुलेआम उपयोग हो रहा है प्रशासन के प्रतिबंध आदेश को डीजे साउंड चलाने वालों ने खूंटी पर टांग रखा हैं। इस समय रातों-रात डीजे साउंड के उपयोग के कारण छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा हैं।

**आदेश की अवहेलना**

नगर सहित गांव में जहां खुलेआम माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना होते हुए देखी जा रही है जबकि गौर किया जाए तो प्रतिवर्ष परीक्षा के शुरुआत के पहले ही जिला कलेक्टर द्वारा संपूर्ण जिले में स्कूली बच्चों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर रोक लगा दी जाती हैं। मगर इस वर्ष परीक्षा संचालित होने पर भी प्रतिबंध नहीं लगाना निश्चित ही चिंताजनक सच्चाई उजागर होने से नहीं छुपा रही हैं। मामले में प्रशासन अपने ही प्रतिबंध आदेश का पालन नहीं करवा पा रहे हैं।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध के लिए आदेश जारी किया जाएगा।

**डॉ एस भारतीदासन,** जिला कलेक्टर रायपुर

नगर परिक्षेत्र में डीजे धुमाल एवं ध्वनि यंत्रों पर परीक्षा अवधि तक प्रतिबंध करना चाहिए ताकि परीक्षार्थियों को अध्ययन में दिक्कतें ना हो।

**हरीश देवांगन,** प-प्राचार्य भ दे उच्च माध्यमिक शाला खरोरा

■ न्यूज गैलरी

## श्यामा चरण शुक्ला की जयंती मनी

**भाटापारा।** कांग्रेस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री स्व प श्यामा चरण शुक्ल की जंयती मनाई गई इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा,गोपाल शर्मा, अरूण यादव अशोक तिवाड़ी सभापति सिरिज जांगड़े अयुब बाठिया गेंदु साव वैभव केशरवानी नितिन शुक्ला जहीर बाठिया विनोद यदु महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी साहुआदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## अमित बने भाजपा पार्षद दल के नेता

**डोंगरगढ़ ।** गत दिनों शहर में भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल की बैठक आयोजित किया गया । बैठक में पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफ्ना सहित वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमित जैन व सभी भाजपा के निर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति में वार्ड नंबर 13 के वरिष्ठ पार्षद अमित छाबड़ा को सर्वसम्मति से भाजपा पार्षद दल का नेता चुना गया । नगर पालिका परिषद् में कांग्रेस पार्टी सत्तासीन होने के चलते नगर के विभिन्न समस्या को प्रमुखता से भाजपा पार्षदों ने अमित छाबड़ा को अपना नेता चुना है । अमित के नगर पालिका में प्रतिपक्ष नेता बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दिए है ।।

## मैनपुर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस

**गरियाबंद।** कलेक्टर श्याम धावड़े ने शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता अंतर्गत जनचैपाल से संबंधित प्रकरणों का ऑनलाईन निराकरण नहीं करने के कारण मैनपुर तहसीलदार सुश्री रजनी भगत को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है। उन्होंने अपने नोटिस में कहा है कि जनचैपाल के नोडल अधिकारी द्वारा जनचैपाल से संबंधित लंबित प्रकरणों का ऑनलाईन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में पाया गया है कि सौंपे गये कार्यो में जनचैपाल से संबंधित प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया है एवं उनके आईडी में 19 प्रकरण लंबित पाये गये है। उनके द्वारा जनचैपाल के तहत् प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है, जो कि सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन है। उनका यह यह कृत्य कर्तव्य परायणता व पूर्ण रूप से सनिष्ठ रहने के प्रयुक्ति के उदासीन, सुस्त रवैया तथा कर्तव्य के प्रति हल्केपन को प्रदर्शित करता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-03 (सामान्य) के (दो) सत्य निष्ठा और कर्तव्य परायणता के सर्वथा विपरीत है।

## रोजगार संगी मोबाइल ऐप इंस्टाल करने दी जा रही जानकारी

**गरियाबंद।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु रोजगार संगी मोबाईल एप्प लॉन्च किया गया है। रोजगार संगी मोबाईल एप्प की जानकारी लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवा रोजगार के अवसर हेतु रोजगार संगी एप्प की अधिक जानकारी एवं एप्प इंस्टाल के लिए लाईवलीहुड कॉलेज टोनहीनाला के पास देवभोग रोड गरियाबंद में समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते है।

## तीन प्रकरण में 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर श्याम धावड़े ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के तीन मामले में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति की है। प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम हरदीभाठा निवासी 24 वर्षीय लीना डोंगरे पति नरेश डोंगरे की आग में जलने से ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। इस प्रकरण में पीड़ित व्यक्ति नरेश डोंगरे पिता शंकर डोंगरे को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मैनपुर तहसील के ग्राम सगड़ा निवासी 20 वर्षीय मकरन्द यादव पिता घनश्याम यादव की पानी व आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हुई थी, इस प्रकरण में पीड़ित व्यक्ति घनश्याम यादव पिता सदन यादव को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है तथा ग्राम सगड़ा के ही निवासी 20 वर्षीय भरतो यादव पिता सुरबल की पानी व आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हुई थी, इस प्रकरण में पीड़ित व्यक्ति सुरबल पिता कंचन यादव को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

# एक महीने से पदभार के लिए भटक रहीं महिला सरपंच

### नहीं मिल सके दस्तावेज, हसुवा के पंचायत सचिव पर दबंगई का आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**कसडोल।** महिला सशक्तिकरण के दावों के बीच एक महिला सरपंच एक महीने से पूर्ण पदभार ग्रहण करने के लिए भटक रही हैं। पंचायत सचिव की दबंगई के कारण उसे अब तक पूरा पदभार और जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। इससे पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

कसडोल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हसुवा की नवनिर्वाचित सरपंच रामेश्वरी साहू को पंचायत सचिव की दबंगई के कारण अब तक पदभार नहीं मिला है। वे जनपद पंचायत कसडोल के सीईओ से मौखिक रूप से गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। वही नवनिर्वाचित सरपंच रामेश्वरी साहू ने 27 फरवरी को एसडीएम कसडोल एवं जनपद सीईओ कसडोल से लिखित आवेदन देकर पूर्ण पदभार दिलाने की मांग की हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार सचिव द्वारा आचार संहिता के दौरान 28 जनवरी को चुनाव संपन्न होने के बाद डिजिटल सिस्टम से 14 वें की राशि में से बिना कुछ काम कराये राशि आहरण किया गया हैं। ग्रामीणों की माने तो यहां शौचालय निर्माण में भी अनियमितताए हुआ है। इसके अलावा इस पंचायत में अनेक भ्रष्टाचार हुआ हैं यही वजह हैं कि वह पूरी तरह चार्ज देने और कैश बुक सौंपने में आनाकानी कर रहा है। हसुवा के ग्रामीण शैलेष साहू, भुनेश्वर साहू, बट्टू साहू, सुशील साहू, रामदुलारी साहू, भंडारी साहू, टेकराम साहू सहित आदि ने भी इस मामले में नाराजगी जाहिर की है। इनका कहना है कि दूसरी ग्राम पंचायतों मे नए सरपंच पूरी तरह पदभार ग्रहण करने के बाद विकास कार्य शुरू करा रहे हैं। जबकि हसुवा पंचायत में पूरा पदभार नहीं मिलने से विकास कार्य पिछड़ रहे हैं।शासन से इन्होंने सचिव पर कड़ी कार्यवाही की मांग की हैं।सरपंच पति गोरे लाल साहू का कहना है कि पुराने कार्यो में हुई गड़बडियों पर लीपापोती की जा रही है। इसलिए उनकी पत्नी को अब तक पदभार नहीं दिया जा रहा।

पदभार नही मिलने से कामकाज प्रभावित हो रही हैं, मेरे गांव की जनताओं का पंचायत से संबंधित अनेक कार्य रुक रहा हैं।

**रामेश्वरी साहू,** सरपंच ग्राम हसुवा

टीम गठित कर जल्द ही एक या दो दिन के अंदर सरपंच को प्रभार दिलाया जाएगा।

**नेहरुल महेश्वरी,** सीईओ, जनपद पंचायत कसडोल

## निर्माण सामग्री से पाट दिया सड़क को

नवप्रदेश संवाददाता

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद के पार्षद महेन्द्र जैन ने शहर के स्वच्छता अभियान की सूरत बिगाड़ने के लिए शहर के अधिकत्तर लोगों को जिम्मेदार मानते हुए उनसे अपील की है कि शहर की सफाई महत्वपूर्ण विषय है, और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में आप सभी के सहयोग से संभव है। महेंद्र जैन ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से अनुरोध किया है कि जो व्यक्ति सफाई के प्रति गंभीर नहीं है, जो लापरवाही बरतते हैं, उसे पालिका द्वारा नोटिस जारी कर जुर्माना किया जाना चाहिए। महेंद्र जैन का कहना है कि जो नागरिक पुराने मकान को तोड़कर नया मकान का निर्माण करते हैं तोड़े हुए मकान के मलवे को तत्काल ट्रैक्टर से उचित स्थान पर फेंकने की कार्यवाही की जानी चाहिए। लेकिन अक्सर देखने को मिलता है कि तोड़े हुए मकान का मलवा आसपास खाली जगह या फिर नाली के सामने ड़ाल देतें हैं। इससे नाली पूरी तरह से पट जाता है। जिससे नगर पालिका के सफाई कर्मी भी साफ नहीं कर पाता। दूसरी ओर भवन निर्माण सामग्री को नाली के उपर रखे जाते हैं। लोगों का भवन तो बन जाता है लेकिन उन निर्माण सामग्री से नाली पूरी तरह पट जाता है। वहीं यातायात भी बाधित हो जाती है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने गुरुवार को स्वच्छता प्रभारी को एक आदेश दिया है कि शहर में हो रहे भवन निर्माण की जानकारी सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही भवन स्वमियों को समझाइश दी जाए कि सड़कों पर से निर्माण सामग्री हटा ले। दोवारा सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही करने को कहा है।

**प्रकाश चंद्राकर,** अध्यक्ष, नगर पालिका

## नीशु ने जिपं सदस्य मद से बाउंड्रीवाल की घोषणा की

**धमतरी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज द्वारा नवीन सांस्कृतिक भवन व मूर्ति स्थापना लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया। समाज की मांग पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने अपने जिला पंचायत सदस्य मद से भवन के बाउंड्री वॉल की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष गुंजा साहू ने की। संरक्षक खुमेंद्र मरकाम,अध्यक्ष जालमसिंह मंडावी, पूर्व सचिव संतोष ध्रुव, सचिव मोहित ध्रुव, कोषाध्यक्ष तीरथ ध्रुव, उपाध्यक्ष देव कुमार ध्रुव, विशिष्ट अतिथि महेश्वर दास सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कोसरिया सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग, विशिष्ट अतिथि निखलेश देवान, विशिष्ट अतिथि आशीष बंगानी मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी, अम्बर चंद्राकर युवा नेता, मनोज प्रधान युवा नेता, पंच इंदु ध्रुव श्याम ध्रुव उपस्थित थे।

## थाना क्षेत्र के विंध्यवासिनी वार्ड में जमकर हो रही अवैध शराब और गांजा की बिक्री

**धमतरी।** पुलिस की तमाम दावों के बाद भी शहर में धड़ल्ले से शराब और गांजा की अवैध बिक्री हो रही है जिसे रोक लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है वही शहर के विंध्यवासिनी वार्ड में अवैध शराब व गांजा की बिक्री से परेशान होकर पार्षद कमलेश सोनकर वार्डवासियों के साथ इसकी शिकायत करने कोतवाली थाना पहुंचे थे इसके साथ ही वार्डवासियों ने इस कारोबार से जुड़े लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस से की है वार्डवासियों ने बताया कि मोहल्ले में सुबह से देर रात तक खुलेआम शराब और गांजा की अवैध बिक्री होती है जिससे वार्ड में असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है इस वजह से महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

## ग्राम स्तर पर आयोजित किया जा रहा आजीविका मेला

■ स्वरोजगार के लिए दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**महासमुन्द।** शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक हितग्राहियों तक लाभ पहुचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के माध्यम से सभी विकासखंडों में क्रेडिट एवं आजीविका मेला का आयोजन 19 फरवरी से 05 मार्च 2020 तक अलग-अलग तिथियों में आयोजित किया जा रहा है। आजीविका मेले के लिए विकासखंड महासमुन्द में 20, बागबाहरा में 10, पिथौरा में 10, बसना 20 एवं सरायपाली में 20 कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। आजीविका मेले में स्व-सहायता समूह तथा गांव के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोडने का प्रयास किया जा रहा है जिससे उन्हें स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। क्रेडिट एवं आजीविका मेला में बैंक लिकेंज के नए प्रकरण तथा लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कर वितरित करने, समूह के खाता खोलने से संबंधित कार्य किया जा रहा है।

## होली में दुर्ग से पटना के लिए एक दिवसीय स्पेशल ट्रेन

**भाटापारा।** होली के त्यौहार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग पटना दुर्ग के बीच 08295/ 08296 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह गाड़ी 08295 दुर्ग से दिनांक 8 मार्च 2020 रविवार को शाम 4 बजकर 15 मिनट पर दुर्ग से रवाना होगी तथा शाम को 6 बजे भाटापारा रुकते हुए 09 मार्च सोमवार को 11:45 बजे पटना पहुंचेगी । होली स्पेशल ट्रैन का भाटापारा स्टापेज दिए जाने पर जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल डिवीजन के आला अधिकारीयो के प्रति कृतज्ञता जताते हुए आभार व्यक्त किया है। एक दिन के लिए 8 मार्च को चलने वाली 08295 दुर्ग पटना होली स्पेशल रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर,चाम्पा, रायगढ़, झारसुगड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, कोटशिला, बोकारो स्टील, राजबेरा, चंद्रा पूरा, गोमो, कोडरमा,गया,जेहानाबाद होते हुए 9 मार्च सोमवार को सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुँचेगी।वापसी में ट्रैन नम्बर 08296 बुधवार 11 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर पटना से रवाना होगी तथा 12 मार्च को प्रातः 8 बजकर 35 मिनट पर भाटापारा पहुँचेगी तथा 10 बजकर 30 मिनट को दुर्ग पहुँचकर समाप्त हो जायेगी।इस ट्रैन में

## सेवादल की पदयात्रा में शामिल हुए सुशील शर्मा

**भाटापारा।** अखिल भारतीय सेवादल के अध्यक्ष लाल जी देसाई के निर्देश पर प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के स्व राजीव गांधी के 75 वी वर्षगांठ पर रायपुर से दुगली गांव तक 75 किलोमीटर भारत जोड़ो तिरंगा मार्च पैदल यात्रा में प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा के साथ रमेश धृतलहरे जिला पंचायत सदस्य,डॉ के के नायक ब्लॉक अध्यक्ष, नारायण साहू, किसान नेता हेमंत उपाध्याय, हिम्मत शर्मा,दीपक साहू अभनपुर से मानिकचौरी, पिपरौद होते गोरबा-नयापारा तक लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पैदल चल कर सेवादल के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और जगह जगह आयोजित सभा को संबोधित कर भारत जोड़ो तिरंगा मार्च पदयात्रा के विषय मे विस्तार पूर्वक बताते हुये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख करते हुये नरवा,गरवा, घुरवा,अउ बाड़ी योजना को ग्रामीणों को स्वम की प्रगति और विकाश के लिये सहभागी बनने की अपील कर अपने ओजस्वी एवम सारगर्भित भाषण से सेवादल के कार्यकर्ताओं में जोश और उमंग भर दिया । सुशील शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम,प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन के निर्देश पर लगातार कांग्रेस को प्रदेश में मज़बूत करने की दिशा में यह यात्रा मिल का पत्थर साबित होगी,यह यात्रा आज देश मे हो रहे हिंसा,भेदभाव, एक दूसरे प्रति नफ़रत फैलाने वालों को बेनकाब करेगी।

## लूट का आरोपी खैरागढ़ से गिरफ्तार मोटरसाइकिल व मोबाइल जब्त

**भाटापारा।** घर छोड़ने मोटर साइकिल से घर जा रहे प्रार्थी के साथ मारपीट कर उसकी मोटर साइकिल लूटने,उसका मोबाईल और पैसा लेकर भागे एक आरोपी को खैरागढ़ से पकड़ने में शहर पुलिस को सफ़लता मिली है।पुलिस ने उसके पास से लूट का सामान जब्त कर आगे की कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश कुमार धुव ने बताया की प्रार्थी प्रवीण वैष्णव पिता पुरुषोत्तम वैष्णव उम्र 34 वर्ष ग्राम रोहरा थाना भाटापारा ग्रामीण का सुबह 10 : 30 बजे घर से निकल कर भाटापारा एयरटेल पेमेंट बैंक के फिल्ड मे निकला था दोपहर 2 : 30 बजे तक बाबुजी मोबाईल पाईट बस स्टैण्ड के पास अपना काम किया फिर वहा से सरखी रोड तरफ जा रहा था कि रास्ते मे करन भाट , आशिष बंजारे व उसके अन्य साथी मिल गये कुछ देर बातचीत करने के बाद कहीं बैठकर बात करते है कहकर आगे जाकर बैठ गये कि हेमंत यादव , करन भाट को फोन किया कहां हो मै आ रहा है कहा उसके बाद करीबन 15 - 20 मिनट में हेमंत यादव वहां पर पहूच गया ।

**अपील** — महासमुंद के महात्मा गांधी के वार्ड के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर को ज्ञापन सौंपकर की मांग

# गार्डन का अस्तित्व खतरे में, समस्या से उबरने करें अच्छी पहल

नवप्रदेश संवाददाता

**महासमुंद।** महात्मा गांधी वार्ड नंबर 15, में स्थित बालोद्यान के अंदर से नवीन मार्ग के निर्माण नहीं किए जाने की मांग करते हुए महात्मा गांधी वार्ड के नागरिक एवं सिद्ध संकटमोचन हनुमान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड के नागरिक एवं मंदिर समिति के लोगों ने कहा कि गार्डन के अंदर से सड़क निर्माण से न तो पुराना सिविल लाइन के मुख्य मार्ग में वाहनों का दबाव कम होगा और न ही शुक्रवार को वाहनों के कतार से आवागमन बाधित होने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। नागरिकों ने बताया कि पुराना सिविल लाइन स्थित मस्जिद से लगभग 80 फीट की दूरी पर पुराना सिविल लाइन के मुख्य मार्ग को रायपुर-बागबाहरा नेशनल हाईवे से जोड़ने वाला चौड़ा मार्ग बना हुआ है। इसी मार्ग में श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार भवन स्थित है। ऐसी स्थिति में मस्जिद के सामने से ही एक अन्य मार्ग के निर्माण का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। नागरिकों ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को आवागमन बाधित होने की समस्या का आसान समाधान बताते हुए कहा कि वाहनों की पार्किंग मस्जिद के सामने के मुख्य मार्ग पर न करके टॉउन हॉल के सामने पर्याप्त स्थान है। नागरिकों ने बताया कि नवीन मार्ग से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि अनेक नवीन समस्या उत्पन्न होंगी। गार्डन के अंदर से सड़क निर्माण किए जाने से गार्डन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगी, क्योंकि गार्डन का क्षेत्रफल अधिक नहीं है। इसके अतिरिक्त गार्डन के अंदर से सड़क के निर्माण किए जाने पर गार्डन का उपयोग पार्किंग स्थल के रूप में किया जाएगा। इससे जिस प्रयोजन की दृष्टि से बनाया गया है, अनुपयोगी के साथ ही उसका सौंदर्य भी नष्ट हो जाएंगे। नागरिकों ने बताया कि इस गार्डन में दूरस्थ वार्डों के बच्चे, युवा तथा वृद्धजन मनोरंजन के लिए प्रतिदिन सुबह शाल आतें हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व ही गार्डन का सौंदर्यीकरण भी किया गया है, तथा व्यायाम के लिए उपकरण लगाएं जाने से गार्डन के प्रति लोगों में आकर्षण भी बढ़ा है। नागरिकों ने बताया कि गार्डन के अंदर से मार्ग की उक्त मांग के कारण आसपास के लोगों में असंतोष व क्षोभ है तथा वे यह मान रहे हैं कि गार्डन के अस्तित्व को समाप्त कर मनोरंजन के साधन से उन्हें वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुराना सिविल लाइन एक रहवासी क्षेत्र है तथा पुलिस लाइन की अहाता से लगा हुआ है। ऐसे में नवीन मार्ग का निर्माण से निरंतर दुर्घटनाओं का होना अवश्यंभावी है। नागरिकों ने उक्त गार्डन को सुरक्षित, संरक्षित एवं यथावत रखने की मांग की है। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने तमाम लोगों को आस्वस्त किया कि कोई भी निर्णय लेने के सभी से चर्चा की जाएगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार दुबे, संजय शर्मा, मनोज लूनिया, जेन्मल जैन, सौरभ जैन, एम. पी. श्रीवास्तव, जसराज जैन, पवन कुमार पारख, संजय मालू, नीलम मालू, निरमल चोपड़ा, नेमीचंद जैन, गुमानचंद जैन, रतन चोपड़ा, सुशील अग्रवाल, अरूण श्रीवास्तव, राजेश कुमार तिवारी, संजय श्रीवास्तव, मनीष ठाकुर, रविकांत बजाज, सुधाकर, अनुपम तिवारी, जय चोपड़ा,. रिखीराम, सत्तु तिवारी, अमृत शर्मा, रमाकांत तिवारी, अनुप उपासे, चमन चंद्राकर, संतोष शुक्ला, भुपेन्द्र चंद्राकर, जितेन्द्र इदिकर, भरत ठाकुर, सुरेन्द्र स्वामी, प्रशांत श्रीवास्तव, संजय, चंद्रशेखर, कुलबंत सिंह, घनश्याम सोनी, विनोद शर्मा, किशोर चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, उदयपाल भदौरिया, मितेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# लगातार पांचवें दिन टूटे बाजार, निफ्टी चार माह के निचले स्तर पर

*कोरोना वायरस के डर से विदेशी बाजारों में रही गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार पाँचवें दिन गिरावट देखी गयी है।*

**मुंबई (वार्ता)।** चौतरफा बिकवाली के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 45.20 अंक यानी 0.39 फीसदी लुढ़ककर चार महीने के निचले स्तर 11,633.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 143.30 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,745.66 अंक पर आ गया जो साढ़े तीन सप्ताह का निचला स्तर है।

मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा रही। बीएसई का मिडकैप 0.65 प्रतिशत फिसलकर 15,072.19 अंक पर आ गया। स्मॉलकैप 0.83 फीसदी लुढ़ककर 14,209.48 अंक पर बंद हुआ। दोपहर से पहले सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गयी, लेकिन बाद में सनफार्मा, टाइटन,

एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली बढ़ने से दोनों प्रमुख सूचकांकों की गिरावट कम हुई।

चीन में कोरोना वायरस 'कोविड-19' के नये मामलों में कमी से वहाँ शेयर बाजार आज तेजी में रहा। चीन के वित्तीय मदद के आश्वासन के बाद हांगकांग में शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुये। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी, एचसीएल टक्नोलॉजीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर दो प्रतिशत से अधिक लुढ़के। वहीं, सनफार्मा ने साढ़े तीन फीसदी से अधिक का मुनाफा कमाया।

सेंसेक्स 58.84 अंक की बढ़त के साथ 39,947.80 अंक पर खुला। खुलते ही यह लाल निशान में चला गया और पूरे दिन उबर नहीं पाया। तेज बिकवाली के दबाव में एक समय यह 450 अंक से ज्यादा लुढ़कता हुआ 39,423.27 अंक तक उतर गया। अंत में गत दिवस के मुकाबले 0.36 फीसदी नीचे 39,745.66 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में कुल 2,589 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,578 के शेयर लाल निशान में और 849 के हरे निशान में रहे जबकि 162 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये।

निफ्टी 17.25 अंक टूटकर

**एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.31 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं, कोरोना के डर से हुई बिकवाली के दबाव में जापान का निक्की 2.13 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.05 फीसदी लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में लगभग सभी बड़े शेयर बाजार लाल निशान में रहे। जर्मनी का डैक्स 1.97 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.66 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बीएसई के समूहों में रियलिटी में सर्वाधिक 2.09 फीसदी की गिरावट रही।**

## ■ न्यूज गैलरी

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक के 2.50 लाख बैंकिंग केन्द्रों पर एईपीएस भुगतान शुरू

**नई दिल्ली (वार्ता)।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने देश भर में अपने 2.50 लाख से अधिक बैंकिंग केन्द्रों में आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) शुरू की है। बैंक ने गुरूवार को यहां जारी बयान में कहा कि एईपीएस के ज़रिये दूसरे बैंक के ग्राहक जिनके बैंक खाते आधार से जुड़े हैं वे भी एयरटेल पेमेंट्स बैंक के निश्चित बैंकिंग केन्द्रों पर वित्तीय हस्तांतरण कर सकते हैं और उसके ग्राहक भी किसी एईपीएस समर्थित बैंक पर वित्तीय हस्तांतरण कर सकते हैं। एईपीएस ग्राहकों को माइक्रो-एटीएम पर अपने आधार नंबर या वर्चुअल आईडी के ज़रिये अपने आधार से जुड़े बैंक खाते से वित्तीय हस्तांतरण करने की सुविधा प्रदान करता है। हस्तांतरण की पुष्टि तभी की जायेगी जब ग्राहक का आधार नंबर और ऊँगली का निशान रिकॉर्ड के मुताबिक होगा। एईपीएस के ज़रिये एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने खाताधारकों के साथ अन्य बैंकों के ग्राहकों को विभिन्न किस्म की सुविधाओं की पेशकश कर सकेगा।

### शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे मजबूत

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर में कमजोरी से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 71.60 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। फॉरेक्स डीलरों ने कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर पड़ने से रुपये की धारणा मजबूत हुई। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपया 71.65 प्रति डॉलर पर खुला। उसके बाद यह और मजबूत होकर 71.60 प्रति डॉलर तक पहुंचा। बुधवार को रुपया 71.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### राइट्स का ओएफएस खुला, शेयर पांच प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली।** सरकार की रेलवे के सार्वजनिक उपक्रम राइट्स में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) गुरुवार को खुला। ओएफएस के लिए न्यूनतम कीमत 298 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। यह बुधवार को शेयर के बंद मूल्य 318.05 रुपये से छह प्रतिशत कम है। सरकार कंपनी में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। इसके अलावा पांच प्रतिशत के अतिरिक्त अभिदान को रखने का भी विकल्प है। इस तरह निर्गम का कुल आकार 10 प्रतिशत बैठेगा। संस्थागत निवेशकों के लिए शेयर बिक्री बृहस्पतिवार को खुली। खुदरा खरीदार शुक्रवार को अपनी बोलियां लगा पाएंगे। फिलहाल राइट्स में सरकार की हिस्सेदारी 77.39 प्रतिशत है। इस शेयर बिक्री के बाद कंपनी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी की अनिवार्यता को पूरा कर पाएगी।

## सभी भारतीयों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए ब्रेवरेज कंपनियां मददगार

# इनोवेटिव, सेहतमंद एवं किफायती उत्पाद लाने की जरूरत: रिपोर्ट

*एक्सेस टू न्यूट्रिशन इनीशिएटिव (एटीएनआई) ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी फूड एवं ब्रेवरेज कंपनियां पोषण की समस्याओं से पीड़ित लोगों को सेहतमंद उत्पादों का सीमित विकल्प दे रही है जबकि सभी भारतीयों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए ज्यादा इनोवेटिव, सेहतमंद एवं किफायती उत्पाद पेश किये जाने की जरूरत है।*

**नई दिल्ली (वार्ता)।** वैश्विक स्तर पर न्यूट्रिशन को लेकर काम करने वाले इस गैर लाभकारी संगठन ने गुरूवार को यहां इंडिया एक्सेस टू न्यूट्रिशन स्पॉटलाईट इंडेक्स का दूसरा संस्करण जारी किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सबसे बड़ी फूड एवं ब्रेवरेज कंपनियां पोषण की समस्याओं से पीड़ित लोगों को सेहतमंद उत्पादों को सीमित विकल्प दे रही हैं। कंपनियां देश में कुपोषण के भार के प्रति ज्यादा समझ तथा प्रतिबद्धता तो प्रदर्शित कर रही हैं। उसने कहा कि इस मामले में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए ज्यादा इनोवेटिव, सेहतमंद एवं किफायती उत्पाद प्रस्तुत किए जाने की जरूरत है।

इसको जारी करते हुये एटीएनआई के कार्यकारी निदेशक इंगे कौर ने कहा कि उनका संगठन भारत के ईट राईट मूवमेंट में सहयोग करना चाहता है। भारत में जीवनशैली के परिवर्तनों ने उपभोक्ताओं की आदतों में बदलाव लाया है और वे पारंपरिक खाना लेने से लेकर शहरी खाद्य उत्पादों की आदतों की ओर अग्रसर हुए हैं, जिनमें पैकेज़्ड एवं प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ शामिल है, जिसमें काफी ज्यादा मात्रा में चीनी, वसा और नमक होते हैं। भारत दुनिया में फास्ट फूड उपयोग के 10 उपभोक्ताओं में से एक है। साथ ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है, इसलिए फूड एवं ब्रेवरेज कंपनियों के लिए पोषण को अपने बिज़नेस प्लान का मुख्य हिस्सा बनाने के अवसर हैं ताकि भारत में कुपोषण के भार से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत, सार्वजनिक एवं कमर्शियल कार्ययोजनाओं का मुख्य हिस्सा बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि 2016 में एटीएनआई ने पहला इंडिया स्पॉटलाईट इंडैक्स जारी किया था और अब यह दूसरा संस्करण है जिसमें देश की 16 प्रमुख कंपनियों को शामिल किया गया है। इसमें से नौ कंपनियां 2016 में भी शामिल थी। इसका मुख्य उद्देश्य अल्पपोषण, मोटापा एवं आहार संबंधी बीमारियों के निदान के लिए निजी क्षेत्र को सेहतमंद तथा किफायती आहार की ओर अग्रसर करना है।

उन्होंने कहा कि पहले संस्करण में शामिल नौ कंपनियों में कुछ प्रगति हुई है तथा उनका औसत स्कोर 2016 में 10 में से 3 से बढ़कर 2020 में 10 में से 4.2 हो गया। औसत इंडेक्स स्कोर 3.1 है, जो 2016 के संस्करण के समान है। हिंदुस्तान यूनिलिवर एवं नेस्ले इंडिया 10 में से 6.9 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ ने सर्वाधिक प्रगति की है और उसका कुल स्कोर 2016 में 1.6 से बढ़कर अब 4.9 हो गया है। उन्होंने कहा कि उद्योग के मौजूदा प्रयास भारत में न्यूट्रिशन की समस्याओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं। कुछ कंपनियां सभी संबंधित व्यवसायिक क्षेत्रों में अल्पन्यूट्रिशन, माईक्रोन्यूट्रिएंट की कमी एवं ओवरवेट तथा मोटापे जैसी चुनौतियों का समाधान करने के प्रमाण प्रस्तुत की हैं।

## इंडिया एक्सेस टू न्यूट्रिशन स्पॉट लाईट इंडेक्स 2020

# भारतीय फूड उद्योग में सेहत मंद उत्पादों का हिस्सा छोटा

**नई दिल्ली।** आज एक्सेस टू न्यूट्रिषन इनीषिएटिव (एटीएनआई) ने नई दिल्ली में इंडिया एक्सेस टू न्यूट्रिषन स्पॉट लाईट इंडैक्स का दूसरा संस्करण प्रस्तुत किया। महीनों तक गहन षोध के बाद मुख्य बात जो सामने आई, वो यह है कि भारत की सबसे बड़ी फूड एवं बेवरेज कंपनियां पोषण की समस्याओं से पीड़ित लोगों को सेहतमंद उत्पादों को सीमित विकल्प दे रही हैं। रिपोर्ट में पता चला है कि कंपनियां भारत में कुपोषण के दोहरे भार के प्रति ज्यादा समझ व प्रतिबद्धता प्रदर्षित कर रही हैं। हालांकि सभी भारतीयों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए ज्यादा इनोवेटिव, सेहतमंद एवं किफायती उत्पाद प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इंडेक्स के अन्य परिणामों के साथ यह जानकारी आज एक मल्टी-स्टेक होल्डर लॉन्च ईवेंट में दी गई, जिसमें आंकलन में शामिल कंपनियां, सरकारी प्रतिनिधि और भारत का विस्तृत न्यूट्रिषन समुदाय मौजूद था।

इस अवसर पर इंगेकौर, एक्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, एटीएनआई ने कहा, ''एटीएन आई भारत में फूड एवं बेवरेज कंपनियों द्वारा सेहतमंद फूड दिया जाना सुनिष्चित करता है और इस वार्ता में संलग्न होता है कि भारत के ईट राईट मूवमेंट में किस प्रकार सहयोग किया जाए। भारत में जीवन षैली के परिवर्तनों ने उपभोक्ताओं की आदतों में बदलाव लाया है और वो पारंपरिक फूड लिए जाने से लेकर शहरी फूड की आदतों की ओर अग्रसर हुए हैं, जिनमें पैकेज़्ड व प्रोसेस्डफूड षामिल है, जिसमें काफी ज्यादा मात्रा में शुगर, फैट एवं साल्ट होते हैं। भारत दुनिया में फास्ट फूड के सर्वोच्च 10 उपभोक्ताओं में से एक है। साथ ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है, इसलिए फूड एवं बेवरेज कंपनियों के लिए न्यूटिषन को अपने बिज़नेस प्लान का मुख्य हिस्सा बनाने के अनेक अवसर हैं, ताकि भारत में कुपोषण के दोहरे भार से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत, सार्वजनिक एवं कमर्षियल कार्य योजनाओं का मुख्य हिस्सा बनाया जा सके।

डॉ. राजन संकर, डायरेक्टर ऑफ न्यूट्रिषन, टाटा ट्रस्ट्स एवं सदस्य, एटीएन आई बोर्ड ने कहा, ''इंडिया स्पॉट लाईन इंडेक्स 2020 प्रदर्षित करता है कि लगभग एक तिहाई फूड एवं बेवरेज बाजार को कवर करने वाले 16 सबसे बड़े फूड एवं बेवरेज निर्माताओं में से ज्यादातर उत्पादों को फोर्टिफाई करने के प्रयास करते हैं।

## मुश्किल — इक्रा ने भारतीय विमानन क्षेत्र का परिदृश्य 'ऋणात्मक' बनाया

# कोरोना वायरस से बढ़ सकती हैं विमानन क्षेत्र की मुश्किलें

*स्वदेशी साख निर्धारक कंपनी इक्रा ने भारतीय विमानन क्षेत्र का परिदृश्य 'ऋणात्मक' बनाये रखा है तथा कहा है कि चीन तथा अन्य देशों में फैले कोरोना वायरस 'कोविड-19' के कारण इस सेक्टर की मुश्किलें और बढ़ेंगी।*

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कंपनी ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि यदि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द करनी पड़ती हैं तो अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भारतीय विमान सेवा कंपनियों को यात्रियों की संख्या में 19 से 24 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है। हालाँकि, विमान ईंधन सस्ता होने से कंपनियों के राजस्व नुकसान के एक हिस्से की भरपाई हो जायेगी, लेकिन यह पर्याप्त नहीं होगा। उसने घरेलू विमानन क्षेत्र का परिदृश्य 'ऋणात्मक' बनाये रखा है। इक्रा ने स्पष्ट किया है कि उसने कोरोना वायरस के कारण चीन के कुछ हिस्सों में गतिविधियाँ ठप होने के कारण घरेलू विमानन क्षेत्र के लिए 'ऋणात्मक' परिदृश्य जारी किया है। उसने कहा है कि कोरोना वायरस से प्रभावित देशों को जाने वाले मार्गों पर उड़ान रद्द करने से होने वाले सीधी नुकसान के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान के कारण भी विमानन क्षेत्र पर परोक्ष प्रभाव पड़ेगा। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत से चीन आने और यहाँ से चीन जाने वाले यात्रियों की संख्या देश के अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की कुल संख्या का मात्र एक प्रतिशत है, लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया के गंतव्यों को जाने और वहाँ से आने वाले यात्रियों की संख्या का अनुपात 20 प्रतिशत के आसपास है। 'कोविड-19' के कारण चीन के साथ ही अन्य देशों को जाने वाली उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। इन देशों में जापान, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड भी शामिल हैं। इक्रा के उपाध्यक्ष किंजल शाह ने कहा कि यह भारतीय विमानन उद्योग के लिए नकारात्मक संकेत हैं जो पहले से ही दबाव में है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसंबर तक देश के अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री परिवहन में 8.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने के बाद इसमें और गिरावट की आशंका है।

**भारत से चीन आने और यहाँ से चीन जाने वाले यात्रियों की संख्या देश के अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की कुल संख्या का मात्र एक प्रतिशत है, लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया के गंतव्यों को जाने और वहाँ से आने वाले यात्रियों की संख्या का अनुपात 20 प्रतिशत के आसपास है।**

# वर्क इंडिया में शाओमी ने किया 42 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली (वार्ता)।** ऑनलाइन नौकरी प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया में स्मार्टफोन और स्मार्ट टेलीविजन बनाने वाली कंपनी शाओमी ने 42 करोड़ रुपए का निवेश किया है। कंपनी ने गुरूवार को यहां जारी बयान में कहा कि इससे पहले भी उसको अन्य निवेशकों से कई राउंड की फंडिंग मिल चुकी है, जिसमें ग्लोबल इनवेस्टर बेनेक्सटी लिमिटेड और जापान का अग्रणी फंड अशुका इनवेस्टमेंट भी है।

पांच वर्ष से भी कम समय में कंपनी ने एक स्टार्टअप से लेकर प्रमुख ब्लू कॉलर रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म बनने का सफर तय किया है। देश के 763 शहरों में 1.5 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर हैं।

शाओमी इंडिया के निदेशक एवं शाओमी के वैश्विक उपाध्यक्ष मनु जैन ने कहा कि वर्कइंडिया द्वारा तैयार की गई टेक्नोलॉजी, जियो पोजिशनिंग और डायनामिक एल्गोरिद्म अब तक की देखी गई बेहतरीन टेक्नोलॉजी में से एक है। कंपनी ने बहुत की कम समय में भारतीय ब्लू कॉलर सेगमेंट में अपनी जगह बनाई है। यह देखना काफी उत्साही है कि वर्कइंडिया के पास भारत में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन का साथ है, जो लोगों को सभी सेगमेंट में अवसर प्रदान करने का काम कर रही है।

## आज का भविष्यफल

**मेष** : राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है।

**वृषभ** : आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए रिसर्च के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन** : किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

**कर्क** : चंद्रमा दशम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है।

**सिंह** : राशी का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा।

**कन्या** : रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा।

**तुला** : आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिक** : आपकी राशि से तृतीय शनि एवं पंचम चन्द्र योग अभी सात दिन और चलेगा। फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त, जड़ जमा रहे हैं।

**धनु** : आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

**मकर** : आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा।

**कुंभ:** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि क्योंकि मार्गी उदय चल रहा है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशता कारक है।

**मीन** : आज का दिन संतान की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

## सू-दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें ... वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.46 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -

**बाएं से दाएं**

[illegible]

**ऊपर से नीचे**

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 46 का हल

## न्यूज गैलरी

### दुर्ग-पटना के बीच होली एक्सप्रेस 8 मार्च से

**रायपुर।** होली के त्यौहार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग पटना दुर्ग के बीच 08295/ 08296 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है। यह गाड़ी 08295 दुर्ग से 8 मार्च 2020 रविवार को 16:00 बजे रवाना होगी एवं 09 मार्च सोमवार को 11:45 बजे पटना पहुंचेगी। यह गाड़ी रायपुर से 17:00 बजे बिलासपुर से 19:10 बजे पटना के लिए रवाना होगी। गाड़ी संख्या 08296 पटना- दुर्ग होली एक्सप्रेस पटना से बुधवार 11 मार्च 2020 को 12:45 बजे रवाना होकर अगले दिन 12 मार्च गुरुवार को 10:30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह गाड़ी रायपुर, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, बोकारो सिटी, गया होते हुए पटना पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 एसएलआर कोच, 2 सामान्य श्रेणी के कोच 14 स्लीपर कोच, 2 एसी थ्री कोच एवं 1 एसी टू कोच सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

### सीएम ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भारतीयों ने आज विज्ञान के क्षेत्र में कई आयाम स्थापित किये हैं। जिस पर पूरे देश को गर्व है। आज ही के दिन को भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव की घोषणा की थी जिसके लिए उन्हें नोबल पुरस्कार से नवाजा गया था। इसलिए 28 फरवरी को पूरे देश में विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विज्ञान दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी समाज में अंधविश्वास की जड़ें दिखाई पड़ती हैं। विकास के लिए नयी और परिष्कृत सोच बहुत जरूरी है। विज्ञान तथ्यों को क्या, क्यों और कैसे के मापदण्ड में परख कर निष्कर्ष आधारित सोच देता है। समाज को आगे बढ़ाने लोगों के जीवन स्तर में सुधार और तरक्की के लिए वैज्ञानिक सोच की बहुत आवश्कता है।

### पं. श्यामाचरण शुक्ल जयंती पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने श्री शुक्ल को याद करते हुए कहा कि श्यामाचरण जी सरल-सहज व्यक्तित्व के धनी होने के साथ एक कर्मठ राजनेता थे। लोगों के लिए सेवा भावना और मध्यभारत में किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

### सीएम ने दी डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति और स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी नेता डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को 28 फरवरी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है। श्री बघेल ने कहा कि राष्ट्रपति के पद पर रहते हुए उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुए कई मार्गदर्शी दृष्टांत छोड़े। बाबू राजेन्द्र प्रसाद ने गरीब और दीनदुखियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय आदर्श और परम्पराओं से युक्त राजेन्द्र बाबू का जीवन मूल्य सदा राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा।

# कानून व्यवस्था पर विपक्ष से ऐसे भिड़े अकबर, ताम्रध्वज रहे खामोश

- अजय चंद्राकर बोले सालभर में सरकार हांफने लगी है
- केंशव चंद्र ने कहा किसी पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा
- धर्मजीत बोले पैसा लेकर व मंत्री के फोन पर केस दर्ज हो रहा

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** शून्य काल में प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। भाजपा विधायक शिव रतन शर्मा ने मामले में स्थगन की मांग की। अजय चंद्राकर ने कहा 1 साल में सरकार हफरने लगी है। मंत्रियों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। कवर्धा और बस्तर में मॉब लीचिंग हुई। केशव चंद्र ने कहा, पूरे प्रदेश में अराजकता है, किसी पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है। धर्मजीत सिंह ने कहा कि चर्चा नहीं कराया तो हम बात कैसे करेंगे, मंत्रियों के फोन जाने के बाद धाराएं बढ़ा दी जाती हैं। धरमलाल कौशिक ने पंकज बेक का मामला उठाते हुए कहा कि पंकज बेक के मामले में आरोपी पुलिस वाले उनके घरवालो को धमका रहे हैं. मंत्री कद्दावर मंत्री को पत्र लिखने की बात कर रहा है तो अंदाज लगाइये की क्या स्थिति है। पुलिस पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि गंभीर विषय है कि 59 पुलिस वालों ने आत्महत्या की है. सरकार ने पुलिस का मनोबल तोड़ दिया है। एफआईआर समाप्त करने के लाखों रुपये ले रहे हैं। रिपोर्ट पर एफआईआर हो रही है। पुलिस राजनीतिक कार्रवाइयां कर रही है। जिसके बाद आसंदी ने विचार कर व्यवस्था की बात की तो विपक्षी भाजपा के सदस्यो ने हंगामा शुरू कर दिया।

मोहम्मद अकबर ने जवाब देते हुए कहा कि 2018 में 904 हत्याए हुई। गृह मंत्री के सदन में रहने के बाद भी अकबर द्वारा बात रखने पर भाजपा ने आपत्ति की। हंगामे के बीच 5 मिनट के लिए सदन स्थगित।

### सदन जब गरमाया, डीजीपी खामोशी से सुनते रहे

कानून व्यवस्था पर जब संयुक्त विपक्ष के साथ ही कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह के पुलिस के आचरण, रवैय्ये पर गरमागरम बहस हो रही थी। उस वक्त अधिकारी दीर्घा में पुलिस महानिदेशक दुर्गेश माधव अवस्थी मौजूद थे। हत्या, बलात्कार, अपहरण में पुलिस पर लेनदेने का आरोप, पुलिस पर एफआईआर लिखने, धारा बढ़ाने-घटाने के एवज में पैसा लेने जैसे गंभीर आरोप सदन में सदस्य जब लगा रहे थे। उस वक्त डीजीपी अवस्थी अपनी पुलिस पर सदन में सदस्यों के तीखे बाण झेलते खामोश बैठे रहे। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी मुखर होते पुलिस के व्यवहार पर गर्म सदस्यों के सामने किंकर्तव्यविमूढ़ से दिखे। बचाव में मंत्री अकबर जरुर पूर्ववर्ती सरकार के वक्त के अपराध के आंकड़े गिनाने खड़े हुए तब डीजीपी के चेहरे में मुस्कुराहट लौटी। लेकिन विपक्ष के हंगामे से वह हंसी चंद मिटन में ही काफूर हो गई।

# शराब बिक्री व खरीदी के मुद्दे पर गरमाया सदन

- शासकीय शराब दुकानों में अवैध शराब बिक्री के मामले में भाजपा का वॉकआउट
- बसपा विधायक केशव चंद्रा ने भी शराब खरीदी का मामला उठाया

**रायपुर।** बजट सत्र के चौथे दिन विधानसभा में गुरुवार को सरकार द्वारा संचालित शराब दुकानों में अवैध शराब बिक्री और खरीदी का मामला छाया रहा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने शासकीय शराब दुकानों में अवैध शराब की बिक्री पर जमकर हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन किया, वहीं एक अन्य प्रश्न में बसपा विधायक ने भी कंपनियों से खरीदी जाने वाली शराब के मामले में आबकारी मंत्री को घेरा।

प्रश्नकाल में आज भाजपा सदस्य सौरभ ने जांजगीर-चांपा जिले में अंग्रेजी और देशी शराब की बिक्री का मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि जिले के

शासकीय शराब दुकानों में बाहर से शराब लाकर अवैध रूप से बेची जा रही है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ने इस मामले में आबकारी मंत्री को निर्देशित किया कि वे उड़नदस्ता बनाकर इसकी जांच कराए। इस मामले में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पूरक प्रश्न करते हुए आरोप लगाया कि शासकीय शराब दुकानों में बाहर से शराब लाकर अवैध रूप से सिर्फ बेची नहीं जा रही है, बल्कि शराब दुकानों में अवैध शराब बिक्री के लिए अलग से गल्ला भी रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में शासकीय दुकानों में ऐसी स्थिति है। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में शराब दुकानों में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। श्री कौशिक ने आसंदी से मांग की कि सभी जिलों में इसकी जांच के लिए विधायकों की समिति गठित की जानी चाहिए जिसमें विपक्षी दल के विधायकों को भी शामिल किया जाना चाहिए। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने भी मांग की कि इसकी जांच विधानसभा की संदर्भ समिति से कराई जाए। इसके अलावा नारायण चंदेल, शिवरतन, सौरभ सिंह ने भी विधायक दल समिति से इस मामले की जांच की मांग की। इसके बाद भी जब आसंदी से कोई व्यवस्था नहीं दी गई तो सभी भाजपा सदस्यों ने मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया।

बसपा विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ने भी आज शासकीय शराब दुकानों में बेची जाने वाली शराब की खरीदी का मामला उठाया। उन्होंने आबकारी मंत्री से पूछा कि पिछले दो वर्षों में शराब की खरीदी के लिए कितनी कंपनियों ने पंजीयन कराया था और कितनी कंपनियों से शराब खरीदा गया।

### 2019 में प्रदेश में अवैध शराब बिक्री के 435 प्रकरण दर्ज, 4569 लीटर शराब जब्त-लखमा

**रायपुर।** वर्ष 2019 में प्रदेश में अवैध शराब बिक्री के 435 प्रकरण दर्ज किए गए है तथा 4569 लीटर शराब जब्त की गई है। यह जानकारी

आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने विधानसभा में भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा के लिखित प्रश्नों के उत्तर में दी है। श्री लखमा ने बताया कि 2018 में भी अवैध शराब बिक्री के 397 प्रकरण दर्ज कर 3500 लीटर शराब जब्त की गई थी। आबकारी मंत्री ने इसकी भी जानकारी दी है कि वर्ष 2018 में देशी-विदेशी शराब बिक्री की तुलना में वर्ष 2019 में कमी आई है। इसके मुख्य तीन कारण है। गत वर्ष 2019-20 में 50 शराब दुकानों को बंद करना, विदेशी शराब के प्रति उपभोक्ताओं की बढ़ती रूचि एवं अतिवृष्टि के कारण कतिपय देशी शराब दुकानों में पहुंच मार्ग असुविधाजनक होना।

# मीठा बोल कर अपना कद बढ़ाएं

- मंत्री डहरिया और भाजपा विधायकों के बीच गतिरोध हुआ खत्म

**रायपुर।** आज विधानसभा के प्रश्नकाल में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया और प्रतिपक्ष भाजपा के बीच उत्पन्न हुए गतिरोध को दूर करने में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उन्होंने अपने आप को सदन में सबसे बड़ा सियान बताते हुए सभी सदस्यों के बीच मंत्री शिव कुमार डहरिया को समझाया कि वह सदन में दो मीठे बोल बोलकर प्रतिपक्ष के साथ पुनः संवाद प्रारंभ करें ताकि सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से चले ।

प्रश्नकाल में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने दूसरे प्रश्न में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का नाम पुकारा । अपने स्थान पर खड़े होकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि वह आसन्दी और सदन की परंपराओं का सम्मान करते हैं किंतु वह अपनी पार्टी में सर्वसम्मति से हुए निर्णय के आधार पर मंत्री डॉ शिव कुमार

डहरिया से प्रश्न नहीं करेंगे । इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि विधानसभा की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाना चाहिए उन्होंने कहा कि विधानसभा में सदस्यों द्वारा सरकार से प्रश्न पूछा जाता है और इसके जवाब के लिए मंत्रियों को जिम्मेदारी दी जाती है अतः सदस्यों को मंत्रियों से जवाब लेना चाहिए । आसंदी की इस व्यवस्था पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि वे अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हैं और उन्हें आसंदी के हर निर्देश और व्यवस्था से सहमति है । श्री चंद्राकर में कहा कि लेकिन वे अपने दल के निर्णय से भी बंधे हुए हैं अतः आसंदी उन्हें जो भी सजा दे उन्हें मंजूर है लेकिन वह मंत्री से प्रश्न नहीं करेंगे। इस मामले में संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि लोकतंत्र में मर्यादा और सीमाएं है। उन्होंने कहा कि सदन को चलाना सत्ता और प्रतिपक्ष दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि जनता का विकास , प्रदेश का विकास आप भी चाहते हैं हम भी चाहते हैं । उन्होंने अजय चंद्राकर और अन्य विधायकों को कहा कि आप सभी सदन के वरिष्ठ सदस्य हैं हम सब को सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने में अपना सहयोग बनाए रखना चाहिए। चर्चा में हुई किसी बात को लेकर किसी भी तरह का मतभेद नहीं होना चाहिए ।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सदस्य व पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने इस मामले में छत्तीसगढ़ी भाषा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने आप को सदन में सबसे बड़ा सियान मानते हैं और इसी अधिकार के तहत मंत्री शिव कुमार डहरिया से आग्रह करते हैं कि वह मीठी बात बोल कर गतिरोध खत्म कर दें । उन्होंने तुलसीदास रचित दोहे का उदाहरण देते हुए कहा कि मीठे वचनों से सारी परेशानियां दूर हो जाती है । उन्होंने यह भी कहा कि वह श्री डहरिया को तब से जानते हैं जब वे हॉस्टल में पढ़ते थे।

**स्वालंबन** सुराजी गांव योजना का सपना होने लगा साकार

# घोघा गौठान की महिलाओं ने 58 क्विंटल वर्मी खाद बेच कर कमाया लाभ

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी से ग्रामीणों को अब लाभ मिलने लगा है। कबीरधाम जिले के आदर्श गौठान घोंघा विकासखण्ड बोड़ला में रविदास स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गौठान के गोबर से वर्मीकम्पोस्ट खाद बेचकर आर्थिक लाभ लिया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग को समूह ने 55 क्विंटल वर्मीकम्पोस्ट 10 रूपये प्रति किलो के दर से विक्रय किया है। समूह द्वारा निर्मित खाद की मांग शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी संस्थानों द्वारा भी की गई है। मुख्य रूप से जिले में काम करने वाले सामर्थ्य स्वसहायता समूह के द्वारा 1 टन वर्मी खाद की मांग रखी गई है। सुराजी गांव योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए बहुत से कार्य किये जा रहें है। गौठान में उपलब्ध गोबर से ग्रामीणो को

आमदनी के लिए बहुत से स्त्रोत मिल गये है जिसमें वर्मीकम्पोस्ट खाद प्रमुख रूप से शामिल है। रविदास महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमति विमला बाई ने बताया कि उद्यानिकी विभाग को 55 क्विंटल खाद बेच कर समूह को लगभग 55 हजार रूपये की आमदनी होगी। विगत कुछ समय पहले इसके अतिरिक्त 3 क्विंटल वर्मीकम्पोस्ट खाद को बाजार में विक्रय किया जा चुका है, जिससे 3000 रूपये का लाभ पूर्व में लिया जा चुका है। समूह की सचिव श्रीमति पुष्पा बाई ने बताया कि घोघा के गौठान में समूह द्वारा 10 क्विंटल खाद तैयार किया जा रहा है, जो आने वाले समय में विक्रय करने के लिए उपलब्ध होगा। समूह के सदस्य अपने गांव से ही इस काम को कर रहें है जिसमें बहुत अच्छा आमदनी मिल रहा है।

महिला समूह द्वारा प्रतिदिन गौठान में उपलब्ध गोबरों को एक जगह में रख कर वर्मी खाद तैयार किया जा रहा है।

इस खाद को केचूआ के द्वारा पूर्णतः जैविक बनाया जाता है जो सभी किस्म के फसलों एवं साग सब्जियों के लिए बहुत उपयोगी है, जिसमें किसी भी प्रकार का केमिकल का उपयोग नहीं होता है। समूह द्वारा बनाये जा रहें खाद की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है क्योंकि इसके फायदे लोगो को मिल रहे है। वर्मी खाद का उपयोग शासकीय उद्यान रोपणी एवं नर्सरी में हो रहा है। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं वन विभाग के द्वारा समूह से वर्मीकम्पोस्ट खाद बड़ी मात्रा मे ऋय किया जा रहा है जो 10 रूपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध हो रहा है। इस काम में लगे महिला समूह को बहुत अच्छा लाभ मिलने लगा है क्योंकि गौठान से ही सामग्री विक्रय की जा रही है। ज्ञात हो कि गांव में नया गौठान बनने के बाद इसे बहुत से आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ा गया है। गौठान के गोबरों से महिला समूह द्वारा वर्मीकम्पोस्ट खाद, गमले, दीये जैसे उपयोगी वस्तुओं को बनाकर बाजार में विक्रय करते हुए अच्छा लाभ कमा रहीं है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत स्वसहायता समूह का गठन किया गया है। समूह के महिलाओं को विभाग द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिससे कि इनका काम गुणवत्ता पूर्ण हो। यही कारण है कि समूह के बनाये खाद की अत्यधिक मांग है।

# जिले में बिना अनुमति के मोबाईल टॉवर लगाने का सदन में उठा मुद्दा

- मंत्री डहरिया ने कहा- हाईकोर्ट में तीन प्रकरण पर स्थगन होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पायी

**रायपुर।** विधानसभा में आज कोण्डागांव जिले में बिना अनुमति के मोबाईल टॉवर लगाने का मामला उठा। प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष के सदस्य संतराम नेताम ने यह मामला उठाया। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री से पूछा कि जिले में कुल कितने मोबाईल टॉवर लगाए गए है और इनमें कितने बिना अनुमति के लगाए गई तथा उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि कोण्डागांव जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल 27 मोबाईल टॉवर लगाए गए है। इनमें 03 टॉवर बिना अनुमति के स्थापित है। उक्त तीनों प्रकरण में उच्च न्यायालय में स्थगन होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि मोबाईल टॉवर से निकलने वाले रेडियेशन के नियंत्रण के लिए उपाय भारत सरकार दूरसंचार विभाग से किये जाते है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में मंत्री ने कहा कि रेडियेशन को लेकर कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले में कांग्रेस विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रश्न करते हुए कहा कि टॉवरों की रेडियेशन जांच के लिए भारत सरकार के अलावा राज्य सरकार को भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि क्या राज्य सरकार भी इसकी जांच के लिए कोई नोडल अधिकारी नियुक्त करेगी।